दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, रविवार, 15 फरवरी 2026 कृष्ण पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 09 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

बैल के हुंकार की आवाज, हर साल बढ़ता आकार, छोटे टीले से अब 72 फीट ऊंची हो गई भूतेश्वरनाथ की प्रतिमा

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के मरौदा गांव में घने जंगलों के बीच एक प्राकृतिक शिवलिंग है जो भूतेश्वर नाथ के नाम से प्रसिद्ध है। यह विश्व का सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग है। सबसे बड़ी आश्चर्य की बात यह है की यह शिवलिंग अपने आप बड़ा और मोटा होता जा रहा है। यह शिवलिंग 72 फीट ऊंचा और ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महाशिवरात्रि विशेष

- ■ **भूतेश्वरनाथ शिव मंदिर में होता है अनोखा चमत्कार**
- ■ **चमत्कारिक भूतेश्वरनाथ की हर साल बढ़ती जा रही लंबाई और मोटाई**
- ■ **महाशिवरात्रि पर विशेष : सुबह से उमड़ेंगा शिवभक्तों का रेला**

गिरीवन क्षेत्र में है भूतेश्वरनाथ

यह समस्त क्षेत्र गिरी (पर्वत) तथा वनों से आच्छादित हैं। इसे गिरीवन क्षेत्र कहा जाता था और कालांतर में गरियाबंद कहलाया है। यहां भूतेश्वरनाथ प्रांगण अत्यंत विशाल हैं जो भूतेश्वरनाथ धाम को भव्यता प्रदान करते है । वनों से आच्छादित सुरम्य स्थलि बरबस मन को मोह लेती हैं, समय-समय पर यहां भक्तजन रूद्राभिषेक कराते हैं कांवरियों को सावन में भूतेश्वरनाथ को जल चढ़ाने का बेसब्री से इंतजार रहता है।

महाराष्ट्र से आई माताजी ने बताया

बुजुर्गों का कहना है कि कोल्हापुर (महाराष्ट्र) से एक वृद्धा माताजी आई, इन्होंने ही सर्वप्रथम अंचल के लोगों को इस प्राकृतिक शिवलिंग के संबंध में जानकारी दी। मरौदा के इस प्राकृतिक अर्द्धनारीश्वर शिवलिंग को देखकर आश्चर्य चकित हो जाना पड़ता है, क्योंकि इस प्राकृतिक शिवलिंग में गंगा, चन्द्रामा, त्रिपुण्ड प्राकृतिक रूप में स्पष्ट दिखाई देते है। इसे श्री भूतेश्वरनाथ (भकुर्रा-बैल के हुंकारने की आवाज को भकुर्रा) महादेव कहते है।

पुलिस और प्रशासन की टीम मुस्तैद

ग्राम मरौदा के ग्रामीणजन महाशिवरात्रि के तैयारी में जुट गए हैं। महाशिवरात्रि पर यहां तीन दिनों तक मड़ई-मेला का आयोजन किया जाता है। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए एसडीएम सुश्री हितेश्वरी बांधे ने भुतेश्वरनाथ समिति की आवश्यक बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिये हैं। किसी तरह भगदड की स्थिति निर्मित नहीं होना चाहिए। एसपी वेदव्रत सिरमौर, एएसपी धीरेन्द्र कुमार पटेल व थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव ने पुख्ता तैयारी कर ली है।

आज बेबाक

संसद के बजट सत्र का पहला चरण हंगामे के साथ शुरू होकर हंगामे के साथ ही निपट गया। जिसमें एक दूसरे पर जमकर कीचड़ उछाले गए। गालीगलौज भी हुई। जब हंगामा खड़ा करना ही मकसद हो तो ये सब होना स्वाभाविक है। न तो राष्ट्रपति के अभिभाषण पर विस्तृत चर्चा हुई न ही बजट पर सार्थक बहस हुई। गनीमत है बजट पारित हो गया। पूरे सत्र के दौरान गजब तमाशा चलता रहा। काम कौड़ी का भी न हुआ और सत्र के नाम पर करोड़ों रुपये फूंक दिए गए। माननीयों का क्या, उनकी तो रोजीरोटी पक गई। जय हो जोकतंत्र की।

धमतरी और बालोद जिले में भीषण सड़क हादसा, सीएम साय ने जताया शोक

तेज रफ्तार ने छीनी 7 जिंदगियां

धमतरी में खड़ी ट्रक में घुसी कार, सीआरपीएफ के जवानों सहित चार की मौत

सीआरपीएफ जवान बस्तर में तैनात थे, घर लौट रहे थे, बालोद में 3 दोस्तों की गई जान

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से दिल दहला देने वाला सड़क हादसे का मामला सामने आया है। जहां 201 बीएन कोबरा बटालियन के तीन जवानों सहित चार की मौत हो गई। मृतकों में एक कार चालक भी शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार, सभी कार से छुट्टी के लिए कारणपुर से रायपुर के लिए सुबह 5 बजे निकले थे। जिनका लगभग 8:15 बजे खपरी ओवरब्रिज धमतरी के पास सिविल ट्रक से एक्सीडेंट हो गया। आपको बता दें कि, जगदलपुर की ओर से आ रही एक कार अनियंत्रित होकर सामने चल रहे ट्रक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री साय ने जताया शोक

सीएम विष्णु देव साय ने धमतरी में हुए सड़क हादसे में कोबरा बटालियन के वीर जवानों के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रसेवा में समर्पित हमारे जांबाज जवानों का निधन अत्यंत हृदयविदारक है और यह क्षति अपूरणीय है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने में कोबरा बटालियन के जवानों की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।

मृतक जवानों में ये शामिल

1. मुकेश कुमार हेड कांस्टेबल, रांची झारखण्ड
2. उमेन्द्र सिंह एसआई, झुनझुनू राजस्थान
3. राजकुमार गौड़, कांस्टेबल, बलिया उत्तरप्रदेश
4. हिरा लाल नागर, ड्राइवर, रीवा मध्यप्रदेश

बालोद में खड़ी ट्रक से जा टकराई बाइक, मौके पर तीन युवकों की मौत

बालोद जिले में एक बड़ा दर्द नाक सड़क हादसा हो गया। दल्लीराजहरा-बालोद मुख्य मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत हो गई। घटना जमही टोल प्लाजा के पास हुई, जहां सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक के पीछे बाइक सवार युवक जा टकराए।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान विनोद हल्बा, प्रशांत हल्बा और हरीश हल्बा के रूप में हुई है। तीनों मृतक ग्राम गुजरा निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार तीनों युवक गुजरा गांव के निवासी थे और बाइक से कुसुमकसा से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान जमही के पास खड़ी अज्ञात ट्रक के पीछे उनकी बाइक जा भिड़ी।

मोदी वायुसेना के एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे

गुवाहाटी(ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गुवाहाटी में कहा- कांग्रेस ने देश को खतरे में डालकर रखा था। कांग्रेस ने जब भी सेना के लिए हथियार खरीदे, उसका मतलब हजारों करोड़ का घोटाला था।

उन्होंने कहा- आज की कांग्रेस ऐसे लोगों और विचारों का साथ दे रही है जो देश के खिलाफ सोचते हैं। जो लोग देश को तोड़ने की बात करते हैं या ऐसे नारे लगाते हैं, वे कांग्रेस के लिए सम्मानित बन गए हैं। पीएम पहले चाबुआ एयरफील्ड पहुंचे थे। इसके बाद वे वायुसेना के सी-130 एयरक्राफ्ट से डिब्रूगढ़ पहुंचे। प्लेन ने यहां मोरन बाईपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी पर लैंडिंग की। मोदी ऐसा करने वाले पहले प्रधानमंत्री बने।

- ■ **ऐसा करने वाले पहले प्रधानमंत्री, बोले- देश का बुरा सोचने वाले को कांग्रेस कंधे पर बैठाती है**
- ■ **मोरन बाईपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी पर उतरा प्रधानमंत्री का विमान**

मोरन बाइपास चाइना बॉर्डर से लगभग 300 किमी दूर

पीएम मोदी का प्लेन आज सुबह करीब 10 बजे मोरन बाइपास पर बनी ईएलएफ पर उतरा। यह एयरस्ट्रिप सैन्य रणनीति के लिए अहम है। यह इलाका चाइना बॉर्डर से लगभग 300 किमी दूर ही है। मोरन हाईवे पर पीएम की मौजूदगी में राफेल, सुखोई समेत 16 लड़ाकू विमान एरियल शो किया। इस दौरान विमान हाईवे से ही ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्यूज गैलरी

रायपुर में इंडिगो की रफ लैंडिंग, टला हादसा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर शनिवार (14 फरवरी) को एक बड़ा हादसा होने से टल गया। भोपाल से रायपुर आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6E 7302 दोपहर 2.40 में लैंड हुई, इस दौरान फ्लाइट रनवे पर टच होते ही उछल गई। हालांकि पायलट ने सूझबूझ और अनुभव से विमान की सुरक्षित और रफ लैंडिंग कराई। इस दौरान लैंडिंग में 38 मिनट का ज्यादा समय लगा। 2.40 बजे लैंड होने वाली फ्लाइट 3:18 बजे लैंड हुई। 2 झटके लगने के बाद फ्लाइट में बैठे यात्रियों के बीच कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई थी। इस घटना के बाद भोपाल जाने वाली एक अन्य फ्लाइट ने देरी से उड़ान भरी।

सीजीएमएससी के एसडीओ की कार में मिली लाश, बालोद जिले के निवासी थे

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के एसडीओ की लाश कार में संदिग्ध हालत में मिली है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मौत के कारणों का पता नहीं चला है। मामला बोधघाट थाना क्षेत्र का है।

एसडीओ शोभाराम देवहारी (43) बालोद जिले के रहने वाले थे। पिछले कुछ समय से ये जगदलपुर के कुशवाहा भवन

माड़िया चौक के पास रह रहे थे। शनिवार 14 फरवरी की सुबह अपने घर से करीब डेढ़ से दो किमी दूर इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम के नजदीक कार में इनकी लाश मिली है। सुबह मॉर्निंग वॉक पर इलाके के लोग निकले ■ शेष पृष्ठ 8 पर

साध्वी बाईसा की हार्ट अटैक से हुई थी मौत

जोधपुर(ए.)। कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा की मौत हार्ट अटैक से हुई थी। जोधपुर पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने यह खुलासा शनिवार शाम किया है। कमिश्नर ने बताया- मेडिकल बोर्ड की विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार साध्वी की मौत का मुख्य कारण फेफड़ों की गंभीर बीमारी के चलते आया हार्ट अटैक था। जांच में यह भी सामने आया है कि इलाज के दौरान कंपाउंडर देवी सिंह की ओर से नियमों की अनदेखी की गई।

चुनी हुई सरकार को काम नहीं करने दे रहा हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट नाराज, चेतावनी भी दी

नई दिल्ली/ए.। हिमाचल प्रदेश में स्थानीय निकायों के चुनावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने राज्य सरकार को राहत देते हुए चुनावों के लिए समय सीमा को एक महीने के लिए बढ़ा दिया है। अब यह चुनाव 31 मई, 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। इसके ■ शेष पृष्ठ 8 पर

क्या कहा कोर्ट ने?

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की, लेकिन उसने हाईकोर्ट के उस फैसले का समर्थन किया जिसमें उसने सीमांकन प्रक्रिया का हवाला देकर चुनावों को टालने के हिमाचल सरकार के अनुरोध को खारिज कर दिया था। पीठ ने स्पष्ट करते हुए कहा,

''सीमांकन अभ्यास का लंबित होना चुनावों को स्थगित करने का आधार नहीं हो सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि संवैधानिक रूप से शहरी स्थानीय निकायों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के लिए समय पर चुनाव कराना अनिवार्य है।

कोर्ट जा रहे वकील को गोली मारी, मध्य प्रदेश में दिनदहाड़े मर्डर

भोपाल/ए.। मध्य प्रदेश में कोर्ट जा रहे एक वकील की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घात लगाकर बैठे हमलावरों ने इस घटना को अंजाम दिया। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने जमीनी विवाद के चलते चार लोगों पर हत्या करने का शक जताया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के करैरा थाना क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई।

गरमा-गरम

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ चुनाव : विजेता अधिवक्ताओं जीत का मनाया जश्न, कोर्ट में दिनभर रही गहमा-गहमी

रजनीश बघेल बने अध्यक्ष, अनिल को सचिव की जिम्मेदारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ चुनाव 2026-28 के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए गए है। यह चुनाव पिछले कई महीनों से विवादों में था और अंततः हाईकोर्ट के निर्देश पर संपन्न कराया गया। घोषित परिणामों में अधिवक्ता रजनीश सिंह बघेल को नया अध्यक्ष चुना गया है।

जारी किए गए अंतिम परिणामों में सभी पदों पर विजेताओं की सूची भी सामने आ गई। जीत के बाद विजेता ने जश्न मनाया। महत्वपूर्ण सचिव पद पर अनिल त्रिपाठी ने जीत दर्ज की। सह सचिव पदों पर विजय कुमार साहू और सह सचिव (महिला) पर आस्था शुक्ला चयनित हुईं।

अध्यक्ष पद पर रजनीश सिंह बघेल की जीत

अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता रजनीश सिंह बघेल ने प्रभावी बढ़त बनाते हुए विजय हासिल की। वहीं उपाध्यक्ष (वरिष्ठ) पद पर गौतम खेत्रपाल विजयी रहे, जबकि उपाध्यक्ष (महिला) पद पर माण्डवी भारद्वाज को जीत मिली। दोनों ही उम्मीदवारों ने अपने-अपने वर्ग से सशक्त समर्थन हासिल किया। इन सभी का चयन आगामी दो वर्षों के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के साथ किया गया है।

कोषाध्यक्षः कोषाध्यक्ष पद की कमान हर आशा पूरन सिंह भाटिया को मिली। भारी मतों से उनकी जीत चर्चा का विषय रही।

क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव

क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव (वरिष्ठ) पद पर अमन पाण्डेय तथा महिला वर्ग में प्रज्ञा पाण्डेय को विजय प्राप्त हुई।

ग्रंथालय सचिव

ग्रंथालय सचिव पद पर राहुल कुमार मिश्रा का चयन किया गया।

कार्यकारिणी में शामिल हुए सात सदस्य

1. अभिषेक पाण्डेय
2. त्रिवेणी शंकर साहू
3. आशुतोष मिश्रा
4. शरद मिश्रा
5. उज्जवल चौबे
6. लक्ष्मीन कश्यप
7. दीप्ति तिवारी

नोएडा में वैलेंटाइन-डे पर खौफनाक वारदात, कार में मिला कपल का शव

■ लड़की को मारी गोली फिर खुद को उड़ाया

नोएडा /ए.। नोएडा के सेक्टर 39 छात्रा क्षेत्र से खौफनाक घटना सामने आई है। वैलेंटाइन डे पर यहां एक कार से एक लड़का और लड़की के शव बरामद हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार का शीशा तोड़कर दोनों शवों को बाहर निकाला।

पुलिस को कार से एक पिस्टल भी बरामद हुई । अब तक सामने आई जानकारी के मुताबिक मामला हत्या और आत्महत्या का है। पहले लड़के ने लड़की को गोली मारी और फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। कार के अंदर से दो खोखे और पिस्टल मिले हैं। स्थानीय लोगों मे पुलिस को मामले की सूचना दी थी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार का शीशा तोड़कर दोनों शवों को बाहर निकाला। मृतकों की पहचान त्रिलोकपुरी के सुमित और सलारपुर की रेखा देवी के रूप में हुई है।

15 साल से थे रिश्ते में: रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है जिसमें उसने लिखा है कि वह और महिला पिछले 15 सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और महिला ने उससे शादी करने का वादा किया था।

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

कल्याणकारी योजनाओं से

संवर रहा श्रमिकों का जीवन

विगत दो वर्षों में-

- **11.40 लाख** श्रमिकों का पंजीयन
- श्रमिकों के हित से जुड़े **17 नए** प्रशासनिक सुधार
- 29 पुराने श्रम कानून के स्थान पर **4 नई श्रम संहिताएं** लागू
- **71 श्रम** कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से 29 लाख 55 हजार से अधिक श्रमिकों को **₹804.77** की राशि का आबंटन

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

संवाद - 46810

QR स्कैन करें

सुशासन से समृद्धि की ओर

Visit us : ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

पंच-सरपंच, पार्षद पति नहीं चलेगा, प्रॉक्सी प्रतिनिधि की नियुक्ति पर रोक का आदेश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार-नातेदार अब उनके प्रॉक्सी प्रतिनिधि या लायजन पर्सन के रूप में काम नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इनकी नियुक्ति पर रोक का आदेश जारी किया है। यही नहीं, निकायों से यह ब्योरा भी मांगा गया है कि किस महिला प्रतिनिधि के रिश्तेदार यह काम कर रहे हैं।

अब बताओ कितने रिश्तेदार हैं प्रतिनिधि

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों को एक प्रोफार्मा भेजकर रिश्तेदारी में बने प्रतिनिधियों का ब्योरा कुछ बिंदुओं के आधार पर मांगा है। जिले और निकाय के नाम के साथ सासंद और विधायक

द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि का नाम, यह भी बताना होगा कि नगर निगम, पालिक व नगर पंचायत के महापौर, सभापति, अध्यक्ष या पार्षद के पारिवारिक सदस्य रिश्तेदार हैं या नहीं। यदि रिश्तेदार हैं को किस महिला प्रतिनिधि के रिश्तेदार है, उनका नाम और पदनाम भी बताना होगा।

अब जारी हुआ ये आदेश: इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के रिश्तेदारों की प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त पर रोक लगाने का आदेश दिया है। यह आदेश राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भेजा गया है।

ये है मामला: राज्य शासन ने यह आदेश दरअसल इसलिए जारी किया है क्योंकि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प्रदेश के नगरीय निकायों में सांसद, विधायकों द्वारा निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार-नातेदार को प्रॉक्सी प्रतिनिधि या लाजयन पर्सन नियुक्त किए जाने पर भारतीय संविधान का उल्लंघन माना है। यही नहीं आयोग ने इस तरह के मामलों में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई का उल्लेख भी किया है। नगरपालिक अधिनियम में यह प्रावधान है कि सांसद-विधायकों द्वारा नगरीय निकायों में अपने प्रतिनिधि नियुक्त किए जाते हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का कहना है उनके संज्ञान में यह लाया गया है कि कतिपय निकायों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार-नातेदार को प्रॉक्सी प्रतिनिधि, लायजन पर्सन के रूप में नियुक्त किया जा रहा है।

16 साल पहले जारी हुआ था यह आदेश

2010 में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में एक आदेश जारी किया था। इस आदेश के निर्वाचित महिला पदाधिकारियों के कामकाज के संचालन के दौरान उनके सगे संबंधियों के हस्तक्षेप को प्रतिबंधित किया गया था। कहा गया था कि निकायों के कामकाज, बैठक आदि में महिला पदाधिकारी के कोई संबंधी रिश्तेदार भाग नहीं लेंगे और न ही हस्तक्षेप दखलंदाजी करेंगे। और न ही किसी विषय पर किसी भी पदाधिकारी, कर्मियों को महिला पदाधिकारी की ओर से निर्णय लेकर सूचित करेंगे। इस तरह के मामलों में कार्रवाई के लिए कहा गया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बार मानवाधिकार आयोग ने इसे संविधान के खिलाफबताते हुए कार्रवाई के लिए भी कहा है।

कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो में छत्तीसगढ़ के व्यापारिक संगठनों की भागीदारी

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेंद्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, महामंत्री श्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री राम मंधान, श्री वासु मखीजा, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी, श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि राजधानी रायपुर में 20 से 24 फरवरी 2026 तक आयोजित होने जा रहे नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 को लेकर व्यापारिक जगत में उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य आयोजन को अब छत्तीसगढ़ के विभिन्न प्रतिष्ठित व्यापारिक संगठनों का व्यापक और सशक्त समर्थन प्राप्त हो रहा है।

नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज जशपुर प्रवास के दौरान दुलदुला विकास खंड के ग्राम सिरीमकेला स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के पावन प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित हुए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देवाधिदेव महादेव से समस्त छत्तीसगढ़वासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की मंगलकामना की। महाशिवरात्रि के पावन पर्व के एक दिन पूर्व आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन को उन्होंने श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बताया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्राम सिरीमकेला में सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि इससे स्थानीय नागरिकों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए सुदृढ़ आधार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कल हम सब महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाएंगे और इस अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि सिरीमकेला में भक्तों और अपने परिवारजनों के बीच आकर उन्हें आध्यात्मिक शांति और आनंद की अनुभूति हो रही है। भक्ति और श्रद्धा के इस अनूठे आयोजन में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सनातन परंपरा को पुनर्स्थापित करते हुए अयोध्या धाम दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से हजारों श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्राएँ करा रही है। श्रवण कुमार के पदचिन्हों पर चलने का प्रयास करते हुए अब तक प्रदेश के 42 हजार से अधिक तीर्थ यात्रियों को श्रीरामलला के दर्शन कराए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या धाम में श्री रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है और हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर आज ध्वज लहरा रहा है। प्रत्येक राम भक्त की आस्था 500 वर्षों तक प्रज्वलित रही – यह एक ऐसा यज्ञ था जिसकी लौ कभी नहीं डगमगाई। हम सब निमित्त मात्र हैं, जो अपने भांचा राम के दर्शन उनके भव्य मंदिर में कर रहे हैं और श्रद्धालुओं को करा पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नीलकंठेश्वर महादेव का दर्शन पाकर वे स्वयं को अत्यंत सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं।

दशहरा पर्व के दिन नीलकंठ के दर्शन को अत्यंत शुभ माना जाता है और आज प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत यहाँ निरंतर दर्शन लाभ मिलना हम सबके लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि जशपुर में मधेश्वर महादेव स्थित हैं, जिसे लोक मान्यता के अनुसार एशिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग कहा जाता है। सनातन परंपरा में भक्ति का विशेष महत्व है और राज्य सरकार भक्तों का सम्मान करती है। सावन माह में भोरमदेव मंदिर में कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर हर वर्ष आस्था प्रकट की जाती है।

सड़कों व पुलों से बदल रही तस्वीर दूरस्थ गांव मुख्यधारा से जुड़ रहे

बढ़ी विकास की रफ्तार, दूरवर्ती क्षेत्रों में पहुंच रही विकास की रोशनी

रायपुर/नवप्रदेश। सड़कों और पुलों के निर्माण के बाद विकास व समृद्धि के रास्ते अब साफ नजर आने लगे हैं। सरकार ने अंदरूनी और दूरस्थ इलाकों को मुख्य मार्गों से जोड़ने को प्राथमिकता देते हुए बड़े पैमाने पर सड़क और पुल-पुलियों के निर्माण को मंजूरी दी है। इससे जिन इलाकों में पहले आवागमन कठिन था, वहां अब सालभर संपर्क बना हुआ है। लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी आसान हुई है और विकास कार्यों को नई गति मिली है। पिछले दो वर्षों में कांकेर जिले में 61 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से 15 पुलों के काम पूर्ण किए गए हैं। इन पुलों के बनने से जिले के लगभग 100 गांवों और करीब 80 हजार आबादी का सीधा और बारहमासी संपर्क ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय से हो गया है। अब ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और पर्यटन जैसी सुविधाओं तक पहुंचने में पहले जैसी परेशानी नहीं होती। सरकारी योजनाएं भी तेजी से गांवों तक पहुंच रही हैं।

आतुरबेड़ा-भैसगांव-निन्ना मार्ग पर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में मेंढ़की नदी पर बना उच्च स्तरीय पुल इस बदलाव का बड़ा उदाहरण है। इस पुल के कारण सुदूरांचल के लोगों का आवागमन सुगम हुआ है और प्रशासनिक गतिविधियों को भी मजबूती मिली है। सड़क और पुल नेटवर्क के विस्तार से न सिर्फ विकास कार्य तेज हुए हैं, बल्कि माओवाद प्रभावित रहे इलाकों में शासन की पकड़ भी मजबूत हुई है। सड़कों और पुलों के नेटवर्क लगातार मजबूत किए जा रहे हैं। कांकेर जिले के कोने-कोने को राज्य मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग, ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय से जोड़ने पिछले दो वर्षों में 85 करोड़ रुपये की लागत से 9 नए वृहद पुलों को स्वीकृति दी गई है। लोक निर्माण विभाग के सेतु निर्माण संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री राजेंद्र सोनकर ने बताया कि बासनवाहीड्ढटांहकापार मार्ग पर महानदी पर 28 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत पुल हजारों ग्रामीणों की सुविधा और पर्यटन विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा।

नेहरू कॉलेज के विद्यार्थियों ने लहराया परचम 11 छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय मेरिट सूची में शामिल

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। वर्ष 2025 की विश्वविद्यालय परीक्षाओं के घोषित परिणामों में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के कुल 11 विद्यार्थियों ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय, जिले एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

विभिन्न विभागों का उत्कृष्ट प्रदर्शन-रसायन शास्त्र विभाग की छात्रा आदिति विजय चावके ने एम.एससी. केमिस्ट्री में छटवी रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि को विभाग की निरंतर शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण माना जा रहा है। अर्थशास्त्र विभाग से योगेश कुमार लाउत्रे ने एम.ए. अर्थशास्त्र में दसवीं रैंक अर्जित कर मेरिट सूची में स्थान बनाया। वहीं हिंदी विभाग की छात्रा चांदनी कंवर ने एम.ए. हिंदी साहित्य में दसवीं वीं रैंक प्राप्त कर विभाग को गौरवान्वित किया।

वनस्पति शास्त्र विभाग बना 'गौरव'

इस वर्ष वनस्पति शास्त्र विभाग ने सर्वाधिक सफलता अर्जित की। विभाग के पाँच विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जिसमें कु. भीमा ने तीसरी रैंक, कु. उमा ने चौथी, कु. रामेश्वरी एवं कु. तामेश्वरी साहू ने छटवीं तथा कु. मधु ने दसवीं रैंक प्राप्त की।

भौतिकी विभाग का शानदार प्रदर्शन

भौतिकी विभाग ने इस वर्ष विशेष उपलब्धि दर्ज की। विभाग की छात्रा अंकिता जांभुलकर ने एम.एससी. भौतिकी में तीसरी रैंक प्राप्त कर उच्च स्थान हासिल किया, जबकि नेहा देवांगन ने पांचवी रैंक अर्जित की। दोनों छात्राओं की सफलता को विभाग के निरंतर मार्गदर्शन एवं मेहनत का परिणाम बताया जा रहा है। इसकी प्रकार भूगोल विभाग की छात्रा माधुरी ने एम.ए. भूगोल में दसवी रैंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया। उनकी सफलता से विभाग में गर्व का माहौल है। **महाविद्यालय प्रशासन ने दी बधाई-** महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन सहित समस्त सदस्यों एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.वी. रेवती ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और संकल्प का परिणाम है।

न्यूज गैलरी

कर्मचारी की नियुक्ति होने के बाद भी शुरू नहीं किया जा रहा हमर क्लीनिक

कुरूद / नवप्रदेश। नगर पंचायत कुरुद के वार्ड नंबर 15 अटल आवास में बनाया गया हमार क्लीनिक? का उद्देश्य लोगों को वार्ड में ही स्वास्थ्य सुविधाएं देना था। ताकि लोगों को दूर नहीं जाना पड़े वार्ड में ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। लगभग तीन वर्ष बीत चुके हैं इस स्वास्बथ्य केंद्र को बने नें हुए हमर क्लिनिक को क्लीनिक अब जर्जर होने की स्थिति पर आ गई जानकारी लेने पर पता चला कि शासन ने हमर क्लीनिक कुरूद में कर्मचारियों की नियुक्ति भी कर दी है फिर भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा क्लिनिक को चालू नहीं किया जा रहा है वार्ड वासी संतोष प्रजापति ने कहा कि इसे जल्द से जल्द चालू किया जाए ताकि वार्ड वासियों एवं आस पास के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन फार्म-7 के दुरुपयोग का मामला

छुरा /नवप्रदेश। छ. ग़.प्रदेश में SIR प्रक्रिया में फॉर्म 7 के संभावित दुरुपयोग की निगरानी एवं रोकथाम बाबत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छुरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा फॉर्म 7 के दुरुपयोग संबंध में जानकारी ली गई,जिसमें पाया गया कि पात्र मतदाता को विलोपित करने विपक्षी दल के अलग अलग व्यक्तियों द्वारा दी गई है,जो खासकर विशेष समुदाय को लक्ष्य बनाया गया है,जिनके नाम विलोपित करने दिया गया है,वे सभी पात्र मतदाता है,वर्तमान में छुरा नगर में ही निवासरत है,और ये सभी नाम जुड़वाने स्थ्क्र फॉर्म भर चुके है,इस संबंध में छुरा तहसीलदार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन सौंपकर स्थ्क्र प्रक्रिया में फॉर्म 7 के दुरुपयोग करने वाले पर सख्त कार्यवाही की मांग की है,यह लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं आम मतदाताओं के अधिकार पर सीधा प्रहार है, मतदाताओं को मतदान के अधिकार से वंचित किए जाने के षडयंत्र का प्रयास किया जा रहा है,ज्ञापन संबंध में तहसीलदार ने जानकारी दी कि जो भी फॉर्म 7 भरे है (नाम विलोपित करने)उस मतदाता की वास्तविक जानकारी लेने के बाद ही कारवाही की जावेगी।ज्ञापन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि यशपेंद्र शाह,नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान,रंजीत ठाकुर, पार्षद हरीश यादव,सलीम मेमन,पंचराम टंडन, देवसिंह नेताम,शांतनु देवांगन,युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश दीक्षित आदि द्वारा दिया गया एवं कार्यवाही की मांग की गई।

ललिमा सेन को दी गई भावभीनी विदाई

नगरी/नवप्रदेश। नगरी नगर के लिए गर्व की बात है कि यहां की प्रतिभाशाली बेटी ललिमा सेन का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में एसएसजीडी पद पर हुआ है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे नगर एवं क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है।शुक्रवार को प्रशिक्षण के लिए रवाना होने से पूर्व परिवारजनों, मोहल्लेवासियों एवं शुभचिंतकों द्वारा उन्हें गुलाल तिलक कर भावभीनी विदाई दी गई। ललिमा सेन, पिता हृदय लाल सेन एवं माता पुनम सेन की सुपुत्री हैं। इस अवसर पर बड़ी बहन राजेश्वरी सेन, छोटी बहन सालनी सेन, छोटे भाई नर्मीकांत सेन (लकी) सहित परिजनों ने गर्व एवं खुशी के साथ उन्हें शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में मामा रजनीश सेन एवं भईया शेषनारायण सेन सहित समस्त परिवार एवं मित्रगण उपस्थित रहे और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। समाज प्रमुखों एवं क्षेत्रवासियों ने कहा कि ललिमा सेन की यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके परिश्रम, लगन व समर्पण का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि पर समाजजनों एवं नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए परिवार को बधाई दी।

दुगली के आवासपारा आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया वजन त्यौहार

नगरी/नवप्रदेश। दुगली के आवासपारा आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्यौहार का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य कलावती मरकाम एवं वरूण देव नेताम विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों का वजन लेकर स्वयं निरीक्षण किया तथा माताओं को बच्चों के बेहतर पोषण के लिए हरी सब्जियां, फल, दूध एवं घर पर बने पौष्टिक भोजन को प्राथमिकता देने की सलाह दी।

जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं रिव्यु समिति की बैठक, कलेक्टर ने की बैंकिंग योजनाओं की समीक्षा

जरूरतमंद लोगों को आसानी से मिले ऋण, किसानों का रखें पूरा ख्याल

महासमुंद। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय रिव्यु समिति की संयुक्त बैठक गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित हुआ। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित विभिन्न बैंकिंग, वित्तीय एवं स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, आरबीआई के प्रतिनिधि दीपेश तिवारी, नाबार्ड के प्रबंधक प्रियव्रत साहू, जिला अग्रणी बैंक मैनेजर अभय पारे एवं जिले के अन्य बैंकों के प्रतिनिधि एवं शासकीय अधिकारी मौजूद थे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने शैक्षिक ऋण, एसएमआई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) वित्त पोषण तथा मुद्रा ऋण की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित बैंकों से लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों को आवश्यकता अनुसार आसान और सरलीकृत तरीके से ऋण उपलब्ध कराएं तथा किसानों को केसीसी लोन, छोटे व्यवसायियों के लिए मुद्रा एवं शासकीय विभागों द्वारा संचालित लोन को अविलंब स्वीकृति दें। कलेक्टर ने किसान क्रेडिट कार्ड अंतर्गत डेयरी एवं मत्स्य पालन से संबंधित ऋण प्रकरणों की स्वीकृति पर चर्चा करते हुए मत्स्य पालन, डेयरी एवं पशुपालन गतिविधियों को विशेष महत्व देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि बैंक आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता शिविर का सतत आयोजन करें तथा उनका प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित करें। लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके भी बताएं ताकि उनकी जमा पूंजी बैंकों में सुरक्षित रहे। साथ ही कहा कि बैंक किसी भी तरह के फ्रॉड गतिविधियों में संलिप्त न हो और न ही बिना नियमानुसार कोई भी प्रकरण स्वीकृत करें। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सकती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पात्र केसीसी खातों के शत-प्रतिशत कवरेज के निर्देश दिए गए। साथ ही भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा संचालित आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान की तीन माह की समीक्षा भी की गई।

बैठक में भारतीय स्टेट बैंक की बिछिया शाखा को तहसील बसना के ग्राम भंवरपुर में स्थानांतरित किए जाने संबंधी अनुमोदन प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। जिला स्तरीय रिव्यु समिति की बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनाएवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के प्रदर्शन की समीक्षा की गई।

मनरेगा बचाओ व युवा महापंचायत में शामिल होने रायपुर गए कांग्रेसी नेता

नगरी / नवप्रदेश। प्रदेश युवा कांग्रेस के तत्वाधान में मनरेगा बचाओ महासंग्राम , युवा महापंचायत का कार्यक्रम पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय ऑडोटोरियम रायपुर में रखा गया था जिसमें भाग लेने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एव युवा कांग्रेस कार्यकर्ता बस के माध्यम से उत्साहपूर्वक रवाना हुए जिसे विधायक अम्बिका मरकाम ने हरी झंडी दिखाया।कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा मनरेगा ग्रामीण गरीबों और युवाओं के लिए रोजगार का महत्वपूर्ण साधन है, इसे कमजोर करने के किसी भी प्रयास का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा। बीजेपी सरकार संवैधानिक अधिकार को खत्म करने का प्रयास कर रही है ।कांग्रेस कमिटी प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा ये सिर्फ कांग्रेस की लड़ाई नहीं है ये देश के ग़रीब , मज़दूर और किसान की हक को बचाने की लड़ाई है ।मनरेगा ने गांव में रोजगार दिया, पलायन रोका, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। लेकिन आज इस योजना को कमजोर करने, कार्य दिवस घटाने और भुगतान में देरी जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। यह केवल योजना पर नहीं, बल्कि गांव की आत्मनिर्भरता पर प्रहार है ।मनरेगा को बचाने की सामूहिक प्रयास की ज़रूरत है ।महापंचायत में युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम , दुर्गेश नंदिनी साहू , क्षमा साहू , शिवनाथ मरकाम,सोनराज वट्टी,नंदिनी साहू , पुष्प माण्डवी,, मिकी गुप्ता ,सरपंच मुकेश कुंजाम आदि ।

राजिम कुंभ कल्प : दंडी स्वामी सच्चिदानंद के सानिध्य में सम्पन्न हुआ सरस्वती महायज्ञ

छात्र-छात्राओं ने श्रद्धापूर्वक डाली समिधा

राजिम/ नवप्रदेश। कुंभ कल्प मेला के संत समागम स्थल पर शुक्रवार को आध्यात्मिक उल्लास और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सरस्वती महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। दंडी स्वामी सच्चिदानंद तीर्थ महाराज के मंडप में सम्पन्न इस यज्ञ में स्कूली छात्र-छात्राओं ने श्रद्धा और अनुशासन के साथ समिधा अर्पित कर अनुष्ठान को पूर्ण किया।यज्ञ में सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा के 75, सरस्वती शिशु मंदिर राजिम के 45 तथा नवकार पब्लिक स्कूल के करीब 50 विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई।

पिथौरा में 11वें श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव को लेकर भक्तिमय वातावरण, निकलेगी विशाल निशान यात्रा

पिथौरा/ नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी खाटू वाले श्याम बाबा की असीम कृपा से 11वाँ श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ श्री अग्रसेन भवन, पिथौरा में आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव को लेकर श्याम भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है तथा पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बन गया है।

महोत्सव के प्रथम दिन 18 फरवरी को दोपहर 3:15 बजे श्री प्राचीन हनुमान मंदिर से कार्यक्रम स्थल श्री अग्रसेन भवन तक भव्य एवं विशाल निशान यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्याम भक्त केसरिया ध्वज, रंग-बिरंगे निशान एवं बाबा श्याम के जयकारों के साथ नगर भ्रमण करेंगे। ढोल-नगाड़ों और भजनों की मधुर धुनों से पूरा नगर जय श्री श्याम के उद्घोष से गूंज उठेगा।महोत्सव के दूसरे दिन 19 फरवरी को सायं 7 बजे खाटू वाले श्याम बाबा का अलौकिक एवं भव्य श्रृंगार किया जाएगा। श्रृंगार दर्शन के पश्चात श्याम भजन संध्या का भव्य आयोजन होगा।

अल्ट्राटेक रावन ने सीएसआर में दिया मत्स्य पालन पर प्रशिक्षण

भाटापारा/ नवप्रदेश। अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा शासकीय मछली पालन विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त प्रयास से मत्स्य पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया , जिसमें क्षेत्र के लगभग 70 किसानों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक पद्धति से मत्स्य पालन के गुर सिखाना और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान डॉ अंगद सिंह राजपुत सिनियर साईंटिस्ट कृषि विज्ञान केन्द्र , वी के वर्मा सहायक संचालक मछली पालन विभाग , विलियम राबर्ट फिश इंसपेक्टर पलारी , मनीषा वर्मा फिश इंसपेक्टर सिमगा एवं सुचिन वर्मा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने आधुनिक समूह गठन, मत्स्य पालन तकनीकों, तालाब प्रबंधन, गुणवत्तापूर्ण बीज चयन, आहार प्रबंधन, जल गुणवत्ता नियंत्रण और रोग प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागियों को मत्स्य पालन से जुड़े वर्तमान बाजार परिदृश्य, संभावित आय और सरकारी योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में राज्य अलंकरण खुबचंद बघेल कृषक रत्न पुरुस्कार से सम्मानित वामन टिकरीहा ने भी किसानो को प्रेरित किए इस अवसर पर अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा वामन टिकरीहा को सम्मानित किया गया।

वन्यजीव अपराधियों पर सख्ती की तैयारी दो दिवसीय कार्यशाला में दिया प्रशिक्षण

महासमुंद। वनमंडल महासमुंद द्वारा वन्यजीव अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं सुदृढ़ न्यायालयीन कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए वनमंडल स्तरीय वन विद्यालय, महासमुंद में वन्यजीव अपराध, पहचान एवं अभियोजन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य वन्यजीवों से संबंधित अपराधों की समयबद्ध पहचान, वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन, प्रकरणों का विधिसम्मत पंजीयन एवं प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करना है, ताकि दोषियों को कठोर दंड दिलाया जा सके और अवैध शिकार व तस्करी जैसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।कार्यक्रम में डिप्टी डायरेक्टर उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व वरुण जैन, वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय, आदि उपस्थित रहे।

नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल- ऑयल पाम योजना से किसानों की आय बढ़ेगी: कलेक्टर

पाम ऑयल की खेती को बढ़ावा देन एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

जिले में किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा

महासमुंद // नवप्रदेश। पाम ऑयल की खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार भारत सरकार द्वारा लगातार किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल - ऑयल पाम योजना के संबंध में आज कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर में उद्यानिकी विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, योगेश्वर चंद्राकर, आर एल शर्मा, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं बड़ी संख्या में अंचल के किसान उपस्थित थे।

कार्यशाला में कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि पाम ऑयल की खेती सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ धान की खेती सर्वाधिक होती है। और धान की फसल के लिए पानी की आवश्यकता बड़ी मात्रा में होती है इसलिए बदलते समय के साथ हमें ऐसी फसलों की ओर रूख करना होगा जिसमें पर्यावरण को कम नुकसान पहुंचाकर बेहतर फसल ले सकें।

परंपरागत खेती के अलावा फल, सब्जियों एवं मछली पालन जैसे ढेरों विकल्प हैं जिसके माध्यम से आज किसान अधिक से अधिक लाभ ले सकते हैं। भारत सरकार की भी यही मंशा है कि किसानों को अधिक से अधिक लाभ हो। पाम ऑयल के ऊपर आज हमारा देश दूसरे देशों पर निर्भर है, उसी निर्भरता को कम करने के लिए यह योजना लायी गई है। साथ ही इस खेती से जुड़े सवालों पर किसानों को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि किसानों को पहले इस खेती से जुड़े कृषकों के खेतों का भ्रमण कराया जाएगा ताकि इस खेती से जुड़ी शंकाओं एवं तकनीकी पहलुओं पर किसानों को स्पष्टता हो सके।

कृषक सिदार चंद्राकर की जुबानी

किसान सिदार चंद्राकर जिन्होंने खुद 32 एकड़ में पाम ऑयल की खेती की है उन्होंने इसकी खेती के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाम ऑयल कीट और बीमारियों, श्रम आवश्यकताओं, उपज के विपणन के मामले में सभी बाधाओं से मुक्त फसल है और उपज के चरण से ही नियमित मासिक आय प्रदान करता है। साथ ही अपने अनुभवों एवं लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि पाम ऑयल के उत्पादन की सीमा 4-5 साल तक की है, और बढ़ते उत्पादन के चरम तक पहुंचने के लिए 2-3 साल की अतिरिक्त अवधि की आवश्यकता पड़ती है। इसलिए, यह सुझाव दिया गया था कि किसान शुरुआती वर्षों में सब्जियों के साथ अंतर फसलों पर स्विच कर सकते हैं।

बोर्ड परीक्षा सिर पर, छुईखदान में लाउडस्पीकर का आतंक

छुईखदान /नवप्रदेश। छुईखदान ब्लॉक में ध्वनि प्रदूषण बेकाबू होता जा रहा है। 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, लेकिन क्षेत्र में लाउडस्पीकर के तेज शोर पर प्रशासन पूरी तरह लापरवाह नजर आ रहा है। विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है, फिर भी जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस कदम उठाते नहीं दिख रहे हैं।

क्षेत्र में धार्मिक, सामाजिक और निजी आयोजनों में देर रात तक तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाए जा रहे हैं। परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्र-छात्राएं शोरगुल के कारण पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की एकाग्रता भंग हो रही है और मानसिक दबाव लगातार बढ़ रहा है।

सेल को लगातार तीसरी बार मिला प्रतिष्ठित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' सर्टिफिकेशन

■ निदेशक प्रभारी को प्रमाणपत्र हस्तांतरित

भिलाई/नवप्रदेश। भारत की अग्रणी इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को फरवरी 2026 से फरवरी 2027 की अवधि के लिए प्रतिष्ठित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' प्रमाणन से सम्मानित किया गया है। संगठन में सुदृढ़ कार्य-संस्कृति, पारदर्शिता और कर्मचारियों के विश्वास की परिचायक यह उपलब्धि सेल को लगातार तीसरे वर्ष मिली है।

भिलाई इस्पात संयंत्र में यह प्रमाणपत्र निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र को कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार ने प्रदान किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (एचआर-वर्क्स) संजय द्विवेदी और उप महाप्रबंधक (एचआर-मिल्स, एम एंड एस) प्रताप शेखर नायक भी उपस्थित थे।

निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कहा कि यह मान्यता सेल की सभी इकाइयों में विश्वास, पारदर्शिता और कर्मचारी सहभागिता पर आधारित कार्य-संस्कृति के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। भिलाई इस्पात संयंत्र ने सहभागितापूर्ण प्रबंधन पद्धतियों को सुदृढ़ करने और कंपनी के मूल्यों के अनुरूप सकारात्मक व उच्च-प्रदर्शनकारी कार्य वातावरण विकसित करने में सक्रिय भूमिका निभाई है।

यह प्रमाणन 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' संस्थान द्वारा कर्मचारियों से प्राप्त फीडबैक पर आधारित व्यापक मूल्यांकन के बाद प्रदान किया गया। ट्रस्ट इंडेक्स सर्वेक्षण के माध्यम से किए गए इस आकलन में वर्ष 2026 में सेल का ट्रस्ट इंडेक्स स्कोर बढ़कर 83 हो गया, जो वर्ष 2025 में 77 और वर्ष 2024 में 73 था। यह वृद्धि नेतृत्व व कार्य-संस्कृति के प्रति कर्मचारियों के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। सर्वेक्षण में सेल के लगभग 3,100 कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें से लगभग 900 कर्मचारी भिलाई इस्पात संयंत्र से थे।

सर्वेक्षण के पाँच प्रमुख आयामों में प्रबंधन की विश्वसनीयता, कर्मचारियों के प्रति सम्मान, कार्यस्थल पर निष्पक्षता, संगठन पर गर्व और आपसी सहयोग व सौहार्द में उत्कृष्ट अंक मिले। यह उपलब्धि सेल के लिए कर्मचारी-केन्द्रित दृष्टिकोण और सशक्त संगठनात्मक संस्कृति की निरंतर प्रगति का प्रतीक है।

कोडिफिकेशन में एआई के उपयोग पर कार्यशाला

बीएसपी के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के सभागार में नियोजित अधिकारियों और इंडेंटर्स के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया। सत्र के दौरान आइटम कोडिफिकेशन प्रणाली में आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्रियान्वयन और क्रय प्रक्रियाओं से संबंधित महत्वपूर्ण और समसामयिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। ताकि, क्रय प्रणाली को अधिक सुगम, पारदर्शी और दक्ष बनाया जा सके। कोडिफिकेशन प्रणाली में एआई के क्रियान्वयन पर विस्तृत प्रस्तुति वरिष्ठ प्रबंधक एसपी राजकुमार ने दी। उन्होंने एआई उपकरणों के माध्यम से आइटम कोडिफिकेशन में शुद्धता, दक्षता और मानकीकरण को सुदृढ़ करने के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

न्यूज गैलरी

महाशिवरात्रि मेला की तैयारियां पूरी, महापौर-आयुक्त ने किया निरीक्षण

दुर्ग। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले मेला कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शिवनाथ नदी तट का निरीक्षण किया। इस दौरान एमआईसी मेंबर ज्ञानेश्वर ताम्रकर, सहायक अभियंता राजेंद्र धबाले, करण यादव, बाजार अधिकारी अभ्युदय मिश्रा, शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा, शेखर दुबे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। महापौर व आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिवनाथ नदी तट क्षेत्र में किसी भी प्रकार के पसरा, ठेला, दुकान या अन्य सामान विक्रेताओं को मंदिर परिसर के आसपास दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी दुकानदारों को पुष्प वाटिका गेट के पास निर्धारित स्थान पर ही दुकानें लगानी होंगी। महापौर व आयुक्त ने मेला क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग पर सख्त रोक लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन का उपयोग करते पाए जाने पर अतिक्रमण विभाग व बाजार विभाग द्वारा तत्काल जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की जाएगी।

से. 4 और से. 2 में वाटर सप्लाई प्रभावित

भिलाई। सेक्टर 4 में निर्माणाधीन नए ओवरहेड टैंक के लिये मेन राइजिंग पाइप लाइन से इंटरकनेक्शन का महत्वपूर्ण कार्य किया जाएगा। इस कार्य के कारण सेक्टर 4 के संपूर्ण क्षेत्र में 17 फरवरी और सेक्टर 2 के संपूर्ण क्षेत्र में 18 फरवरी को वाटर सप्लाई व्यवस्था प्रभावित रहने की संभावना है। कार्य 17 फरवरी को सुबह 10 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग, नगर सेवाएँ विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्रों के निवासियों से सहयोग की अपील की गई है। नागरिक असुविधा से बचने हेतु निर्धारित तिथियों के लिए आवश्यकतानुसार जल का भंडारण पूर्व में ही सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

महाशिवरात्रि : मांस विक्रय पर पाबंदी

दुर्ग। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार नगर निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित समस्त पशु वध गृह और मांस बिक्री की दुकानें 15 फरवरी को बंद रखी जाएंगी। आयुक्त अग्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग और राजस्व अमले को निर्देशित किया है कि शहर क्षेत्र में मांस बिक्री की दुकानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। आदेश का उल्लंघन करने पर या दुकान खुली मिलने पर दुकान संचालक के विरुद्ध जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी। सामग्री जब्त किया जाएगा। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने शासन के निर्देशों का पालन करते हुए सहयोग की अपील की है।

सीआईएसएफ जवान ने की आत्महत्या

दुर्ग। जिले के उतई थाना क्षेत्र में सीआईएसएफ आरटीसी में पदस्थ जवान मुकेश सिंह (27 वर्ष) ने गुरुवार को रात के समय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को सुबह आरटीसी कैंप के पार्किंग स्थल पर फंदे पर लटके जवान का शव मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा गया। शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया है। पुलिस का कहना है कि मृतक जवान मुकेश सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के निवासी थे। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक जवान लंबे समय से किडनी की बीमारी से ग्रसित होने के कारण मानसिक तनाव में रहते थे। घटनास्थल से पुलिस को एक ब्लैंक पेपर मिला है, जिसमें जवान ने अपने भाई का नाम और मोबाइल नंबर लिखा था। पुलिस इसे आत्महत्या से जुड़ा महत्वपूर्ण सुराग मान रही है। उतई थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पीएम आवास: हितग्राहियों को मिल रही किस्त

दुर्ग। ग्राम पंचायत नगपुरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 96 आवासों में निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। 95 हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि जारी की जा चुकी है, जिससे निर्माण कार्य में गति आई है। प्लिंथ स्तर तक निर्माण पूर्ण कर जियो टैगिंग की प्रक्रिया पूर्ण करने वाले 64 हितग्राहियों के लिए जनवरी 2026 में द्वितीय किस्त की स्वीकृति देते हुए एफटीओ जारी किए जा चुके हैं। जल्द ही राशि सीधे बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार आवास योजना के अंतर्गत भुगतान प्रक्रिया नियमानुसार संचालित हो रही है और निर्माण कार्य प्रभावित नहीं है, बल्कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रगति पर है।

बीएसपी टीम की चयन स्पर्धा 17 से

भिलाई। सेल-बोकारो स्टील प्लांट द्वारा 26 फरवरी से 28 फरवरी तक एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) में भाग लेने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम का चयन किया जाएगा। क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 17 और 18 फरवरी को शाम 6 बजे से भिलाई क्लब, सिविक सेंटर, भिलाई में चयन स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। बीएसपी के नियमित पुरुष कार्मिक 16 फरवरी तक अपना नाम चयनकर्ताओं के पास दर्ज करा सकते हैं। चयनकर्ता के रूप में उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक और प्रवीण उपाध्याय नामांकन स्वीकार करेंगे। इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नंबर 74939599530 पर भी संपर्क कर सकते हैं। चयन स्पर्धा के प्रभारी उप महाप्रबंधक क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग होंगे।

भिलाई में संभाग स्तरीय रोजगार मेले के पहले दिन तीन हजार युवाओं ने कराया पंजीयन

सफलता केवल सरकारी नौकरी तक सीमित नहीं निजी क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं: शिक्षा मंत्री

■ रोजगार मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल

भिलाई/नवप्रदेश। दो दिवसीय संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, दुर्ग और संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मेला आर-2, कोहका भिलाई परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें 3000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई। युवाओं को रोजगार मेले के माध्यम से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार पाने का अवसर प्रदान किया गया। मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियों ने शामिल होकर अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए और विभिन्न पदों के लिए चयन प्रक्रिया शुरू की। बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार प्राप्त करने का प्रयास किया। रोजगार मेले को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि दो दिवसीय आयोजन से अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। सफलता केवल सरकारी नौकरी तक सीमित नहीं है, बल्कि निजी क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। यह आयोजन युवाओं के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, रोजगार अधिकारी राजकुमार कुर्रे सहित बड़ी संख्या में युवा एवं निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

युवाओं के लिए बड़ा अवसर : कलेक्टर

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि यह संभाग के युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर है। पढ़ाई पूरी कर चुके और अध्ययनरत छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मेले में पहुंचे हैं। दो दिनों में हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय सेवा में आने से पूर्व उन्होंने भी प्राइवेट सेक्टर में कार्य किया है। प्रत्येक नौकरी नया अनुभव देती है, जो भविष्य में आगे बढने का मार्ग प्रशस्त करता है।

तलवार से भाई पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। पुलिस ने एक मामले में पारिवारिक विवाद में भाई पर तलवार से हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं दूसरे मामले में खुर्सीपार क्षेत्र से नशीली दवाओं के दो तस्करों को पकड़ा गया। यह कार्रवाई अपराध और नशे के कारोबार पर नकेल कसने के उद्देश्य से की गई। सुपेला थाना क्षेत्र में 4 फरवरी को कुमार दास ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कोसा नगर स्थित अपने मकान की साफ-सफाई के दौरान उनके भाई अरूप दास से घर आने की बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर आरोपी अरूप दास ने जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने ईंट से हमला कर दिया, जिससे प्रार्थी की पीठ और बाएं हाथ की कोहनी में चोटें आईं। जांच के बाद आरोपी प्रणव कुमार दास (43 वर्ष), निवासी कोसानाला, सुपेला को गिरफ्तार कर लिया गया। धारदार हथियार जब्त कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

नशीली दवाओं के साथ दो गिरफ्तार

पुलिस ने पं. दीनदयाल मिनी स्टेडियम के टॉयलेट के पास दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। आरोपी नशीले सिरप और कैप्सूल बेच रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में उनकी पहचान इफ्तेखार खान (39 वर्ष), निवासी गांधी नगर भिलाई-03, और मोहम्मद अब्बास रजा (30 वर्ष), निवासी सेक्टर-02 भिलाई भट्ठी, के रूप में हुई। उनके पास से लाखों रुपए की नशीली दवाएं जब्त की गई है।

ब्रम्हाकुमारी आनंद सरोवर में नशामुक्ति की शपथ

दुर्ग/नवप्रदेश। राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में महिलाओं के लिए विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अथर्व कॉलेज की डायरेक्टर भारती साहू, स्नेहा मित्तल (सचिव, इनरव्हील क्लब), पिंकी बंसल, नीतू श्रीवास्तव (श्रुति फाउंडेशन), रोहिणी पाटणकर, रत्ना नारमदेव, प्रीति बेहरा (सदस्य आंतरिक परिवाद समिति सेना सशस्त्र बल भिलाई), रजनी पाटनी, ज्योति अग्रवाल, ममता गोयल, रश्मि अग्रवाल, भजन गायिका सपना अवस्थी, ब्रह्माकुमारी रीटा दीदी, ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा दीदी उपस्थित थे। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग और प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मेडिकल विंग, राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन द्वारा देश भर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति के लिये भिन्न-भिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। नशा मुक्ति सेमिनार, परिचर्चा, राजयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ब्रह्माकुमारी रीटा दीदी ने कहा कि आज के बच्चे व्यसन की ओर कदम बढ़ाते हैं तो सबसे ज्यादा जिम्मेदार माता-पिता होते हैं। पहले नम्बर में माँ होती है। सभी संकल्प करें कि कैसे बच्चों को व्यसन से मुक्त रखेंगे।

फ्लॉवर शो में उमड़ी भीड़, फूलों से महका पार्क

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम द्वारा आयोजित फ्लॉवर शो में भारी भीड़ उमड़ी। रंग बिरंगे फूलों से सजे राजेंद्र पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। फ्लॉवर शो के दौरान मेले जैसा माहौल रहा। आज सुबह 11 बजे फ्लॉवर शो का शुभारंभ किया गया। राजेन्द्र पार्क में रंग-बिरंगे फूलों की खूबसूरती देखते ही ब न रही थी। रात तक लोगों की भारी भीड़ उमड़ती रही। परिवार, बच्चे, युवा और बुजुर्ग पुष्प प्रदर्शनी का आनंद लेने पहुंचे। फ्लॉवर शो में ऑपरेशन सिंदूर पर बनी रंगोली ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। फूलों और प्राकृतिक रंगों से बनी यह विशाल रंगोली हर किसी की सेल्फी का बैकग्राउंड बन गई। रंगोली के सामने फोटो खिंचवाने और वीडियो बनाने की होड़ लगी रही। कार्यक्रम में सैकड़ों प्रजातियों के रंग-बिरंगे फूलों की प्रदर्शनी लगाई गई। विभिन्न कलात्मक आकृतियों फूलों से बना बादक, प्राकृतिक आकृतियाँ, फूलों के आकर्षक ढांचे ने आगंतुकों को खूब लुभाया। प्यारी खुशबू के साथ इन फूलों की सजावट ने पूरे पार्क को एक उत्सव स्थल का रूप दे दिया। बच्चों के लिए आयोजित ड्राइंग में पर्यावरण पर आधारित रंगीन कलाकृतियाँ देखने मिलीं। चाक से दीए बनाने के स्टॉल ने बच्चों को आकर्षित किया। गीत-संगीत का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

कलेक्टर ने आईटी पार्क और नालंदा परिसर का किया निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय दुर्ग में आईटी पार्क शीघ्र प्रारंभ होगा। भवन सहित पूरे परिसर में सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज आईटी पार्क का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निगम आयुक्त दुर्ग को भवन की आवश्यक मरम्मत, रंग रोगन, कमरों में विद्युत कनेक्शन, परिसर में प्रकाश व्यवस्था व गार्डनिंग, नेट सुविधाएं और आईटी कंपनियों को आवश्यकता के मुताबिक कमरे आदि का प्रबंध करने निर्देशित किया। दुर्ग आईटी पार्क के लिये 6 फरवरी को सीएम साय की मौजूदगी में आईआईटी भिलाई और 40 आईटी कंपनियों के मध्य एमओयू हुआ था। कलेक्टर ने निर्माणाधीन नालंदा परिसर, पुलगांव नाला एसटीपी और निर्माणाधीन वृद्धाश्रम की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और कांट्रेक्टरों को निर्माण कार्य समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर आयुक्त सुमित अग्रवाल, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता सहित निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा नेता ने पुजारी के भाई को पीटा

भिलाई/नवप्रदेश। जिले के नारथा गांव में हनुमान मंदिर के पुजारी के भाई को बीजेपी नेता ने पीट पीट कर घायल कर दिया। पूर्व जनपद सभापति चंद्रहास गिरी गोस्वामी द्वारा 16 फरवरी को मंदिर में महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

यज्ञ के लिए ग्रामीणों से चंदा लिया गया है। इससे पहले यज्ञ के लिये चंदा आदि नहीं लिया जाता था। इसके कारण विवाद की स्थिति है। इधर, गोस्वामी ने आयोजन के लिए मंदिर के बाहर लगने वाले दुकानों को पीछे की ओर लगाने कहा। मंदिर के पुजारी के भाई ने पीछे दुकान लगाने से इंकार कर दिया। दुकान न हटाने पर चंद्रहास गिरी ने उनके पेट पर लात घूंसे मारे। हवा भरने वाले पंप से भी पुजारी के भाई को पीटा गया।

पूरी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड है। वीडियो में भाजपा नेता और उनके साथी पुजारी के भाई को पीटते नजर आ रहे है। वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा नेता ने खुद को घायल बताते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बीजेपी नेता ने मंदिर के आसपास नारियल, फूल और अन्य पूजन सामग्री की दुकानों को पीछे लगाने की बात कही थी। परिसर में मंदिर के मुख्य पुजारी भीम महाराज की भी दुकान है।

पुजारी ने दुकान पीछे हटाने से इनकार कर दिया। इसी कारण दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर बीजेपी नेता चंद्रहास गिरी गोस्वामी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मंदिर के मुख्य पुजारी के छोटे भाई रामगिरी गोस्वामी की जमकर पिटाई की है। जामुल थाना पुलिस इस मामले को लेकर पूछताछ कर रही है।

स्मार्ट मीटर जागरुकता शिविर: 113 उपभोक्ताओं ने डाउनलोड किया ऐप

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत बघेरा जोन में गयाबाई गवर्नमेंट स्कूल के सामने स्मार्ट मीटर जागरूकता पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की बारीकियों से अवगत कराया गया। 113 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही अपने मोबाइल में ''मोर बिजली ऐप'' डाउनलोड किया। अधिकारियों ने उन्हें ऐप के माध्यम से बिजली खपत की रियल-टाइम मॉनिटरिंग और ऑनलाइन बिल भुगतान की प्रक्रिया सिखाई। शिविर में शंका लेकर पहुंचे 25 उपभोक्ताओं की शंका का विभागीय अधिकारियों ने समाधान किया। शिविर में स्थानीय पार्षद नरेंद्र बंजारे और लीना दिनेश देवांगन सहित बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अधीक्षण अभियंता, नगर वृत्त दुर्ग जेजे प्रसाद और ईई नगर संभाग दुर्ग आरके दानी, ईई गीता ठाकुर, एई अंजू देसाई, जेई कुमुद और सुरेश सोनी ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के लाभ की जानकारी दी।

नागरिक सहकारी बैंक दुर्ग के चुनाव नतीजे घोषित: डायरेक्टर के 12 पदों में से 10 पदों पर पैनल का कब्जा

डायरेक्टर पद के चुनाव में रुंगटा पैनल की एकतरफा जीत

दुर्ग/नवप्रदेश। नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के 12 में से 9 डायरेक्टर पदों के चुनाव के लिए शनिवार को मतदान हुआ। चुनाव में रुंगटा पैनल के 8 प्रत्याशियों ने धमाकेदार जीत दर्ज की, जबकि परिवर्तन पैनल का सिर्फ एक प्रत्याशी जीत दर्ज कर सका। जीत के बाद रुंगटा पैनल के प्रत्याशियों और समर्थकों ने बाजे गाजे-बाजे के साथ जश्न मनाया। डायरेक्टर पद के चुनाव में घोषित परिणाम के अनुसार सामान्य वर्ग से प्रत्याशी मनोज ताम्रकार, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, कमल नारायण रुंगटा, संजय सिंह, पवन कुमार जैन (बडज़ात्या), राजेश यादव ने जीत दर्ज की। महिला वर्ग के लिये आरक्षित पद पर सुनीता अग्रवाल और नीलू देवांगन ने जीत हासिल की।

पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित एक पद पर तेजबहादुर बंछोर ने शानदार जीत दर्ज की। चुनाव में सनदी लेखाकार (चार्टर्ड एकाउटेंट) के लिए आरक्षित दो पद पर श्रीपाल कोठारी, अरविंद चंद सुराना और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित एक पद पर वसुन्धरा चौरे पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो चुकी है। नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के कुल 12 में से 9 संचालक (डायरेक्टर) पद के लिए शनिवार को श्री गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज भवन मोतीपारा में प्रत्यायुक्त सदस्यों ने मतदान किया। कुल 96 प्रत्यायुक्त सदस्यों में 91 प्रत्यायुक्त सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया।

परिवर्तन पैनल से दो प्रत्याशी डायरेक्टर बने है। चुनाव में डायरेक्टर पद के प्रत्याशी मनोज ताम्रकार 56 वोट, ज्ञानेश्वर ताम्रकार 55 वोट, कमल नारायण रुंगटा 51 वोट, संजय सिंह 49 वोट, पवन कुमार बडज़ात्या 49 वोट, राजेश यादव 45 वोट, वेंकट साई शास्त्री राव 43 वोट, अखिलेश मिश्रा 43 वोट, अंबर ताम्रकार 41 वोट, मंगल प्रसाद गुप्ता 37 वोट, दिनेश मारोटी 30 वोट, तेजबहादुर बंछोर 50 वोट, पदम ताम्रकार 41 वोट, सुनीता अग्रवाल 51 वोट, नीलू देवांगन 50 वोट और संध्या तिवारी ने 41 वोट हासिल किए। मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए और विजयी 9 प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

वोरा ने विजयी प्रत्याशियों को दी बधाई

नागरिक सहकारी बैंक दुर्ग के संचालक मंडल के चुनाव में रुंगटा पैनल की ऐतिहासिक जीत पर पूर्व विधायक अरुण वोरा ने खुशी जताई है। वोरा ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि इस विजय ने बैंक के नेतृत्व में निरंतरता, स्थिरता और विश्वास की भावना को और मजबूती प्रदान की है। वोरा ने कहा कि यह जीत जनविश्वास, पारदर्शी कार्यप्रणाली और सामूहिक नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बैंक के अध्यक्ष कमल नारायण रुंगटा के मार्गदर्शन में बैंक के निरंतर विकास और प्रगति करेगा। वोरा के साथ शंकरलाल ताम्रकार, गिरधर शर्मा, नवल अग्रवाल, पप्पू श्रीवास्तव, महेंद्र सक्सेरिया, राजकुमार वर्मा और संजय बोहरा उपस्थित रहे।

अंडमान : प्रकाश, निस्तब्धता और अनंत नीलाई का आमंत्रण

यशवंत धोटे

कुछ यात्राएँ कैलेंडर में दर्ज छुट्टियाँ नहीं होतीं–वे जीवन की धड़कनों में उतरकर एक नई लय रच देती हैं। अंडमान द्वीपसमूह ऐसी ही एक अनुभूति है, जहाँ पहुँचते ही लगता है मानो समय ने स्वयं को धीमा कर लिया हो। जैसे ही विमान बादलों के आवरण को हटाता है, नीचे फैला समुद्र नीले रंगों की उस दुर्लभ छटा में दिखाई देता है, जिसे आँखें देखती हैं, पर शब्द पकड़ नहीं पाते। फ़िरोज़ी किनारे, नीलम-सी गहराइयाँ, और जल पर बिखरे पन्ना-से द्वीप–मानो प्रकृति ने अपने स्वप्नों की सबसे कोमल चित्रकला यहाँ उकेरी हो। अंडमान के तट केवल रेत और लहरों का दृश्य नहीं, मनःस्थितियों का विस्तार हैं। स्वराज द्वीप का राधानगर बीच उस निर्मल सौंदर्य का प्रतीक है, जहाँ रेशमी श्वेत रेत पर सूर्य की सुनहरी किरणें उतरती हैं और समुद्र अपनी शांत, पारदर्शी लहरों से यात्रियों का स्वागत करता है। यहाँ चलना ऐसा लगता है जैसे किसी कविता के भीतर प्रवेश कर रहे हों–हर लहर एक पंक्ति, हर झोंका एक उपमा। शहीद द्वीप का स्वभाव अलग है–यह द्वीप शांति का सौम्य विस्तार है। भरतपुर बीच की उथली, काँच-सी स्वच्छ लहरें, प्राकृतिक शिला-सेतु की अद्भुत संरचना, और हवा में घुली एक अव्यक्त निस्तब्धता–यहाँ प्रकृति धीरे-धीरे हृदय को खोलती है। भीड़ से दूर, प्रकृति के अधिक अंतरंग स्पर्श की चाह हो तो लॉन्ग आइलैंड का लालाजी बे बीच किसी गुप्त स्वर्ग जैसा खुलता है–जहाँ अंडमान के उस सरल, ग्रामीण, आत्मीय जीवन का परिचय कराते हैं जहाँ प्रकृति और मनुष्य एक संतुलित सहअस्तित्व में दिखाई देते हैं। दूर समुद्र में बैरन आइलैंड–भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी– जल और अग्नि

नॉर्थ बे द्वीप जल-क्रीड़ाओं का जीवंत मंच

उत्तर अंडमान में रॉस और स्मिथ द्वीप का दृश्य विस्मित कर देता है। दो द्वीपों को जोड़ती रेत की पतली उजली रेखा–जैसे समुद्र ने स्वयं अपने विस्तार पर एक स्वप्निल हस्ताक्षर कर दिया हो। ज्वार-भाटा के साथ बदलता यह दृश्य हर बार नया चमत्कार बन जाता है। रोमांच के रंगों से भरा संसार देखना हो तो नॉर्थ बे द्वीप जल-क्रीड़ाओं का जीवंत मंच है। स्कूबा डाइविंग में जब आप जल के भीतर उतरते हैं, तब प्रवाल भित्तियों का रंगीन नगर खुलता है–लाल, पीले, बैंगनी प्रवाल, चंचल मछलियाँ, धीमे तैरते कछुए। वहाँ नीचे एक निस्तब्ध, पर जीवंत ब्रह्मांड है, जहाँ समय का अर्थ बदल जाता है। जॉली बॉय द्वीप और रेड स्किन द्वीप की जल-पारदर्शिता प्रवालों को मानो काँच के आर-पार देखने जैसा अनुभव देती है। यहाँ समुद्र केवल देखा नहीं जाता–महसूस किया जाता है।

अंडमान की पहचान नारियल के वृक्ष

नारियल के वृक्ष अंडमान की पहचान हैं। समुद्री हवा के साथ झूमते ये वृक्ष केवल दृश्य नहीं, आजीविका का आधार हैं। नारियल यहाँ भोजन, तेल, पेय, हस्तशिल्प और व्यापार–सभी का महत्वपूर्ण स्रोत है। गाँवों में नारियल की खेती जीवन की सहज लय रचती है। कुछ द्वीपों पर धान की खेती हरित विस्तार का सुंदर दृश्य प्रस्तुत करती है। वर्षा से भीगी मिट्टी, लहलहाते खेत, और किसानों का श्रम–यहाँ का ग्रामीण जीवन अंडमान के उस शांत, आत्मनिर्भर स्वरूप को दर्शाता है जहाँ प्रकृति और मनुष्य सहजीवन में बंधे हैं।

वन, गुफाएं और प्राचीन उपस्थिति

अंडमान का हृदय उसके वनों में धड़कता है। यहाँ के उष्णकटिबंधीय वर्षावन धरती की प्राचीन स्मृतियों का हरित अभिलेख हैं। वृक्ष यहाँ केवल खड़े नहीं, जैसे आकाश से संवाद करते हुए ऊपर उठते हैं। पत्तों के बीच छनकर आती धूप, हवा में घुली मिट्टी और नमी की सुगंध, और पक्षियों की मधुर पुकार–वन का प्रत्येक क्षण एक ध्यान, एक विश्राम, एक पुनर्जागरण है। मैंग्रोव वन अंडमान की जीवनरेखा हैं। उनकी जटिल जड़ें जल और भूमि के बीच अद्भुत संतुलन रचती हैं। नाव से इनके बीच गुजरना ऐसा लगता है जैसे किसी हरित, रहस्यमयी गलियारे में प्रवेश कर रहे हों–जहाँ प्रकृति की निस्तब्धता स्वयं एक संगीत बन जाती है। बारातांग द्वीप इस अनुभव को और गहन करता है। यहाँ की चूना-पत्थर (लाइमस्टोन) गुफाएँ प्रकृति की धीमी, धैर्यपूर्ण कला का साक्षात प्रमाण हैं। हजारों वर्षों में टपकती जल-बूँदों ने जिन स्तंभों और आकृतियों को



गढ़ा है, वे किसी प्राचीन, निस्तब्ध मंदिर की अनुभूति कराते हैं। गुफा के भीतर शीतल हवा, टपकते जल की लय, और धुँधली रोशनी–मानो समय ने स्वयं को थाम लिया हो।

जीवन, श्रम, स्वाद और आनंद का अर्थ

अंडमान में समुद्र केवल सौंदर्य का विस्तार नहीं, जीवन का आधार है। मत्स्य पालन यहाँ की अर्थव्यवस्था और संस्कृति का प्रमुख स्वर है। भोर की धुँधली उजास में समुद्र की ओर जाती नावें, लौटते जाल, और ताज़ी मछलियों की चमक–यह सब श्रम और प्रकृति के गहरे संबंध की कथा कहता है। पर्यटन यहाँ केवल दृश्यावलोकन नहीं, अनुभव है। समुद्र में स्कूबा डाइविंग, स्नॉर्केलिंग, सी-वॉक; तटों पर विश्राम; वन-पथों पर पदयात्रा; नावों से द्वीपों की यात्राएँ–हर गतिविधि आनंद का नया आयाम खोलती है। आतिथ्य यहाँ औपचारिक नहीं, आत्मीय है। समुद्र-समीप रिसॉर्ट्स, हरित कॉटेज, सरल होमस्टे–हर ठहराव में एक सहज ऊष्मा है। सुबह खारे पवन का स्पर्श, शाम लहरों की ध्वनि–विश्राम को भी एक काव्य बना देते हैं। अंडमान का स्वाद भी उसी प्रकृति का विस्तार है। ताज़ा समुद्री भोजन, नारियल-सुगंधित व्यंजन, उष्णकटिबंधीय फल–यहाँ भोजन केवल तृप्ति नहीं, समुद्र और मिट्टी का उत्सव है। और अंततः, अंडमान सिखाता है आनंद का सच्चा अर्थ–बिना हड़बड़ी के जीना। तट पर शांत बैठना, सूर्यास्त को निहारना, वन की निस्तब्धता में खो जाना, जल में तैरना। यहाँ समय भागता नहीं–बहता है।

न कोई कोलाहल, न कोई हड़बड़ी, केवल समुद्र और आत्मा का मौन संवाद। चिड़िया टापू की संध्या रंगों का उत्सव है। सूर्यास्त यहाँ केवल दृश्य नहीं, एक भावानुभूति है–अंबर से लालिमा, लालिमा से बैंगनी, और फिर धीरे-धीरे उतरती सांध्य निस्तब्धता। वांडूर से मरीन नेशनल पार्क का संसार खुलता है–जहाँ समुद्री जैव-विविधता प्रकृति के संरक्षण और सौंदर्य का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है। लिटल अंडमान झरनों, सर्फिंग और शांत रोमांच का द्वीप है। डिगलीपुर, रंगत, और मायाबंदर–ये सभी द्वीप का विस्मयकारी संतुलन। अंडमान के द्वीपों की यह विविधता यात्रियों को केवल आकर्षित नहीं करती–मोहित कर लेती है। अंडमान की धरती केवल प्राकृतिक नहीं, सांस्कृतिक विरासत से भी संपन्न है। यहाँ के मूल जनजातीय समुदाय इस भूभाग की प्राचीन आत्मा हैं। जारवा समुदाय का जीवन प्रकृति के साथ गहरे सामंजस्य में बीतता है। उनके लिए वन संसाधन नहीं, संबंध हैं; भूमि अधिकार नहीं, अस्तित्व है। आधुनिक समाज के लिए यह आवश्यक है कि इन समुदायों की गरिमा, निजता और

परंपराओं का सम्मान सर्वोपरि रहे। अंडमान की यात्रा तभी पूर्ण है जब हम उसके इस मानवीय आयाम के प्रति संवेदनशील रहें। वनों के भीतर चलना, पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियों को देखना, जैव-विविधता की उस समृद्धि को अनुभव करना–यह सब अंडमान को केवल पर्यटन स्थल नहीं, एक जीवित प्राकृतिक विश्वविद्यालय बना देता है।

अंडमान

अंडमान एक स्मरण है—कि जीवन केवल गति नहीं, ठहराव भी है। केवल उपलब्धि नहीं, अनुभूति भी है। आइए अंडमान—जहाँ प्रकृति प्रदर्शन नहीं करती, आलिंगन देती है। जहाँ समुद्र केवल दृश्य नहीं, संवाद बन जाता है। जहाँ वन केवल हरियाली नहीं, शांति का आश्रय बन जाते हैं। और जहाँ यात्रा समाप्त नहीं होती—हृदय में बस जाती है।

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन सुख शांतिदायक रहेगा फिर भी आपसी संबंधों में आज शक की गुंजाइश ना रखें मामूली बातो को अनदेखा करें। स्त्रीवर्ग आज पुरुषों की अपेक्षा ज्यादा खर्चीली रहेंगी।

वृषः आपको आज का दिन मिलाजुला फलदेगा। प्रातः काल से ही मानसिक रूप से निराश रहेंगे। कार्यो की असफलता का गुस्सा परिजनों पर निकालने से अशांति फैलेगी।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए आशाजनक रहेगा। बेरोजगार लोग आज थोड़ा अतिरिक्त प्रयास करें निश्चित सफलता मिलेगी। आज आपको जितना भी मिले कम ही लगेगा।

कर्कः आज के दिन आप के मन मे कुछ ना कुछ तिकडम लगी रहेगी। थोड़ी सी सफलता पाकर सामर्थ से अधिक सोचेंगे अतिआत्मविश्वास भविष्य के लिए हानि कारक रहेगा।

सिंहः आज आप अपने विवेकी व्यवहार के चलते कार्य क्षेत्र एवं परिवार में अन्य लोगो से बेहतर आंके जाएंगे परन्तु बीच बीच मे किसी कारण से क्रोध आ सकता है।

कन्याः आज भी दिन के अंतिम भाग को छोड़ शेष विपरीत फलदायी रहेगा। दिन भर भागदौड़ करने के बाद भी कुछ भी आपकी आशा के अनुरूप नही होगा।

तुलाः आज का दिन सामान्य बीतेगा। धन लाभ आज अवश्य होगा परन्तु अधिक पाने की लालसा मूल लाभ से भी वंचित कर सकती है। कार्य व्यवसाय में आज ज्यादा दिमाग लगाना पड़ेगा जिसका फल थोड़ा विलंब से मिलेगा।

वृश्चिकः आज का दिन वैसे तो सामान्य ही रहेगा फिर भी राजसी खर्च रहने से धन की कमी रहेगी। बुजुर्गो को भी आज सम्मान कम ही देंगे।

धनुः आज आप अपने अंदर एक नई ऊर्जा का संचार अनुभव करेंगे। कार्यो को लेकर थोड़े लापरवाह भी रहेंगे लेकिन किसी का सहयोग मिलने से कार्य निश्चित समय पर पूर्ण कर लेंगे।

मकरः आपका आज का दिन भी प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा। आर्थिक समस्याएं यथावत बनी रहने से मानसिक कष्ट भोगेंगे काम-काज भी ठप्प सा ही रहेगा। नौकरो के भरोसे काम छोड़ना भारी पड़ सकता है।

कुंभः आज का दिन भी आपको सहज लाभ दिलाएगा। लेकिन आसानी से बन रहे कामो के कारण आपमे अतिआत्मविश्वास एवं अहम की भावना भी रहेगी जिससे निकट भविष्य में हानि होने की संभावना है।

मीनः सरकारी नौकरी वाले जातक अथवा सरकार संबंधित कार्यो के लिए आज का दिन विशेष रहेगा। नौकरी में पदोन्नति एवं सरकार से आर्थिक विषयो में लाभ की संभावना है।

QUIZ TIME

1) प्राचीन नगर नीनवे, जो हाल ही में समाचारों में था, किस देश में स्थित है?

2) टोरंटो का योंग स्ट्रीट क्यों मशहूर हैं?

3) जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने अपने निधन से पहले कौन-सा समारोह किया था?

4) अपने सभी ग्लेशियरों को 17 मई, 2024 को खोने वाला पहला देश कौन-सा देश बना?

5) बिग बेन को किसने बनाया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) इराक (2) दुनिया का सबसे लंबा स्ट्रीट (3) सल्लेखना (4) वेनेजुएला (5) ऑगस्टस पुगिन

पहेली

शब्द सामर्थ्य -316

[illegible]

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 315 का हल

महाशिवरात्रि विशेष: द्रविड़ शैली का अनोखा काल भैरव मंदिर, बांबी रूप में विराजे शिवजी की होती है पूजा

■ द्रविड़ शैली का जिले का एकमात्र प्राचीन मंदिर

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के गुरूर स्थित प्राचीन काल भैरव मंदिर अपनी रहस्यमयी परंपराओं, द्रविड़ शैली की अनूठी वास्तुकला और बांबी रूप में विराजे शिवलिंग के कारण पूरे क्षेत्र में आस्था का अद्भुत केंद्र बना हुआ है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर यहां तीन दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

यह मंदिर बालोद जिले का सबसे प्राचीन और द्रविड़ शैली में निर्मित मंदिर माना जाता है। द्रविड़ शैली दक्षिण भारत की प्रमुख मंदिर निर्माण शैली है, ऐसे में मध्य छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में इस शैली का मंदिर मिलना अपने आप में आश्चर्य का विषय है। मंदिर के गर्भगृह में पिरामिडनुमा शिखर और श्री यंत्र की संरचना इसकी ऐतिहासिकता और विशेषता को और बढ़ाती है। पुरातत्व विभाग ने इस मंदिर को संरक्षित स्थल घोषित किया है।

मंदिर परिसर में लगे सूचना बोर्ड से पता चलता है कि इसका संबंध एहोल के चालुक्य वंश से भी जोड़ा जाता है। पुरातत्व सर्वे के अनुसार मंदिर को सातवीं शताब्दी का बताया गया है, हालांकि इसके वास्तविक निर्माण काल को लेकर अब भी शोध जारी है।

बांबी रूप में विराजे शिवजी, अनोखी है पूजा

मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थापित शिवलिंग का स्वरूप है। शिवलिंग गर्भगृह में प्रत्यक्ष दिखाई नहीं देता, बल्कि भूतल से लगभग पांच फीट नीचे स्थापित माना जाता है। बाहरी रूप में पूरा शिवलिंग दीमक की बांबी से आच्छादित नजर आता है। स्थानीय भाषा में दीमक के घर को भूडू कहा जाता है, इसलिए यहां भगवान को भूडू वाले बाबा के नाम से भी पूजा जाता है। श्रद्धालु शिवजी की पूजा इसी बांबी रूप में करते हैं, जो इस मंदिर को अन्य शिवालयों से अलग और विशेष बनाता है। बांबी वाले मूल मंदिर में प्रवेश पर पाबंदी है उसे एक पवित्र जगह मना जाता है। इसलिए कृत्रिम रूप से स्थापित शिवलिंग में अन्य श्रद्धालु द्वारा पूजा अर्चना रुद्राभिषेक आदि कार्यक्रम संपन्न किए जाते हैं। स्वयं पुजारी/आचार्य भी बांबी वाले गर्भगृह में प्रवेश नहीं करते वे भी बाहर से पूजा अर्चना करते हैं।

3 दिवसीय आयोजन

मंदिर के आचार्य सुरेश पांडे ने बताया कि महाशिवरात्रि पर हर वर्ष तीन दिवसीय आयोजन होता है। 14 फरवरी को मुख्य दिन में पूजा-अर्चना, 15 फरवरी को निशित काल की विशेष रात्रि पूजा रात 11:26 बजे से सुबह तक और 16 फरवरी को पार्थिव शिवलिंग निर्माण और विसर्जन किया जाएगा। साल भर यहां विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं, लेकिन महाशिवरात्रि पर मंदिर में विशेष श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

स्तंभ लेख और तंत्र साधना से जुड़ाव

मंदिर के समीप स्थित प्राचीन स्तंभ लेख को कांकेर के सोमवंश काल का बताया जाता है, जिसे गुरूर स्तंभ लेख के नाम से दर्ज किया गया है। इसे राजा बाघराज (व्याघ्र राज) द्वारा जारी किया गया माना जाता है। हालांकि इसमें अंकित लिपि को आज तक पूरी तरह पढ़ा नहीं जा सका है। इतिहासकारों के अनुसार प्राचीन सोमवंश काल में ऐसे स्तंभ लेख उन स्थानों पर स्थापित किए जाते थे जहां काल भैरव मंदिरों को भूमि दान दी जाती थी। मंदिर को तंत्र साधना से भी जोड़कर देखा जाता है। बताया जाता है कि पहले यहां नियमित पूजा-पाठ नहीं होता था और तांत्रिक साधना के संकेत मिलते थे, लेकिन वर्ष 1988 के बाद से यहां वैदिक परंपरा के अनुसार नियमित पूजा-अर्चना शुरू हुई।

पुरातत्व विभाग से विशेष शोध की मांग

मंदिर से जुड़े लोगों का कहना है कि पुरातत्व विभाग ने इसे संरक्षित स्थल घोषित तो किया है, लेकिन अब तक यहां विस्तृत शोध और विकास कार्य नहीं हो पाया है। मान्यता है कि मंदिर परिसर के आसपास प्राचीन सुरंगों के अवशेष और कई ऐतिहासिक रहस्य छिपे हो सकते हैं, जो गहन अध्ययन से सामने आ सकते हैं। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर यह प्राचीन काल भैरव मंदिर श्रद्धा, इतिहास और रहस्य का अद्भुत संगम बनकर भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

महाशिवरात्रि पर्व पर विधानसभा अध्यक्ष, सांसद, महापौर ने दी शुभकामनाएं

राजनांदगांव। महाशिवरात्रि के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे, महापौर मधुसूदन यादव ने नगर वासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह विशेष दिन भगवान शंकर की आराधना का दिन है और यह माना जाता है कि इसी पावन दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। प्रत्येक माह में एक शिवरात्रि का दिन होता है, परंतु फाल्गुन माह की कृष्ण त्रयोदशी को आने वाली इस शिवरात्रि का अत्यंत महत्व है, इसलिए इसे महाशिवरात्रि कहा जाता है। विधानसभा अध्यक्ष व विधायक, सांसद और महापौर ने कहा कि वास्तव में महाशिवरात्रि भगवान भोलेनाथ की अराधना का ही पर्व है, इस दिन धर्मप्रेमी लोग महादेव का विधि-विधान के साथ पूजन अर्चन करते हैं और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। नगर में महाशिवरात्रि के दिन शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ती है, जो शिव के दर्शन-पूजन कर खुद को सौभाग्यशाली मानते है। उन्होंने महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर हर व्यक्ति खुशहाल रहें, शिव प्रार्थना के साथ शिव की आराधना करते हुए सबके मंगलमय जीवन की कामना की है।

पदोन्नति के संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष से मिला फेडरेशन

कवर्धा। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी से मुलाकात की और सहायक शिक्षक से शिक्षक के पद पर पदोन्नति के संबंध में चर्चा की। फेडरेशन के जिला अध्यक्ष ने बताया कि शिक्षक 18-20 सालों से एक ही पद पर कार्य कर रहे हैं। उन्हें आज तक पदोन्नति का फायदा नहीं मिला। इससे शिक्षकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने पालिका अध्यक्ष से इस मामले में शिक्षा मंत्री और संयुक्त संचालक दुर्ग को समस्याओं से अवगत कराने की मांग की। नपा अध्यक्ष ने कहा कि वे अधिकारियों से चर्चा करेंगे। शिक्षा मंत्री से भी चर्चा कर समस्याओं का निराकरण जल्द ही किया जाएगा। नियम अनुसार वरिष्ठता सूची के क्रम में आने वाले शिक्षकों को जल्द से जल्द पदोन्नति का लाभ देने के लिए पहल करेंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, राजू श्रीवास्तव कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पूर्व जिला सचिव, सुरेश श्रीवास्तव पूर्व प्राचार्य, केशलाल साहू कार्यकारी जिला अध्यक्ष राकेश खरे शैलेंद्र सिंह राजपूत हृदय राम टंडन सरजू राम मरकाम प्रदीप मांडवी उमेश ठाकुर डुमन पटेल हीरालाल साहू और सहायक शिक्षक साथी बहुत संख्या में उपस्थित थे।

प्लेसमेंट कैम्प 18 से

कवर्धा। प्राइवेट कंपनी या एजेंसी में रोजगार के इच्छुक युवाओं को अवसर प्रदान करने जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कार्यालय परिसर में 18 व 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। 18 जनवरी को चौहान ऑटोमोबाईल एलएलपी, मारूती सुजुकी एरेना, ब्रांच कवर्धा द्वारा सर्विस एडवाईजर के 4 और टेक्निकल एडवाईजर के 2 पद, टेक्निशियन के 2 पद, सेल्स एक्जीक्यूटिव के 3 पदों पदों पर भर्ती की जाएगी। आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष है। 19 फरवरी को पुस्कल एग्रोटेक लिमिटेड, तेलीबांधा, रायपुर द्वारा सेल्स आफिसर के 35 पदों, सेल्स रिप्रेसेन्टेटिव के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है। चयन संबंधी कार्यवाही कंपनी द्वारा की जाएगी। पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य विस्तृत जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त कर सकते है।

फॉर्म-7 के दुरुपयोग से मताधिकार पर हमला बर्दाश्त नहीं : छन्नी

कांग्रेस ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान फार्म 7 के दुरुपयोग पर पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कड़ी आपत्ति जताई है। छन्नी साहू ने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार देता है और यह अधिकार किसी सरकार, अधिकारी या राजनीतिक दल की कृपा नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक का मूल और अटूट लोकतांत्रिक अधिकार है। इस अधिकार पर किसी भी प्रकार का प्रहार लोकतंत्र की मूल भावना पर सीधा हमला है, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

छन्नी साहू ने आरोप लगाया कि फार्म-7 के माध्यम से वैध मतदाताओं के नाम सुनियोजित तरीके से विलोपित करने के प्रयास लगातार सामने आ रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त शिकायतें इस बात की ओर संकेत करती हैं कि प्रक्रिया का दुरुपयोग किया जा रहा है। विशेष रूप से कांग्रेस समर्थित मतदाताओं को निशाना बनाकर योजनाबद्ध तरीके से नाम कटवाने का प्रयास किया जा रहा है। जैसे-जैसे प्रकरण सामने आ रहे हैं, उससे ऐसा प्रतीत होने लगा है मानो फॉर्म-7 निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वैधानिक दस्तावेज न होकर किसी पार्टी विशेष का औजार बन गया हो।

उन्होंने कहा कि कई मामलों में साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद प्रशासन की चुप्पी गंभीर संदेह को जन्म देती है। ऐसे संवेदनशील विषय पर प्रशासन को मौन रहने के बजाय मुखर होकर निष्पक्ष और ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। फॉर्म-7 के प्रारूप में गलत जानकारी देने पर दंड का स्पष्ट प्रावधान है, इसके बावजूद दोषियों पर कार्रवाई न होना यह दर्शाता है कि या तो प्रशासन दबाव में है या जानबूझकर आंखें मूंदे बैठा है।

छन्नी साहू ने चेतावनी देते हुए कहा कि जिले में ऑनलाइन या ऑफलाइन प्रस्तुत किए गए प्रत्येक फॉर्म-7 की गंभीरता, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सूक्ष्म जांच होनी चाहिये। बिना ठोस सत्यापन के किसी भी वैध मतदाता का नाम विलोपित न किया जाए। जिन व्यक्तियों द्वारा जानबूझकर गलत या भ्रामक जानकारी देकर फॉर्म-7 प्रस्तुत किया गया है, उनके नाम सार्वजनिक किए जाएं, ताकि क्षेत्र की जनता के सामने उनका वास्तविक चेहरा उजागर हो सके और भविष्य में इस प्रकार की कृत्यों पर प्रभावी रोक लग सके।

उन्होंने कहा कि अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद एक भी वैध मतदाता का नाम गलत तरीके से हटाया गया तो गांव-गांव से उग्र आंदोलन खड़ा किया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय का घेराव किया जाएगा और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए निर्णायक संघर्ष छेड़ा जाएगा। उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं प्रशासन की होगी। लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ बंद नहीं हुआ तो प्रशासन को जनता की अदालत में जवाब देना ही पड़ेगा।

कलेक्टर ने किया शासकीय रोपणी तालगांव का अवलोकन

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज घोठिया रोड में स्थित जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम तालगांव में वन विभाग के शासकीय रोपणी का अवलोकन किया।

उन्होंने मौके पर उपस्थित वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल से शासकीय रोपणी के क्रियाकलापों के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी व उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक डिकलेश कंवर भी उपस्थित थे।

जिले में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने कलेक्टर वर्मा ने दिए सख्त निर्देश

■ जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने और लंबित कार्य जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले की पेयजल व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त रखने कहा है। विशेष रूप से ग्रामीण, वनांचल क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की पेयजल समस्या न होने देने कहा गया है। शिकायत मिलने पर तत्काल निराकरण करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने पीएचई के अधिकारियों और ठेकेदार, एजेंसियों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर ने शासन की प्राथमिकता वाली योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के कार्यों की प्रगति पर गहन चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों को निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में तेजी से और पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित विभाग और सरपंचों के साथ संयुक्त बैठक कर तत्काल समाधान निकाला जाए। जिन गांवों में जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहां ग्राम पंचायतों को हैंडओवर करते हुए सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। कई गांवों में कार्य लगभग पूर्ण होने के बावजूद छोटे-मोटे कार्य शेष रहने से सर्टिफिकेशन जारी नहीं हो पाया है। ऐसे मामलों में सरपंचों से समन्वय कर शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर योजना का विधिवत हस्तांतरण किया जाए।

जिन ग्रामों में कोई तकनीकी बाधा नहीं है, वहां प्राथमिकता से हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी की जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिन गांवों में कार्य प्रगति धीमी है, उसके कारणों की जानकारी रखी जाए और संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर बाधाओं को दूर किया जाए। जल स्त्रोतों की कमी, तकनीकी दिक्कतें या अन्य समस्याओं को चिन्हित कर उनका त्वरित समाधान किया जाए। अब तक हुए कार्यों की विस्तृत सूची तैयार कर 100 प्रतिशत, 95 प्रतिशत, 90 प्रतिशत और 90 प्रतिशत से कम प्रगति वाले कार्यों का वर्गीकरण किया जाए और प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत सभी कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। जल स्त्रोतों की कमी, तकनीकी बाधाओं एवं अन्य समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी संबंधित विभागों से समन्वय कर बाधाओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों को तोड़े जाने के बाद मरम्मत कार्य तत्काल कराया जाए।

समय-सीमा में पूरा करें पीएम आवास

■ जिला पंचायत सीईओ ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला पंचायत की सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समस्त महत्वपूर्ण योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और मनरेगा अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने अभियान चलाकर समय-सीमा में आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास व मनरेगा विभाग के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर शत-प्रतिशत उपलब्धि लाने निर्देशित किया। सीईओ ने ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों में प्रगति लाने के लिए नोडल अधिकारियों को प्रति सप्ताह ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत एफएसटीपी, डीडब्ल्यूएम, ग्रेवाटर प्रबंधन कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निर्मित एसेट का शत प्रतिशत जीओ टैग करने कहा। उन्होंने प्रत्येक शनिवार को ग्रामों में स्वच्छता त्यौहार मनाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने अधिकारियों को स्वच्छता त्यौहार में शामिल होकर स्वच्छाग्राही दीदीयों को प्रोत्साहित करने और ग्रामीणों को समय पर स्वच्छता शुल्क देने के लिए प्रेरित करने कहा। उन्होंने सार्वजनिक स्थल पर कचरा फेंकने वालों पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने समग्र पोर्टल, मिशन जल रक्षा, कर वसूली सहित अन्य विषयों की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे। अन्य अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में फीफा फुटबॉल वितरण

कवर्धा/नवप्रदेश। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला में फीफा फुटबॉल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, भारत सरकार द्वारा फीफा के सहयोग से संचालित फुटबॉल फॉर स्कूल पहल के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सूचीबद्ध दिशा-निर्देशों के अनुसार कबीरधाम जिले के 25 सरकारी व निजी विद्यालयों को फुटबॉल वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर फुटबॉल खेल को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों का समन्वय स्थापित करना है। फीफा फुटबॉल वितरण कार्यक्रम का आयोजन एनके लांजेवार, नोडल प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय उडियाकला के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा और एसके यदु उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी वर्मा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। फुटबॉल जैसे खेल बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और शारीरिक सुदृढ़ता का विकास करते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी 25 विद्यालयों से आए छात्रों के मध्य फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संजय किशोर (पीजीटी हिंदी), शारीरिक शिक्षक हरिशंकर साहू, चंद्रकांत यादव (संगीत शिक्षक) सहित अन्य सहयोगी शिक्षक सक्रिय रहे। एसके मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

शहर के प्रमुख गार्डन, मंदिर, पर्यटन स्थलों पर तैनात रही पुलिस

कानून व्यवस्था कायम रखने पुलिस अलर्ट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वैलेंटाइन डे के अवसर पर जिले में कानून व्यवस्था के मद्देनजर राजनांदगांव पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सुबह से ही शहर के प्रमुख पार्क, गार्डन, मंदिर, पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थलों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक और अनुविभागीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था की सतत निगरानी कर रहे हैं। राजनांदगांव, डोंगरगढ़ व डोंगरगांव क्षेत्र के समस्त थाना प्रभारी अपनी-अपनी टीम के साथ मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। इस व्यवस्था में लगभग 150 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं> शहर के प्रमुख स्थानों पर विशेष प्वाइंट निर्धारित किए गए हैं, जहां निरंतर पेट्रोलिंग व निगरानी की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। महिला सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई है। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से प्रमुख चौराहों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों की मॉनिटरिंग की जा रही है। कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखा और डायल-112 आपातकालीन सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना, अफवाह या उकसाने वाली पोस्ट पर तत्काल संज्ञान लिया जा सके। होटल, लॉज व सार्वजनिक स्थलों पर भी नियमित जांच की जा रही है। शहर की शांति भंग करने, हुड़दंग करने, छेड़छाड़ या कानून को अपने हाथ में लेने का प्रयास करने पर राजनांदगांव पुलिस द्वारा सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला पुलिस ने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे संयम और मर्यादा बनाए रखें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम थाना या कंट्रोल रूम को दें।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202602100700015 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुज राम यादव अन्य 16 पिता स्व. इन्दुराम निवासी ग्राम सांकरा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 242/3, 431/1, 442/11, 456/1, 456/2 कुल रकबा 0.7470 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार इंदुराम, मानदास, घनाराम की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 02.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र 19/अ-20(3)/ वर्ष 2023-24
पंजी. 202602103800008

आवेदक सुजीत कुमार वैद्य आ. एन.सी. वैद्य निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2. 2/2 का दु. प्लाट नं. एम.आई.जी. 2/30 क्षेत्रफल 192 वर्गमीटर भूमि धारक संध्या वैद्य पति स्व. एन.सी. वैद्य निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक संध्या वैद्य पति स्व. एन.सी. वैद्य की मृत्यु दिनांक 04.08.2023 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री सुजीत कुमार वैद्य, मौसुमी राय, चैताली राय पिस. स्व. एन.सी. वैद्य है। आवेदक द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.02.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that 1, PUSHPLATA JAIN W/o YOGENDRA NARAYAN SIN??? age 30 years Resident 333/16, WARD NO., CHANDRA NAGAR, UMARPOTI POST- PURAI DISTT DURG (C.G.) 491107 have changed my old name PUSHPLATA JAIN D/O ASHOK JAIN So, in future I should be recognized by my new name that PUSHPLATA JAIN W/o YOGENDRA NARAYAN SINHNA in all Government and other documents.

**PUSHPLATA JAIN
W/o YOGENDRA
NARAYAN SINHNA
Resident: 333/16,
WARD NO., CHANDRA
NAGAR, UMARPOTI
POST PURAI DISTT
DURG (C.C.) 491107**

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती रिंकी चोपड़ा (RINKI CHOPRA) पति राजीव चोपड़ा निवासी एम.आई.जी. 370, पदमनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूं जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है एवं आ.नं. 6667 9318 2652 है। यह कि मेरा पुराना नाम रिंकु सलुजा (RINKU SALUJA) है जिसे त्यागकर नया नाम रिंकी चोपड़ा (RINKI CHOPRA) रख ली हूं तथा आज से समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में रिंकी चोपड़ा (RINKI CHOPRA) नाम से जानी व पहचाना जाये। अतः शपथपत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ती
रिंकी चोपड़ा पति राजीव चोपड़ा
निवासी एम.आई.जी. 370,
पदमनाभपुर दुर्ग
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजेगा गरियाबंद, महाशिवरात्रि पर बाबा भोलेनाथ की निकलेगी दिव्य पालकी

■ महाकाल की तर्ज पर सजेगी भोले की बारात, शिवभक्ति में डूबेगा नगर

गरियाबंद/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गरियाबंद में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शिवधाम भाकुरा बाबा भूतेश्वरनाथ मंदिर से इस वर्ष भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी।

उज्जैन महाकाल की तर्ज पर इस बार बोल भी बम सेवा समिति ने महाशिवरात्रि के दिन बाबा भूतेश्वर नाथ की पालकी के साथ भोलेनाथ की बारात निकालने की नई परंपरा की शुरुआत की है। पालकी मरौदा से निकलकर गरियाबंद पालिका क्षेत्र का भ्रमण करेगी। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पालकी का पुष्पवर्षा और आरती के साथ स्वागत किया जाएगा।

आयोजन समिति के अनुसार, यह तृतीय वर्ष है जब बाबा भूतेश्वर नाथ जी की पालकी नगर भ्रमण पर निकलेगी। महाकाल की असीम कृपा से आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल है। नई परंपरा आकर्षण और आस्था का केंद्र बनती जा रही है, जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

आयोजन समिति के सदस्य

बोल बम सेवा समिति गरियाबंद के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में अभिषेक तिवारी, यश मिश्रा, सानू निकेश सिन्हा, आशीष देवंशी, शुभम देवंशी, आशीष सिन्हा, अंकित देवांगन, अजय राठौर, नमन सेन, वंश दासवानी, मानव निर्मलकर, दानेंद्र चौहान, प्रशान्त राठौर, पंकज पाटिल, जय पटेल, प्रांजल साहू, कबीर सोनी, अनुराग सोनी, ओंकार सोनी, श्रेयांश सोनी, रोमी सिन्हा, अमन सरवा, विकाश पांडेय, विकास पिंजरा, विकाश यदु, राज डे, चन्दन, आयुष, पप्पू, शुभम सांग, मयंक सोनी, सुजल कोठारी, तरुण देवांगन, अभिनव देवांगन, नवीन साहू और खुशाल साहू की सक्रिय भूमिका रहेगी।

विशेष प्रस्तुतियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

- महाराष्ट्र की सुप्रसिद्ध जय महामाया झांकी, नागपुर
- वीर हनुमान झांकी, नागपुर
- स्वर सम्राट वादी किंग धूमाल, नागपुर
- रवि ऑडियो, अभनपुर
- भव्य आतिशबाजी
- छत्तीसगढ़ की पारंपरिक नृत्य राउत नाचा

न्यूज गैलरी

रामायण के राम अरुण गोविल आज राजिम कुंभ कल्प के मंच में

राजिम/नवप्रदेश। कुंभ कल्प मेला 2026 के अंतिम दिन महाशिवरात्रि के पावन मौके पर मुख्य मंच पर रामायण के राम अरुण गोविल की प्रस्तुति होगी इन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ आने की उम्मीद जताई जा रही है जिसे लेकर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दिया गया है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना आए, इसी तरह से मुख्य मंच पर ही महेश वर्मा के लोक माया की प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही बांसुरी वादन एवं गायन के रूप में गितिका बिलासपुर की प्रस्तुति होगी। स्थानीय नदी मंच में कोकड़ी भारती साहू मानस गायन, भसेरा घनश्याम साहू रामायण, चंपारण शिवनंदन चक्रधारी शिव भजन, चरोदा दुर्ग डॉक्टर संजय देवांगन कबीर भजन, राजिम सेजल शिंदे, शौर्य पटेल लोकगीत, रायपुर प्रशांत नीरज ठाकुर शिव सत्संग सेवा मंडली। इसी तरह से स्थानीय मंच में साल्हेभाटा मंजू रामटेके पंडवानी, रायपुर प्रकाश धीवर जगराता, बलोदाबाजार भाटापारा नीलकंठ साहू खंजरी वादन, चारामा चंद्रशेखर सिहसार लोक नृत्य, गरियाबंद रवि यादव राउत नाचा, संकरी जीवन साहू लोक कला, सिर्रीकला रामनारायण विश्वकर्मा डंडा नृत्य, मुनगाशेर पदमा पटेल लोक कला मंच, देवरी तोरण यादव राउत नाचा, चेतन यादव देवादा बेरला अखाड़ा की प्रस्तुति होगी।

महाशिवरात्रि पर कर्णेश्वर धाम में विशेष पूजा पाठ और महारुद्राभिषेक की भव्य तैयारी

नगरी/नवप्रदेश। ऐतिहासिक कर्णेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-पाठ एवं धार्मिक आयोजनों की व्यापक तैयारी की जा रही है।

कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 11वीं शताब्दी में राजा कर्णराज द्वारा निर्मित इस प्राचीन धाम को महाशिवरात्रि के अवसर पर आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव हो सके। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन प्रातःकाल से ही भगवान कर्णेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना एवं अभिषेक का क्रम प्रारंभ होगा। सायंकालीन बेला में ट्रस्ट द्वारा महारुद्राभिषेक, महाआरती एवं प्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं दिन के समय साकरा की मानस मंडली द्वारा शिव महिमा का भावपूर्ण गुणगान प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे पूरा धाम भक्तिमय माहौल में सराबोर रहेगा।महाशिवरात्रि आयोजन को सफल बनाने हेतु ट्रस्ट संरक्षक कैलाश पवार, उपाध्यक्ष रवि ठाकुर व रवि दुबे, सचिव भरत निर्मलकर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सह सचिव राम भरोसा साहू सहित ट्रस्ट के सदस्य मोहन पुजारी, प्रकाश बैश, नागेंद्र शुक्ला, योगेश साहू, छबि ठाकुर, बबलू गुप्ता, दुर्गेश साहू, ईश्वर जांगड़े, डोमार मिश्रा, महेंद्र कौशल, अनिरुद्ध साहू, गगन नाहटा, ललित निर्मलकर, संतु साहू, मिलेश साहू, प्रमेश निषाद सहित अनेक कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं।ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान शिव की आराधना में सहभागी बनने की अपील की गई है।

वैलेंटाइन डे के विरोध में बजरंग दल ने निकाली बाइक रैली

महासमुंद/नवप्रदेश। बजरंग दल ने शनिवार को शहर में वैलेंटाइन डे के विरोध में बाइक रैली निकाली। शहर के संजय कानन, संत रविदास गार्डन, इमली भाठा गार्डन, बीटीआई रोड स्थित गार्डन सहित अन्य गार्डन में बाइक रैली के माध्यम से पहुंचे। टाउन हॉल के पास स्थित गार्डन में एक प्रेमी युगल व दलदली रोड बगीचा में एक जोड़ी को देखा। उन्हें समझाइश देकर सुरक्षित जाने के लिए कहा गया। बजरंग दल के सदस्यों ने कहा कि ऐसे प्रेमी जोड़े जो वैलेंटाइन डे के नाम पर अश्लीलता फैलाने का काम करते हैं उन्हें ऐसा कृत्य करने से रोकना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। वेलेंटाइन डे हमारे देश की संस्कृति नहीं है, फिर भी कई लोग इस दिन पर फूहड़ता का परिचय देते हुए अश्लील कृत्य करते हैं। इस दिन मातृ पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाते हैं। आज ही के दिन पुलवामा हमले में हमारे देश के 40 जवान शहीद हुए थे। उन शहीद जवानों की शहादत को याद करते हुए यह दिन उन्हें श्रद्धांजलि देने का है। देश के युवाओं को इन्हीं मूल्यों को समझाने के लिए बजरंग दल द्वारा वैलेंटाइन डे का विरोध किया जाता है। इस बाइक रैली में बजरंग दल से छबि सिन्हा, जिला मीडिया प्रभारी गुड्डा सिन्हा, गौ रक्षा प्रमुख सुमन सेंद्रे, दीपक सिन्हा, कराटे मास्टर नीलकंठ साहू, चंदन नेताम, गोलू सिन्हा, राहुल ध्रुव, राहिल गुप्ता, वासु चंद्राकर, मोहन पटेल, नसीब टांडी, शिव नायक, सागर चंद्राकर, करण यादव, निखिल महानंद, लोकेश, त्रिलोक ठाकुर, निखिल महानंद, बिंदेश्वर, निहाल, सत्येंद्र ठाकुर, दुष्यंत शर्मा, प्रतीक साहू, भावेश चक्रधारी, टिकेश्वर चक्रधारी, नारायण साहू, सूरज सिंह, आकाश खत्री, दिनेश सिंह, नागेश्वर साहू, राजू मानिकपुरी, पुरस्कार देवदास, आकाश राज, रामेश्वर साहू, रोशन सेन, लक्की यादव, शुभम यादव, रोशन गिरि, नीलकंठ निषाद, देव, मोक्ष, आकाश, वासु खत्री, शुभम सीता डोंडेकर, समीर यादव, दिलीप यादव, राजेंद्र कुमार, बृजेश कुमार चंद्राकर, सुदर्शन चंद्राकर, हरिनारायण गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थें।

पहला एनुअल डे सेलिब्रेशन धूमधाम से मनाया गया, दर्शकों ने की सराहना

स्प्रिंगबोर्ड किड्स स्कूल में प्रतिभा की रंगीन शाम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा मंच

■ मुख्य अतिथि अनिल चंद्राकर बोले – संस्कार और शिक्षा से ही बनता है उज्ज्वल भविष्य

गरियाबंद/नवप्रदेश। शहर के प्रतिष्ठित स्प्रिंगबोर्ड किड्स स्कूल, गरियाबंद में शुक्रवार को पहला एनुअल डे सेलिब्रेशन बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। दोपहर 3:30 बजे से प्रारंभ हुए इस सांस्कृतिक समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर थे। उनके साथ जिला महामंत्री आशीष शर्मा, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, पार्षद छगन यादव, सूरज सिन्हा, मधु देवांगन एवं पुष्पा साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप

प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथि अनिल चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रारंभिक शिक्षा ही बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव होती है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, मंच कौशल और सांस्कृतिक समझ विकसित होती है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में वेलकम डांस (साउथ इंडियन), संबलपुरी नृत्य, बॉलीवुड गीतों पर आकर्षक समूह नृत्य, पंजाबी और दक्षिण भारतीय लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की रंग-बिरंगी वेशभूषा और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने सभागार को तालियों की गूंज से भर दिया। कई प्रस्तुतियों ने सामाजिक संदेश भी दिए, जिन्हें दर्शकों ने सराहा।

जिला महामंत्री आशीष शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार और आत्मविश्वास के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे मंच देना ही सच्ची शिक्षा है और स्प्रिंगबोर्ड किड्स स्कूल इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क और अनुशासन की भावना विकसित करते हैं। मंच पर प्रस्तुति देने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है, जो उनके भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

मेले की वास्तविक गरिमा जनता की आस्था, विश्वास और सहभागिता : कौशल्या साय

■ राजिम कुंभ कल्प के 13वें दिन महानदी की महाआरती में शामिल हुई मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प के 13वें दिन आध्यात्मिक आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिला, जब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय कुंभ मेले में पहुंचीं और महानदी महाआरती में सहभागी बनीं। त्रिवेणी संगम तट पर आयोजित इस भव्य आयोजन में श्रीमती साय ने साधु-संतों के साथ पूरे विधि-विधान से महानदी की आरती कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कौशल्या देवी साय ने संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेशवासियों की उन्नति एवं कल्याण की प्रार्थना की।

जबलपुर से पधारी साध्वी प्रज्ञा भारती के सानिध्य में ग्यारह पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाआरती सम्पन्न कराई। आरती घाट पर ज्यों ही आरती प्रारंभ हुई, शंखनाद, कपूर की सुगंध, दीपों की लौ से पूरा परिसर भक्तिरस में डूब गया। एक साथ प्रज्वलित आरती दीप और वैदिक मंत्रों की गूंज ने त्रिवेणी संगम को अलौकिक बना दिया। उपस्थित श्रद्धालु इस दिव्य दृश्य के साक्षी बने।

कुंभ की सफलता जनता की आस्था से - कौशल्या देवी साय

महानदी की आरती के बाद श्रीमती साय मुख्यमंच पहुंची और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के बड़े-बड़े कुंभ मेलों में पहुंच पाना हर किसी के लिए संभव नहीं होता, कई लोग इच्छा होने के बावजूद दूरियों के कारण नहीं जा पाते। लेकिन अब छत्तीसगढ़ के प्रयाग कहे जाने वाले राजिम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले कुंभ कल्प के माध्यम से प्रदेशवासियों को अपने ही राज्य में संतों का सानिध्य और आध्यात्मिक वातावरण प्राप्त हो रहा है।

भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला कार्यसमिति की औपचारिक घोषणा

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले की राजनीतिक गतिविधियों में नई ऊर्जा का संचार करते हुए भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला कार्यसमिति की औपचारिक घोषणा कर दी गई है। यह निर्णय प्रदेश नेतृत्व की अनुमति और जिला संगठन की सहमति से लिया गया, जिससे संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव तथा संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में, साथ ही अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह की स्वीकृति के बाद नई टीम को अंतिम रूप दिया गया। जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी और जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर की सहमति से मोर्चा जिला अध्यक्ष सियाराम ध्रुव ने कार्यसमिति का गठन किया।नवगठित कार्यसमिति में तरूण ठाकुर (पप्पू ठाकुर) को उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकर्ताओं ने नई टीम का स्वागत करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, जनसंपर्क अभियान तेज करने और जनजातीय समाज के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर सहित आशीष शर्मा,सुरेंद्र सोंटेके, राधेश्याम सोनवानी, सुमित पारख, अख्तर खान ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन की एकजुटता पर बल दिया।

नर्मदेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा व भव्य महाशिवरात्रि समारोह

भव्य कलश शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

गरियाबंद/नवप्रदेश। आस्था, उमंग और महादेव के जयकारों के बीच शनिवार को गरियाबंद जिला के आमदी ग्राम पंचायत शिक्षक नगर के शिवलिंग मंदिर प्रांगण में श्री नर्मदेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा व भव्य महाशिवरात्रि समारोह-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। पहले दिन आयोजित भव्य कलश शोभायात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। इसके बाद शोभायात्रा ढोल-नगाड़े, गाजे-बाजे और पारंपरिक

वाद्यों की गूंज के साथ मंदिर प्रांगण से रवाना हुई। यात्रा में शामिल सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे। शोभा यात्रा शिक्षक नगर आमदी से होते हुए पुराना आमदी शीतला मंदिर तालाब के तट पर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। शीतला मंदिर तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। इसके पश्चात सिर पर मंगल कलश धारण कर श्रद्धालु पैदल वापस मंदिर प्रांगण पहुंचे। आयोजन समिति ने बताया कि शनिवार को शिव परिवार का नगर भ्रमण व विशेष पूजन हुआ।

जबकि 15 फरवरी रविवार को प्राण प्रतिष्ठा, महाशिवरात्री महोत्सव और भंडारा का आयोजन किया जायेगा। मौके पर सोहन देवांगन, अवधराम देवांगन, कमलेश गोस्वामी, सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

राष्ट्रीय गौरव ग्राम पंचायत बेलरगांव के मुख्य मार्ग सहित कई स्थानों पर कूड़ा-कचरे के ढेर

■ क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे

नगरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय गौरव ग्राम पंचायत बेलरगाँव के मुख्य मार्ग सहित कई स्थानों पर कूड़ा-कचरे के ढेर लगे होने से क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। मार्ग किनारे रखे गए कूड़ेदानों से कचरा बाहर गिरकर नालियों में भर रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और राहगीरों तथा स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि यह मुख्य मार्ग अत्यंत व्यस्त है, जहाँ से प्रतिदिन हजारों लोग, स्कूल जाने वाले बच्चे, आम नागरिक तथा जनप्रतिनिधि गुजरते हैं। इसके बावजूद लंबे समय से सफाई व्यवस्था की अनदेखी होने के कारण स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। स्थानीय लोगों

का कहना है कि मार्ग से गुजरते समय तेज बदबू के कारण उन्हें असुविधा होती है और आसपास रहने वाले परिवारों व दुकानदारों के लिए यह समस्या और भी गंभीर बन गई है।

ग्रामीणों व व्यापारियों ने चिंता जताते हुए कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो इससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी उत्पन्न हो सकते हैं।

जिला स्तरीय मछुवारा सम्मेलन दारगांव में संपन्न, मंत्री गजेंद्र यादव हुए शामिल

धमधा/नवप्रदेश। दुर्ग जिला मछुआ सोसायटी विकास परिषद के तत्वाधान में जिला स्तरीय मछुवारा सम्मेलन आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि गजेंद यादव (कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन) तथा अध्यक्षता कुंवरसिंह निषाद विधायक गुण्डरदेही प्रांताध्यक्ष निषाद समाज के अतिथि में संपन्न हुआ तथा विशिष्ठ अतिथि दीपेश साहू विधायक बेमेतरा,ईश्वर साहू विधायक साजा, जितेंद साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड (राज्य मंत्री छ. ग शासन) , श्वेता अग्रवाल अध्यक्ष जनपद पंचायत धमधा,

एन. के तिवारी पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत धमधा, उक्त कार्यक्रम में मछुवारों ने मांग अतिथियों से किया जिसमें मुख्य रूप से मत्स्य अधिनियम , पट्टा नवीनीकरण, उच्च शिक्षा में 5त्त आरक्षण, मछुआ आवास तालाब/जलाशय में मछली बिक्री में वृद्धि सहित सात बिंदुओ से मांग प्रमुखता से रखा गया ।

पेज 1 का शेष

बैल के हुंकार की आवाज, हर...

210 फीट गोलाकार में है। राजस्व विभाग द्वारा प्रतिवर्ष इसकी ऊंचाई नापी जाती है जो लगातार 6 से 8 इंच बढ़ रही है।

मरोदा में विश्व के सबसे विशालतम स्वयंभू शिवलिंग पर लोगों की गहरी आस्था है। यहां महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसी मान्यता है कि भूतेश्वरनाथ महादेव स्वयंभू शिवलिंग हैं, जिसकी पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालुओं की मुरादे पूरी होती है। इसी श्रद्धा और विश्वास के चलते ही भूतेश्वरनाथ महादेव शिवभक्तों के आस्था का केंद्र है।

गरियाबंद का यह शिवलिंग विश्व का सबसे विशाल और प्राकृतिक शिवलिंग के रूप में माना जाता है। यह शिवलिंग प्रतिवर्ष अपने आप बढ़ता जा रहा है। श्री भूतेश्वर धाम महिमा में लिखा गया है कि इस शिवलिंग की ऊंचाई सन 1978 में 48 फीट, सन् 1987 में 55 फीट, सन 1996 में 62 और सन् 2025 में इनकी ऊंचाई 72 फीट ऊंचा और 210 फीट गोलाकार में है। शिवलिंग के समीप प्राकृतिक जलहरी है, शिवलिंग के पीछे बाबा कि प्रतिमा है, जिसमें माता पार्वती व गणेश, कार्तिक, नंदी के साथ विराजमान हैं। जहां पर पंचमुखी शिवलिंग के दर्शन होते हैं। पिछले 15 से 20 वर्षों में यहां पहुंचने वाले भक्तों की संख्या में कई गुना इजाफा हुआ है। आज महाशिवरात्रि पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु भूतेश्वरनाथ के दर्शन को पहुंचेंगे, जिसे लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

तेज रफ्तार ने छीनी...

में जा घुसी।

मौके पर पहुंची पुलिसः टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार जवान बुरी तरह अंदर ही फंस गए। यह पूरी घटना अर्जुनी थाना क्षेत्र की है। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे, घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया।

मोदी वायुसेना के...

लैंडिंग और टेकऑफ करके दिखाया। डेमो 30 मिनट तक चला। पीएम ने इसके बाद ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मन सेतु और आईआईएम गुवाहाटी के टेंपरेरी कैंपस का उद्घाटन किया। पीएम मोदी का यह पिछले तीन महीने में तीसरा असम दौरा है। असम में इसी साल विधानसभा चुनाव है। राज्य में 2016 से लगातार दो बार एनडीए की सरकार बनी है। इससे पहले 2001-2016 तक कांग्रेस की सरकार थी।

पीएम मोदी के भाषण की 5 खास बातें

- कांग्रेस के समय असम को पाई-पाई के लिए तरसाया जाता था। तब टैक्स के हिस्से के रूप में सिर्फ 10 हजार करोड़ रुपये मिलते थे। भाजपा की सरकार में 5 गुना ज्यादा मिल रहे हैं।

- जब मैं प्लेन से मोरन हाईवे पर उतरा तो नया इतिहास बन गया। कभी नार्थ ईस्ट का नाम आते ही लोग सोचते थे कि छोड़ो टूटी सड़क मिलेंगी तो कब ही पहुंचेंगे। आज यहां हाईवे पर हवाई जहाज भी लैंड करते हैं।

- भाजपा सरकार ने 10 साल में ब्रह्मपुत्र पर 5 बड़े पुल बनाए। कांग्रेस की 70 साल की सत्ता में 3 पुल बने। यह बताता है कि कांग्रेस ने असम को समस्या दी और हमने समाधान दिए।

- पिछले 12 साल में जब भी कोई नई शुरुआत हुई तो उसका फायदा नार्थ ईस्ट को मिला। वंदे भारत शुरू हुई तो असम नार्थ ईस्ट कनेक्ट हो गया। स्लीपर वंदे भारत भी असम से शुरू हुई।

- असम के लोगों के वोट के कारण यहां लाखों परिवारों के घर बने। शौचालय बने। पीने का पानी घर तक पहुंचा। इस पुण्य का हकदार भाजपा के बूथ का कार्यकर्ता है।

सीजीएमएससी के एसडीओ की...

थे। जिनकी नजर कार पर पड़ी। अंदर ड्राइविंग सीट पर शोभाराम देवहारी बेसुध पड़े थे। जिसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी फौरन बोधघाट पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंची। जिसके बाद किसी तरफ कार का लॉक खोलकर शव को बाहर निकाला गया।

शराब की बोलत और चखना भी मिला

पुलिस की शुरुआती जांच में कार की तलाशी लेने पर कार के अंदर से शराब की बोतल और चखना भी मिला है। जिससे ये अनुमान लगाया जा रहा है कि इन्होंने 13 फरवरी की रात कार में बैठकर शराब भी पी थी। हालांकि, शरीर में किसी भी तरह के चोट के निशान नहीं हैं। हार्ट अटैक से इनकी मौत हुई है या फिर मौत का कारण कुछ और है फिलहाल अभी यह स्पष्ट नहीं है। बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि, शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। हम मामले की जांच कर रहे हैं। जांच और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

चुनी हुई सरकार को काम...

साथ ही हाईकोर्ट की दखलअंदाजी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी भी जताई। रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा राज्य सरकार के फैसलों में बार-बार किए जा रहे हस्तक्षेप पर नाराजगी जताई। मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि हाईकोर्ट निर्वाचित सरकार को काम नहीं करने दे रहा है।

महाशिवरात्रि उत्सव : धर्मनगरी कवर्धा में निकलेगी भव्य महाकाल बारात, भक्तों को लुभाएगी आकर्षक झांकियां

कवर्धा/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल, कवर्धा द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भगवान श्री महाकाल की भव्य बारात निकाली जाएगी तथा शिव-गौरी विवाह का दिव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा इस अलौकिक कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

आयोजन समिति के विकाश केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्मनगरी कवर्धा की श्रद्धालु जनता, देवी-देवताओं एवं भूत-प्रेतों की आकर्षक झांकियों के साथ बाजे-गाजे और भक्ति संगीत के बीच भगवान भोलेनाथ की उपासना करते हुए बारात में शामिल होगी। इस वर्ष भी पूरे आस्था, उत्साह और भव्यता के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा।

महाभिषेक से होगा कार्यक्रम का शुभारंभः तय कार्यक्रम के अनुसार श्री बूढ़ामहादेव मंदिर में दोपहर 2:30 बजे भगवान शिव का महाभिषेक कर कार्यक्रम की शुरुआत होगी। पूजा-अर्चना उपरांत भगवान श्री महाकाल की भव्य बारात निकाली जाएगी। महाकाल

दूल्हा बन भक्तों को दर्शन देंगे महाकाल

की बारात माँ महामाया मंदिर के सामने भारत माता प्रतिमा प्रांगण पहुँचेगी, जहाँ भगवान शिव और माता गौरी का दिव्य विवाह संपन्न कराया जाएगा। तत्पश्चात भगवान श्री महाकाल की भस्म आरती की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इस वर्ष महाकाल की बारात में हरियाणा के सिरसा से आए प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा श्री काल भैरव की भव्य एवं अद्भुत झांकी प्रस्तुत की जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार यह झांकी देश में पहली बार प्रदर्शित होगी। श्री काल भैरव जी नगर भ्रमण करेंगे, जिनके साथ अघोरी, भूत-प्रेत एवं देवी-देवताओं की झांकियाँ बारात की शोभा बढ़ाएँगी।

भगवान नरसिंह एवं बाहुबली हनुमान रहेंगे आकर्षण का केंद्रः कार्यक्रम में विशेष रूप से बाहुबली हनुमान एवं भगवान नरसिंह जी की झांकी भी महाकाल की बारात में शामिल होगी, जो शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का विषय बनी हुई है।

युवा कलाकारों की विशेष प्रस्तुति

कवर्धा के युवा कलाकार सोनू निर्मलकर द्वारा प्रसिद्ध फिल्म पुष्पा के एक गीत पर विशेष मंचन प्रस्तुत किया जाएगा, जो माँ काली को समर्पित रहेगा। पर्यावरण संरक्षण का संदेश-आयोजन के छठे वर्ष में इस पूरे कार्यक्रम को पर्यावरण संरक्षण की भावना को समर्पित किया गया है। भगवान महाकाल की प्रतिमा निर्माण से लेकर अन्य व्यवस्थाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि समाज में प्रकृति संरक्षण का सकारात्मक संदेश प्रसारित हो।

न्यूज गैलरी

प्रज्ञेश्वर महादेव में रुद्राभिषेक आज

महासमुंद/नवप्रदेश। बेमचा स्थित गायत्री मंदिर में स्थापित प्रज्ञेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक महाशिवरात्रि पर्व पर होगा। शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में प्रतिवर्ष श्रवण अक्षय तृतीया एवं महाशिवरात्रि पर्व पर विधि विधान पूर्वक रुद्राभिषेक होता है। प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक रुद्राभिषेक एवं 12 से 1 बजे एक कुंडीय गायत्री यज्ञ होगा। श्रद्धालुजन गाय का दूध, दही, घी, गंगा जल, शहद, चंदन, धतूरे का फूल एवं बेलपत्र लाकर रुद्राभिषेक में शामिल हो सकते है। साथ में रुद्राष्टक एवं शिव पंचाक्षत्रि मंत्र का पाठ सम्पन्न होगा। यह उक्त जानकारी समिति के रविकांत चंद्राकर ने दी है।

45 लीटर महुआ शराब के साथ तीन गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने 9 हजार कीमत 45 लीटर महुआ शराब के साथ तीनों लोगों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम सागुनढाप कोड़ाडीपा के सौरखार के पास अवैध रूप से बना रहे महुआ शराब स्थल पर छापामारी कार्रवाई की गई। इस दौरान घटना स्थल पर 45 लीटर कच्चा महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने सार्तिक जमींदार पिता समारु (50), देवेंद्र कुमार जमींदार पिता शिवचरण जमींदार (26) और श्रीकांत जमींदार पिता कार्तिक जमींदार (19) कोड़ाडीपा को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

अवैध शराब बनाने वाले 6 लोगों से 133 लीटर शराब बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। अवैध रूप से शराब बनाने वाले 6 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 26600 रुपए कीमती 133 लीटर शराब बरामद की गई है। महासमुंद थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने लभरा कला निवासी दशरथ खड़िया (22) से 30 लीटर महुआ शराब, बाबूलाल खड़िया (56) से महुआ शराब 25 लीटर, नंद कुमार कमार (25) के कब्जे से महुआ शराब 24 लीटर, नंद कुमार खड़िया (40) से महुआ शराब 21 लीटर, बनर सिंह कमार (55) से महुआ शराब 18 लीटर, दिलीप कमार (42)से महुआ शराब 15 लीटर बरामद की गई है।

गैस एजेंसी के पास से बाइक चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। बेलसोंड़ा के वार्ड नंबर 11, धीवरपारा निवासी तेजराम धीवर ने थाने में बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, 10 फरवरी की दोपहर लगभग 3:15 बजे वह अपनी बाइक सीजी 04 पीएक्स 9676 (काले रंग की स्प्लेंडर) को गैस एजेंसी के पास खड़ी कर काम से गया था। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक गायब थी। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन पता नहीं चल सका। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

स्कूटी हटाने की बात पर मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा पुलिस ने मारपीट के मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को वार्ड 11 डबरापारा बागबाहरा निवासी रिम्पा सोनवानी ने बताया कि 11 फरवरी को लगभग 10 बजे ओमप्रकाश उसे घर में छोड़कर जा रहा था। उसी समय आत्मानंद स्कूल के पास अचानकपारा में किशोर दीप और कमल दीप अपनी स्कूटी को रास्ते में खड़ी कर दिया था। जिसे देखकर ओमप्रकाश ने स्कूटी को रास्ते से हटाने कहा। जिस पर दोनों गाली-गलौज करने लगे, जिसे सुनकर प्रार्थिया के बेटे विवेक सोनवानी ने गाली-गलौज करने का कारण पूछा, जिस पर आरोपियों ने मारपीट की, जब वह बीच-बचाव करने पहुंचीं, तो जान से मारने की धमकी देते हुए उनसे भी मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351 (2) के तहत जुर्म कायम किया गया है।वहीं प्रार्थी किशोर दीप ने पुलिस को बताया कि 11 फरवरी की रात लगभग 10 बजे आत्मानंद स्कूल के पास अचानकपारा बागबाहरा में अपनी स्कूटी सड़क किनारे खड़ी कर कमल दीप के साथ बैठा था। उसी समय ओमप्रकाश साहू कार में रिम्पा सोनवानी को बिठाकर ला रहा था। जिन्होंने हमें देखकर गालियां देते हुए स्कूटी हटाने कहा। इसी बात पर प्रार्थी और कमल दीप से झगड़ा करने लगे। मामले में पुलिस ने आरोपी रिम्पा सोनवानी, विवेक सोनवानी, ओमप्रकाश साहू, नजरू नेगी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

सार्वजनिक जीवन में बढ़ती अशिष्टता और भ्रम की राजनीति करने वालों पर अजय का कड़ा प्रहार

कुरुद महाविद्यालय और भखारा के स्नेह मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक अजय चंद्राकर

- **कहा- केवल सत्ता की राजनीति कर्तव्यों और जनसेवा पर शून्य**

कुरुद / नवप्रदेश। राजनीति जब केवल सत्ता का माध्यम न रहकर समाज की नियति बदलने का अनुष्ठान बन जाए, तो कुरुद जैसा विजन जन्म लेता है। विधायक अजय ने शिक्षा पर कुरूद के भविष्य का वह 'ब्लूप्रिंट' साझा किया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वर्णिम युग की आहट है। उक्त बाते वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने पीजी कॉलेज कुरूद के वार्षिकोत्सव पर कही।

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद एवं भखारा के 'स्नेह मिलन एवं पुरस्कार वितरण' समारोह के पावन मंच के मुख्य अतिथि कुरूद ?विधायक चंद्राकर एवं विशिष्ट अतिथि गोकरण साहु जिला पंचायत उपाध्यक्ष, गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद , ज्योति जैन अध्यक्ष नगर पंचायत भखारा सहित टीकेश साहु, भोजराज चंद्राकर ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय चन्द्राकर ने कुरुद के पिछले कालखंडों को 'डार्क एज' (पिछड़ा काल) की संज्ञा देते हुए कहा कि मेरे विधायक बनने के बाद दो बार ऐसा समय आया जब खुद को नेता कहने वालों ने विकास की एक ईंट तक नहीं लगाई। उन्होंने रेखांकित किया कि स्वतंत्रता के सात दशकों पश्चात अब कुरुद अपने वास्तविक उत्कर्ष की दहलीज पर खड़ा है। आजादी के बाद पहली बार कुरुद विधानसभा में एग्रीकल्चर, बीएड, नर्सिंग, विधि, पॉलिटेक्निक और लाइवलीहुड जैसे सात विभिन्न संकायों के महाविद्यालय एक साथ संचालित होने जा रहे हैं। ये सभी संस्थान 'जॉब ओरिएंटेड' हैं, जो भविष्य में इतिहास की तरह याद किए जाएंगे। उनका दृढ़ संकल्प है कि प्रदेश का सकल नामांकन अनुपात (त्नश्चक्र) चाहे जो भी हो, किंतु कुरुद 50 प्रतिशत की ऊंचाई को स्पर्श करे।

?सार्वजनिक जीवन में बढ़ती अशिष्टता और भ्रम की राजनीति पर कड़ा प्रहार करते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए एक ऐसा वातावरण तैयार करना है जहाँ वे अपनी योग्यता साबित कर सकें। इसके लिए 'शिक्षित और संस्कारित' नेतृत्व अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्रिस्तरीय पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक केवल पढ़े-लिखे और बौद्धिक लोगों का ही पदार्पण होना चाहिए। यह पावन धरा उन लोगों की शरणस्थली कभी नहीं हो सकती जो अशिष्टता, नशे और अभद्रता के सहारे राजनीतिक रोटी सेंकते हैं और अच्छे कार्यों का विरोध कर जनता को बरगलाते हैं।

इस अवसर पर कॉलेज का प्रतिवेदन प्राचार्य श्री मिशा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, पूर्व छात्रों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।।

बोल बम सेवा समिति ने महाशिवरात्रि से पहले निकली भव्य कलश यात्रा

- **दूसरे दिन वैदिक मंत्रों के साथ कलश स्थापना एवं पूजन प्रारंभ**
- **बाबा बैद्यनाथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आज**

कुरूद / नवप्रदेश। नगर मे महाशिवरात्रि उत्सव मनाने आज 13 फरवरी से 15 फरवरी बाबा बैधनाथ मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में अराध्य देवी चंडी मंदिर, अराध्य देव जलेश्वर महादेव कुरूद से वन्देमातरम वार्ड में नवनिर्मित बाबा बैधनाथ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के लिए बोल बम सेवा समिति के तत्वावधान मे कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। नगर के इस ऐतिहासिक अवसर पर शिव भक्तों के लिए विशाल शिव मंदिर बनाया गया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, नगर पालिका परिषद कुरूद के अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर, वंदे मातरम् सेवा समिति के अध्यक्ष भानु चंद्राकर और जनप्रतिनिधियों ने समस्त शिवभक्तो एवं नगरवासियों को हार्दीक बधाई दी है।

कार्यालय कलेक्टर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

-:: सार्वजनिक सूचना ::-

क्रमांक / 521 / भू-अर्जन/भूक्रनी/2025 राजनांदगांव, दिनांक 10/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि कय नीति, 2016 के तहत औद्योगिक प्रयोजन हेतु प्रभावित ग्राम पटेवा, प.ह.नं. 07, रा.नि.मं. घुमका, तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव के निम्नलिखित भू-धारक की भूमि की आवश्यकता होने के कारण महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, राजनांदगांव के पक्ष में कय किए जाने पर विचार किया जा रहा है:-

क्र.	भूधारक का नाम	खसरा नंबर	कुल धारित रकबा (हे. में)	अर्जित भूमि का क्षेत्रफल (हे. में)	भूमि का किस्म
1	लताबाई पति भरत जाति ब्राम्हण,	482/2	0.497	0.497	असिंचित भूमि
2	कुन्तल पिता चिमन भाई जाति गुजराती	27/2, 28, 29, 30/1, 30/2, 30/3, 30/4, 31, 32, 33, 35/1, 36, 39, 41/2, 42, 43/2, 43/3, 43/5, 43/6, 43/7, 44/1, 44/2 44/3, 44/4, 45, 51, 52, 54, 55/1, 55/2, 56, 57, 58/1, 58/2, 61, 62/2, 62/3, 35/2, 35/3, 37/2, 38, 40, 41/1, 43/4, 48, 49, 50/2, 53, 59, 60/2, 60/3, 62/1 कुल खसरा नंबर 52	8.343	8.343	सिंचित भूमि
3	आशीष पिता चिमन भाई जाति गुजराती	27/1, 37/1, 46/1, 46/2, 50/3, 60/1	0.586	0.586	सिंचित भूमि
4	चन्द्रहास, बालकुमार, सुरेश, नेहा, कामिनी बाई सभी पिता कन्हैया लाल साहू, सुन्दरिया पति कन्हैयालाल, जाति तेली	43/1	0.020	0.020	असिंचित भूमि
5	शुभम सोलंकी पिता आशीष सोलंकी	47	0.344	0.344	सिंचित भूमि
6	शिवप्रसाद, जिलेराम, उमेदपाल, रामप्रसाद सभी पिता कालूराम जाति गढ़रिया	50/1	0.101	0.101	सिंचित भूमि
7	दयालाल पिता मिंदरन, श्यामकुंवर बाई पति मिंदरू जाति साहू	22/10	2.023	2.023	असिंचित भूमि
8	राजेश कुमार पिता महेश कुमार साहू जाति तेली	22/4	2.023	2.023	सिंचित भूमि
9	ममता पति सतराम, संतोषी, कोमेश, सेवती, शीतल सभी पिता संतराम, अनुपा पति विष्णु, जाति मेहर	22/8	2.023	2.023	असिंचित भूमि
10	ईश्वरी, शकुन, कुसुम, कदम, बिटन, ममता सभी पिता हिरदेराम, जामिन पति हिरदेराम जाति मेहर	22/11	2.023	2.023	असिंचित भूमि
11	देवानंद पिता फिरतू जाति लोहार	22/17	0.327	0.327	असिंचित भूमि
12	कपिल साहू, सालिक राम साहू, बिन्दु साहू, भाना साहू सभी पिता आरती राम साहू सुकलिया बाई उर्फ सकुन, कुमारी बाई. सगुनबाई, कुसुम बाई, कामनीबाई, रहिमत सभी पिता मेहतरू जाति तेली	22/9	1.214	1.214	असिंचित भूमि
13	तुकाराम पिता कलाराम जाति लोधी	22/12	2.023	2.023	सिंचित भूमि
14	संतोष कुमार, संतराम, संतूराम, टीकम, शांतीबाई, कांतिबाई, सभी बल्लू, धनमत पति बल्लू जाति यादव	22/5	2.023	2.023	असिंचित भूमि
	योग- 14	70	23.570	23.570	

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वत: अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर,
जिला-राजनांदगांव

जी-252606656/2

खेल में अनुशासन व खेल भावना आवश्यक : निखिलकांत

महासमुंद। महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खट्टी में युवा समिति द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। श्री साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्पर्धा शुरू कराया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल कोई भी हो उसमें अनुशासन और खेल भावना आवश्यक है। अनुशासन में रहकर खेलने वाला खिलाड़ी ही एक बेहतर खिलाड़ी होता है।

जीत से अति उत्साहित तथा हार से निराश न होकर अपनी प्रतिभा में निरंतर सुधार लाने का प्रयास करने से सफलता मिलती है। उन्होंने आयोजक टीम को प्रतियोगिता की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विशेष रूप से जनपद सदस्य पुष्पा ध्रुव, सरपंच अनीता मोतीलाल मेहरा, संतोषी साहू पंच, मिथलेश यादव, राम शरण पटेल, रामनाथ यादव, तुलेश्वर देवांगन, राजेश देवांगन, हेमराज साहू, लक्ष्मण मीरी, आदित्य शर्मा, टिकेश्वर यादव, गीतेश यादव, चमन साहू, हरजीत पटेल आदि उपथित रहे।

बंजरपारा अकलतरा में मातृ-पितृ पूजन संपन्न

भाटापारा /नवप्रदेश। भारतीय संस्कृति में माता-पिता को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। रामायण में भी स्पष्ट है कि, प्रातः काल उठि के रघुनाथा, मात-पिता गुरू नावहिं माथा। शासकीय प्राथमिक शाला - बंजर पारा अकलतरा में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता की आरती, फूल, गुलाल, माला से स्वागत किया, एवं आशीर्वाद प्राप्त किये। संस्था में पहली बार आयोजित कार्यक्रम में अधिक संख्या में पालकों की उपस्थिति रही।

टोहड़ी घाट शिवनाथ नदी में अवैध गतिविधियां रोकना जरूरी

भाटापारा /नवप्रदेश। भाटापारा शहर की प्यास बुझाने वाली नगर से 4 किलोमीटर दूर टोहड़ीघाट स्थित उत्तर दिशा मे बहने वाली शिवनाथ नदी में लोगो के बेरोक-टोक आवाजाही को रोकने की दरकार है क्योकि वहां पर अधिकत्तर शराब पीने व मांस मुर्गा पकाने वालो का डेरा आये दिन देखने को मिलता रहता है। टोहड़ीघाट जल अधिग्रहण क्षेत्र में सन् 1935 से शहर को पीने का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

85 फरार वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- **आरोपियों में 21 स्थायी और 64 गिरफ्तारी वारंटी शामिल**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महासमुंद पुलिस ने फरार अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर तीन दिनों में 85 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में 21 स्थायी और 64 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं, जिन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस का यह विशेष अभियान 9 से 11 फरवरी तक लगातार चलाया गया। इस दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर लंबे समय से फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई के माध्यम से पुलिस ने स्पष्ट संकेत दिया है कि जिले में शांति और कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अपराध नियंत्रण के लिए इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी औचक रूप से जारी रहेंगे, ताकि जिले में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बना रहे।

सरायपाली अनुविभाग में सबसे अधिक वारंटों की तामिली

सरायपाली अनुविभाग में सबसे अधिक 35 वारंटों की तामिली हुई। सरायपाली थाने से 20, बसना से 8 और सिंघोड़ा से 7 वारंटी गिरफ्तार किए गए। बागबाहरा अनुविभाग में बागबाहरा, कोमाखान और तेन्दूकोना थानों की संयुक्त कार्रवाई में 22 वारंटी पकड़े गए। पिथौरा अनुविभाग में पिथौरा, पटेवा और सांकरा थाना क्षेत्रों से 15 वारंटों का निष्पादन किया गया। महासमुंद अनुविभाग में कोतवाली, तुमगांव और खल्लारी क्षेत्र से 13 वारंटी गिरफ्तार किए गए।

हत्या की आशंका : पुलिस कर रही मामले की जांच, रायपुर के बताई जा रही युवती

नहर पोल में मिली युवती की सड़ी-गली लाश

राजिम/ नवप्रदेश। राजिम थाना क्षेत्र में नहर किनारे मिली सड़ी-गली लाश मिली है। मृतका की पहचान चंचल साहू के रूप में की गई, जो रायपुर की रहने वाली थी। वह पिछले 15 दिनों से लापता थी। रायपुर से करीब 55-60 किमी दूर शव मिलने से मामला संदिग्ध हो गया। फिलहाल पुलिस सभी संभावित एंगल से मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार श्यामनगर-देवरी मार्ग पर ग्राम धुमा स्थित नहर के पास तेज दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस को एक युवती की सड़ी-गली लाश बरामद हुई थी। शव की हालत इतनी खराब थी कि पहचान मुश्किल हो रही थी। पुलिस ने विभिन्न थानों से गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगली। जांच में मृतका की पहचान चंचल साहू (21 वर्ष) के रूप में हुई है, जो रायपुर के संतोषी नगर की रहने वाली थी। वह बीकॉम फाइनल ईयर की छात्रा थी और 30 जनवरी को घर से बिना बताए निकली थी।परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद 31 जनवरी को टिकरापारा थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि युवती का शव घर से लगभग 55-60 किलोमीटर दूर सुनसान नहर किनारे मिला।

जांच के लिए पहुंची फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीम

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के साथ फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतका की कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाल रही है और उसके संपर्कों की जांच कर रही है। राजिम थाना प्रभारी अमृत लाल साहू के नेतृत्व में टीम हर एंगल से जांच में जुटी है।

प्रेम-प्रसंग में हत्या की आशंका

सूत्रों के अनुसार मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हो सकता है। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आशंका जताई जा रही है कि युवती की मौत के बाद युवक ने आत्मघाती कदम उठाया हो। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

नन्हे कदम, सशक्त भारत: महासमुंद, धमतरी, मुंगेली और नारायणपुर जैसे जिलों में दिखाई दे रहा परिवर्तन

आंगनबाड़ी केंद्रों का राष्ट्रीय रूपांतरण: शिक्षा, पोषण, सुरक्षा और रोजगार का समन्वित मॉडल

रायपुर/नवप्रदेश। भारत का भविष्य जिन नन्हे कदमों पर आगे बढ़ता है, वे आज देशभर के आंगनबाड़ी केंद्रों में आत्मविश्वास, जिज्ञासा और मुस्कान के साथ नई दिशा पा रहे हैं। कभी केवल पोषण और देखभाल तक सीमित माने जाने वाले आंगनबाड़ी केंद्र आज प्रारंभिक बाल शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक चेतना और ग्रामीण रोजगार के बहुआयामी केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के महासमुंद, धमतरी, मुंगेली और नारायणपुर जैसे जिलों में दिखाई दे रहा यह परिवर्तन अब राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रेरक मॉडल के रूप में स्थापित हो रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) और महिला एवं बाल विकास विभाग के अभिशरण से निर्मित नवीन आंगनबाड़ी भवनों ने Building as Learning Aid (BALA) की अवधारणा को जमीनी स्तर पर साकार कर दिया है।11.69 लाख रुपए की लागत से निर्मित प्रत्येक भवन में दीवारों, फर्श, सीढ़ियों, दरवाजों और खुली जगहों को शिक्षण माध्यम के रूप में विकसित किया गया है।

धमतरी का बाला मॉडल

प्रारंभिक बाल शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाने की दिशा में धमतरी जिले का बाला मॉडल एक उल्लेखनीय उदाहरण बनकर उभरा है। मनरेगा, महिला एवं बाल विकास विभाग और 15वें वित्त आयोग के सहयोग से जिले में 81 बाला आधारित आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण प्रारंभ किया गया है, जिनमें से 51 केंद्र पूर्ण हो चुके हैं।

न्यूज गैलरी

सार्वजनिक वितरण प्रणाली पूरी तरह ठप: कन्हैया अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रायपुर सहित प्रदेश की चरमराई हुई सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर गहरी चिंता व्यक्त की है । उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद संभवतः यह पहला मौका है जब प्रदेश के मुख्य भंडारण केंद्रों में ही राशन उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण हजारों गरीब परिवार राशन को मोहताज हो रहे हैं । कन्हैया अग्रवाल ने आरोप लगाया कि शासन और प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण आज रायपुर की राशन दुकानों से चावल, शक्कर, नमक और मिट्टी तेल गायब है । स्थिति इतनी भयावह है कि गुढ़ियारी, मंदिर हसौद और बिरगांव जैसे बड़े भंडारण केंद्रों में चावल का स्टॉक शून्य है। जिन केंद्रों में थोड़ा-बहुत राशन बचा भी है, वहां परिवहन के लिए गाड़ियां उपलब्ध नहीं हैं । महीने की 12 तारीख बीत जाने के बाद भी हितग्राहियों को उनका मासिक राशन नहीं मिल पाया है। प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कड़े शब्दों में कहा, यह सरकार की प्रशासनिक विफलता का प्रमाण है कि गरीबों की बुनियादी जरूरत की चीजों–चावल, नमक और मिट्टी तेल–की अनुपलब्धता बनी हुई है। सरकार केवल उत्सवों में व्यस्त है, जबकि जमीनी स्तर पर पीडीएस व्यवस्था पूरी तरह ठप हो चुकी है। कांग्रेस नेता ने सरकार और जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि आगामी 48 घंटों के भीतर भंडारण केंद्रों और उचित मूल्य की दुकानों में राशन की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो प्रदेश कांग्रेस कमेटी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। गरीबों के पेट पर लात मारने वाली इस अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।

भाजपा ने आरटीई में भर्ती नियम बदलकर शिक्षा का अधिकार छीना

रायपुर/नवप्रदेश। आरटीई में इस वर्ष 24 हजार से अधिक सीट कम होने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार पैसा बचाने आरटीई के तहत निजी स्कूलों में गरीब बच्चों की नर्सरी, पीपी-वन एवं पीपी-टू में भर्ती के नियम खत्म कर सीधा क्लास वन में ही भर्ती की अनिवार्यता कर गरीब बच्चों से शिक्षा का अधिकार छीन लिया है। इस नियम से आरटीई के तहत पिछले वर्ष की तुलना में 44,173 सीट पर भर्ती की जगह अब मात्र 19 हजार 466 सीटों पर ही भर्ती होगी, मतलब 24 हजार से अधिक सीट खत्म कर दी गई। इससे गरीबों को अपने बच्चों को निजी स्कूलों में नर्सरी व पीपी-वन पढ़ाने मोटी रकम खर्च करना पड़ेगा। ताकि पीपी-टू के बाद उसी स्कूल में आरटीई के तहत बच्चे का एडमिशन हो सके। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने शिक्षा का अधिकार कानून बनाये तो स्पष्ट रूप से नियम बनाया की निजी स्कूलों में भर्ती नर्सरी से क्लास वन तक होगी। भाजपा सरकार ने आरटीई में नियम बदलने अपने ही पूर्व सरकार के 2014 के लागू फैसले को बदल दिया। अब गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा कैसे मिलेगी? सरकारी स्कूलों की स्थिति इस सरकार में वैसे ही दयनीय है। कांग्रेस सरकार नेगरीब बच्चों को मुफ्त अंग्रेजी की शिक्षा देने स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम योजना शुरू किया था। प्रदेश में सैकड़ों स्कूलों को उन्नत आधुनिक बनाया था। भाजपा की सरकार ने उस योजना को ही बंद कर दिया, जो स्कूल चल रहे है वहां शिक्षकों को वेतन नहीं मिल रहा, भारी अव्यवस्था है। अब आरटीई में भी बदलाव कर गरीब बच्चों को अंग्रेजी की शिक्षा से दूर कर दिया। भाजपा आखिर बच्चों को शिक्षा से दूर क्यों करना चाहती है? प्रदेश के भविष्य को क्यों खराब कर रही है? कांग्रेस मांग करती है आरटीई में नर्सरी, पीपी-वन, पीपी-टू से एडमिशन की प्रक्रिया को पुनः बहाल करे, ताकि बच्चों को शिक्षा का अधिकार मिल सके।

बैंक सुविधाओं के साथ अब करोड़ों का बीमा कवरेज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र के बीच ट्रांसमिशन कंपनी के नियमित कर्मचारियों के लिए उन्नत सैलरी पैकेज हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। यह समझौता प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन श्री आरके शुक्ला और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के जोनल मैनेजर श्री वी. वेंकटेश की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कंपनी के नियमित कर्मचारियों को बैंकिंग की व्यापक सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से प्रबंधन द्वारा यह एमओयू किया गया। इस योजना से ट्रांसमिशन कंपनी के नियमित 1700 कर्मचारियों को अब न केवल बेहतर बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी बल्कि व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, हवाई दुर्घटना बीमा, स्थायी पूर्ण विकलांगता कवर, टर्म इंश्योरेंस, गोल्डन ऑवर कैशलेस ट्रीटमेंट, बालिका विवाह लाभ, बच्चों की उच्च शिक्षा लाभ जैसे अतिरिक्त सुविधाएं भी प्राप्त किए जा सकेंगे। नियमित कर्मचारियों को इस ''गवर्नमेंट प्राइड सेविंग्स सैलरी स्कीम''खाते से जोड़ कर उन्हें एक ही छत के नीचे उन्नत, निःशुल्क और व्यापक बैंकिंग सुविधाएं दिया जाएगा। कंपनी के कर्मचारियों को चार श्रेणियों जैसे सिल्वर(30,000-60,000), गोल्ड(60,000-1,00,000), प्लेनिटनम(1,00,000-1,50,000) एवं डायमंड(1,50,000 से उपर) वेतनभोगियों को श्रेणी अनुसार सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

एक अप्रैल से आबकारी का नया नियम बड़े रेस्टोरेंट नहीं बेच सकेंगे सस्ती शराब

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सभी स्तरीय रेस्टोरेंट में अब कम कीमत वाली सी ग्रेड की शराब नहीं बेची जा सकेगी। ये रेस्टोरेंट अब केवल हाईग्रेड की शराब ही बेच पाएंगे।

आबकारी विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो राज्य की नई बार पॉलिसी में यह एक नई शर्त शामिल की गई है। यही नहीं, किसी होटल या बैंकेट हाल में अगर कोई शराब पार्टी देना चाहता है, तो उसे अनुमति के लिए आबकारी कमिश्नर के पास आवेदन नहीं करना होगा, जिले के कलेक्टर ही यह अनुमति देने के लिए अधिकृत किए गए हैं। राज्य में 1 अप्रैल से शराब बिक्री का नया वित्तीय वर्ष शुरु होगा।

सरकार के नियम के मुताबिक, हर साल के लिए नीति निर्धारण किया जाता है और निर्देश बेची जारी होते हैं। इसी क्रम में वर्ष 2026-27 के लिए भी बार पॉलिसी जारी की गई है।

अब से पहले स्तरीय रेस्टोरेंट में किस तरह की शराब पिलाना है इसका कोई हिसाब तय नहीं था। लेकिन अब बदलाव ये हुआ कि स्तरीय रेस्टोरेंट केवल हाइग्रेड शराब ही पिलाएंगे। जानकारों का मानना है कि, इसके पीछे ये वजह हो सकती है कि स्तरीय रेस्टोरेंट में सी ग्रेड की शराब उपलब्ध ही न रहे। वहां अगर हाईग्रेड की शराब बिकेगी तो उसी अनुपात में ने सरकार को राजस्व भी मिलेगा।

शराब पार्टी की अनुमति कलेक्टर के हाथ

नई बार पॉलिसी में वर्ष 2026-27 के लिए होटल के बैंक्वेट हॉल आदि में आयोजित पार्टी या कान्फ्रेंस के लिए एफ.एल.5/एफएल 5 क लाइसेंस प्राप्त किये जाने हेतु आबकारी आयुक्त से पूर्वानुमति लिये जाने संबंधी प्रावधान को समाप्त किया गया है। ऐसी अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा की जा सकेगी। एफएला एवं एफएल 5 क लाइसेंस जिले के कलेक्टर द्वारा जारी करने के पूर्व, आवेदित स्थल का नियमानुसार निरीक्षण किया जाएगा। अनुज्ञप्ति धारक के लिए यह अनिवार्य शर्त होगी कि आयोजित होने वाली पार्टी या आयोजन या कांफ्रेंस संबंधी विवरण का अभिलेख रखेगा। आबकारी विभाग के निरीक्षणकर्ता अधिकारी को निरीक्षण के समय अभिलेख का अवलोकन भी कराया जावेगा। पीने-पिलाने की अवधि दोपहर 12 से रात 12 बजे तक होगी।

बची शराब होगी नष्ट तो मानी जाएगी अवैध

नीति में ये साफ किया गया है कि एफएल 5 और एक अनुज्ञप्ति की अवधि की समाप्ति पर अनुज्ञप्तिधारी द्वारा बचत मदिरा स्कंध का संपूर्ण विवरण सहित अभ्यर्पण हेतु प्रस्तुत किया जावेगा तथा उपभोग से शेष रही मदिरा का अभ्यर्पण नहीं किये जाने की दशा में उक्त मदिरा अवैध मानी जावेगी। उपभोग से शेष रही मदिरा का विधिवत् नियमानुसार नष्टीकरण जिला स्तर की समिति गठित कर किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार एक दिन की पार्टी के लिए अनुमति का अधिकार आबकारी कमिश्नर की जगह जिला कलेक्टर को दिए जाने के पीछे कारण ये है कि पार्टी देने वालों के आसानी से अनुमति या लाइसेंस मिल सके। इसके साथ ही यह बदलाव इसलिए भी किया गया है कि अवैध शराब पर रोक लगाई जा सके। होता ये था कि अगर कोई व्यक्ति फार्म हाउस में या किसी अन्य स्थान पर शराब की पार्टी देने के लिए कहीं से शराब लाकर परोसने का काम करता था, आबकारी नियम के मुताबिक यह करना अपराध है।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल से वनांचल ग्रामों में पहुंचेगी बिजली

■ तीन करोड़ से अधिक की राशि हुई स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। जंगलों के बीच बसे जिन टोलों ने पीढ़ियों तक अंधेरे को अपनी नियति मान लिया था, वहां अब उजाले की पहली किरण पहुंचने जा रही है।सूरजपुर जिले के ओड़गी विकासखंड के तीन सुदूर ग्रामों में आज़ादी के दशकों बाद पहली बार नियमित बिजली पहुंचाने के लिए 3 करोड़ 6 लाख 92 हजार 670 रुपये की बड़ी स्वीकृति जारी की गई है। यह महत्वपूर्ण पहल महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विशेष प्रयासों से संभव हो पाई है। सूरजपुर जिले के भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मसंकी, बांक और असुरा के कई मजरा-टोले अब तक मुख्य विद्युत लाइन से कटे हुए थे। रात ढलते ही यहां घना अंधेरा छा जाता था और ग्रामीण ढिबरी या सीमित सोलर लाइट के सहारे जीवन यापन करने को विवश थे। बच्चों की पढ़ाई, किसानों का कार्य और सामान्य जनजीवन अंधेरे की मार झेल रहा था। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ऊर्जा विभाग और राज्य स्तर पर पहल कर इन टोलों के विद्युतीकरण का प्रस्ताव आगे बढ़ाया। 'मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना' के तहत स्वीकृत इस राशि से ग्राम मसंकी के लुकभुकिया और पतेरीपारा, ग्राम बांक के खासपारा और स्कूलपारा तथा ग्राम असुरा के खासपारा, पण्डोपारा और असुरा-1 में विद्युत विस्तार कार्य किया जाएगा। करोड़ों की लागत से होने वाला यह कार्य न केवल घरों को रोशन करेगा, बल्कि शिक्षा, कृषि और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। सबसे बड़ी चुनौती वन भूमि की अनुमति थी। चूंकि संबंधित टोले घने जंगलों के बीच स्थित हैं, इसलिए विशेष स्वीकृति आवश्यक थी। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर विभागीय स्तर पर आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिया गया है और अब शीघ्र ही जमीनी स्तर पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

स्क्वैश स्पर्धा में यश और अर्चिता पहले स्थान पर

रायपुर/नवप्रदेश। पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के तत्वावधान में प्रगति महाविद्यालय द्वारा आयोजित अंर्तमहाविद्यालयीन स्क्वैश प्रतियोगिता का उद्घाटन आज प्राचार्य डॉ. सौम्या नैयर द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. सौम्या नैयर ने उद्घाटन अवसर में खेल एवं खेल का मानव जीवन में महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि स्पर्धा मानव जीवन का एक आवश्यक अंग है बिना स्पर्धा के मानव जीवन नीरस है अतः स्पर्धा का होना अति आवश्यक है, किसी भी स्पर्धा में पूरे मन व जोश से उतरना चाहिए चाहे परिणाम कुछ भी रहे। खेल में भाग लेना ज्यादा महत्वपूर्ण है, खेल में जीतने या हारने से। अंतर महाविद्यालय स्क्वैश प्रतियोगिता का आयोजन प्रगति कॉलेज के द्वारा इण्डोर स्टेडियम बुढ़ापारा स्थित स्क्वैश हॉल में किया गया।

आदिवासी जीवन पर आधारित फिल्म 'अरन्य' ओटीटी पर रिलीज

रायपुर/नवप्रदेश। हिंदी फीचर फिल्म अरन्य, जो कलिंगा विश्वविद्यालय के सहयोग से निर्मित की गई है, 10 फरवरी को N Mahi Films OTT App पर सफलतापूर्वक रिलीज हो चुकी है।

सामाजिक सरोकारों से जुड़ी यह फिल्म दर्शकों के बीच अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति और संवेदनशील विषय के कारण चर्चा में है। N Mahi Films Production एवं NIIRA Educom के बैनर तले बनी

अरन्य विकास के नाम पर जंगलों के अतिक्रमण, प्रशासनिक अनुमतियों के दुरुपयोग और आदिवासी समाज के विस्थापन जैसे गंभीर मुद्दों को यथार्थ और संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करती है। फिल्म के निर्देशक नितेश झा ने कहा– अरन्य उन जंगलों और आदिवासी समुदायों की आवाज़ है, जिनकी पीड़ा अक्सर विकास की चकाचौंध में दब जाती है। यह फिल्म दिखाती है कि प्रशासनिक शक्तियों के दुरुपयोग से किस प्रकार जल-जंगल-जमीन पर निर्भर लोगों का जीवन प्रभावित होता है।"

मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना से बच्चों को मिला स्वास्थ्य संबल

■ 80 बच्चों की स्वास्थ्य जांच, 29 कुपोषित-अति कुपोषित बच्चों को तत्काल उपचार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी पहल के अंतर्गत कुपोषण उन्मूलन की दिशा में ठोस एवं परिणाममुखी कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित वजन त्यौहार अभियान के माध्यम से बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सतत निगरानी कर

उन्हें समुचित उपचार एवं पोषण परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है।

महासमुंद जिले में नयापारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 80 बच्चों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान 29 बच्चे कुपोषित एवं अति कुपोषित श्रेणी में पाए गए, जिन्हें तत्काल आवश्यक दवाइयां, चिकित्सकीय परामर्श तथा पोषण संबंधी उपचार उपलब्ध कराया गया। गंभीर रूप से प्रभावित बच्चों को नियमित फॉलोअप एवं आवश्यकता पड़ने पर पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती की जानकारी दी गई।

महासमुंद जिले में इसी क्रम में 9 से 18 फरवरी तक आयोजित "वजन त्यौहार" के अंतर्गत शहरी परियोजना क्षेत्र के डॉ. सुशील सैमुअल वार्ड (सेक्टर-01) में विशेष शिविर आयोजित कर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का वजन एवं ऊंचाई मापी गई। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर कुपोषित एवं अत्यंत कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें विशेष पोषण आहार, चिकित्सा सुविधा एवं निरंतर निगरानी से जोड़ा गया।

छत्तीसगढ़ में ड्राई मौसम, तापमान 2-3 डिग्री बढ़ा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम पूरी तरह ड्राई बना हुआ है। ठंड का असर भी कम होता दिखाई पड़ रहा है। इस समय दिन में गर्मी और सुबह-शाम हल्की ठंड का असर बना हुआ है। हालांकि पिछले चार-पांच दिनों के भीतर राज्य के औसतन तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है। अगले सात दिन यही ट्रेंड जारी रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 32.5°C रायपुर और सबसे कम न्यूनतम तापमान 9°C अंबिकापुर में दर्ज किया गया है। राज्यभर में बारिश के आंकड़े शून्य रहे। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, अंबिकापुर और पेंड्रा में दिन का तापमान सामान्य से करीब 2-3 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है, जिससे दिन में गर्मी बढ़ गई है। फिलहाल कोई सिनॉप्टिक सिस्टम एक्टिव नहीं है।

जनगणना: सर्वे के दौरान कई दिक्कतें जनगणना सर्वे टीम के सामने आई थीं

2027 में पूरी होगी जनगणना, 2028 में जारी होंगे आंकड़े

रायपुर/नवप्रदेश। जनगणना के दौरान कई निजी जानकारी मांगी जाती है। सुरक्षा और डेटा के दुरुपयोग के डर से कई लोग जानकारी छिपा लेते हैं। अक्सर ये भी होता है कि घर पहुंचे अनजान व्यक्ति को लोग अपनी और परिवार से संबंधित निजी जानकारी देने से झिझकते हैं। पिछले सर्वे के दौरान इस तरह की कई दिक्कतें जनगणना सर्वे टीम के सामने आई थीं। इस वजह से जनगणना-2026-27 में इसकी प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाकर पारदर्शी किया जा रहा है। ताकि लोग भरोसा कर बेझिझक जानकारी उपलब्ध कराएं। इसके लिए मोबाइल एप का उपयोग किया जाएगा। एप में लोगों को खुद जानकारी भरने का विकल्प दिया जाएगा। इसके अलावा जियो-टैगिंग जैसे नए प्रयोग के माध्यम से इस प्रक्रिया को आसान बनाया जाएगा। दो चरणों में होने वाली जनगणना का पहला चरण मई-2026 से शुरू होगा। पहले चरण में मकानों की सूची तैयार की जाएगी। इसके साथ-साथ जनगणना निदेशालय हर घर के एक-एक सदस्य की जानकारी भी इकट्ठा करेगा। इस तरह अगले साल फरवरी 2027 से शुरू होने वाली दूसरे चरण की जनगणना के लिए डेटा और प्रत्येक परिवार की हिस्ट्री तैयार होगी। जनगणना में इस बार सवाल व्यक्ति आधारित नहीं बल्कि परिवार के सदस्यों पर केंद्रित होंगे।

सर्वे टीम को सिखाएंगे कैसे लें लोगों से सही जानकारी

सर्वे के दौरान ज्यादातर लोग प्रश्नों का सही सही जवाब नहीं देते। उन्हें डर होता है कि उनकी गोपनीय जानकारियां लीक हो जाएगी। इसका गलत उपयोग हो सकता है। इंकम टैक्स की रेड पड़ सकती है। इसलिए जनगणना शुरू होने से पहले तीन चरणों में ट्रेनिंग शुरू होगी। यह पूरी ट्रेनिंग इसी पर आधारित होगी कि आखिर लोगों से सही-सही जवाब कैसे हासिल किए जाए। कई बार लोग जानबूझकर गलत जवाब देते हैं। तब टीम को अपना विवेक इस्तेमाल करना होगा। जैसे किसी व्यक्ति से पूछा जाएगा कि उनका घर कच्चा है या पक्का। लोग डर की वजह से कह देते हैं कि कच्चा मकान है। यहां पर सर्वे टीम को देखना होगा कि वास्तव में घर कच्चा है या पक्का।

कोंडागांव मक्का प्लांट तनाव के लिए सरकार जिम्मेदार

रायपुर/नवप्रदेश। कोंडागांव के कोकोड़ी स्थित मक्का प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों के प्रदर्शन के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि इस सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही जनता का प्रशासन पर भरोसा खत्म हो रहा है, ग्रामीण पिछले 1 साल से सैकड़ों शिकायत कर चुके थे, दर्जनों बार प्रदर्शन हुए लेकिन सरकार सोयी रही।

दीपक बैज ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण के नियमों का पालन कहीं पर नहीं हो रहा है, सरकारी विभाग और निगरानी समितियां केवल कागजों पर है, औद्योगिक अपशिष्ट और प्रदूषण गंभीर समस्या बन चुका है।

व्यापार समझौते पर राहुल का हमला, 'ट्रेड डील ने टेक्सटाइल उद्योग को खत्म कर दिया'

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी केंद्र सरकार को अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते पर लगाया घेर रहे हैं। इसी के साथ वो लगातार टैरिफ का मुद्दा भी उठा रहे हैं। एक दिन पहले जहां राहुल गांधी ने किसान संघ के नेताओं से मुलाकात की। वहीं अब एक वीडियो साझा करते हुए आरोप लगाया कि इस व्यापार समझौते से देश का टेक्सटाइल उद्योग पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा।

अपने वीडियो में राहुल गांधी ने ट्रेड डील को लेकर पीएम मोदी और भाजपा सरकार पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। इसी के साथ दावा किया कि यह समझौता भारत के कपास किसानों और टेक्सटाइल उद्योग के लिए नुकसानदायक साबित होगा।

टैरिफपर सरकार को घेरा, बताई सच्चाई

कपास की खेती और कपड़ा क्षेत्र से संबंधित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की आलोचना करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में कपड़ा निर्यात पर शून्य फीसदी टैरिफ का फायदा दिया जा रहा है। शर्त बस इतनी है कि वो अमेरिकी कपास आयात करें। भारत के गारमेंट्स पर 18 फीसदी टैरिफ की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया - 'अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी।'

18त्र टैरिफबनाम 0त्र - आइए समझाता हूं, कैसे झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इसपर भ्रम फैला रहे हैं। और, किस तरह से वो भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स को धोखा दे रहे हैं।

सरकार पर लगाया बड़ा आरोप

ऐसे में उन्होंने सवाल उठाते हुए पूछा कि आखिर, ये बात तब तक देश से छुपाई क्यों गई? इसी के साथ राहुल गांधी ने आगे कहा कि अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं तो हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग पिछड़कर तबाह हो जाएगा। इतना ही नहीं उन्होंने दावा किया कि अब बांग्लादेश यह संकेत दे रहा है कि वह भारत से कपास आयात भी कम या बंद कर सकता है।

गिरिराज सिंह का पलटवार, भ्रम फैला रहे राहुल

कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, ''राहुल गांधी हमेशा की तरह तथ्यों को समझे बिना भ्रामक जानकारी फैला रहे हैं। वास्तविकता यह है कि भारत ने अमेरिका के साथ कई प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कहीं बेहतर और संतुलित व्यापार समझौता सुनिश्चित किया है। यह समझौता समग्र रूप से उद्योग के विकास का समर्थन करने के साथ-साथ हमारे किसानों के हितों की रक्षा के लिए बनाया गया है।

न्यूज गैलरी

ईरान में सत्ता परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी: ट्रम्प

वाशिंगटन(वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन "सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है"। जो देश के धार्मिक नेतृत्व को हटाने के समर्थन में उनके अब तक के सबसे स्पष्ट बयानों में से एक को दर्शाता है। ट्रम्प ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं और इससे पहले दिन में उन्होंने पुष्टि की थी कि वह मध्य पूर्व में दूसरा विमानवाहक पोत समूह तैनात कर रहे हैं।

आरआरबी एनटीपीसी सीबीटी-1 परीक्षा की तिथियां घोषित

नई दिल्ली। रेलवे भर्ती बोर्ड (RRB) ने नॉन-टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी (NTPC) ग्रेजुएट लेवल के लिए CBT-1 परीक्षा 2026 की तारीखें घोषित कर दी हैं। जिन्होंने इस परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है, वे अब निर्धारित तिथियों पर CBT-1 में बैठ सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 5,810 उम्मीदवारों को नियुक्त किया जाएगा, जिससे उम्मीदवार अपनी तैयारी और रणनीति को समय अनुसार व्यवस्थित कर सकते हैं। आरआरबी एनटीपीसी स्नातक स्तर सीबीटी-1 परीक्षा देशभर में 16 मार्च 2026 से शुरू होगी और यह 27 मार्च 2026 तक चलेगी। उम्मीदवार अब इस परीक्षा शेड्यूल के अनुसार अपनी तैयारी को बेहतर तरीके से व्यवस्थित कर सकते हैं। आरआरबी की आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, CBT-1 परीक्षा में शामिल होने के लिए एग्जाम सिटी स्लिप परीक्षा से लगभग 10 दिन पहले जारी की जाएगी। उम्मीदवार इसे RRB की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर अपने परीक्षा शहर की जानकारी देख सकेंगे। साथ ही, एडमिट कार्ड परीक्षा से लगभग 4 दिन पहले जारी किया जाएगा। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल्स का उपयोग करना होगा। RRB NTPC 2026 भर्ती में उम्मीदवारों का चयन कई चरणों में किया जाएगा। सभी पदों के लिए दो CBT चरण होंगे। फर्स्ट स्टेज CBT-1 और सेकेंड स्टेज CBT-2। CBT-1 में 90 मिनट का पेपर होगा, जिसमें 100 प्रश्न आएंगे: 40 जनरल अवेयरनेस, 30 गणित और 30 जनरल इंटेलिजेंस व रीजनिंग के। CBT-2 भी सभी पदों के लिए कॉमन होगा और इसमें 90 मिनट में 120 प्रश्न पूछे जाएंगे: 50 जनरल अवेयरनेस, 35 गणित और 35 जनरल इंटेलिजेंस व रीजनिंग के।

कोटक फ्लेक्सी कैप फंड ने अपनी लॉन्ग टर्म वेल्थ क्रिएशन जर्नी के पूरे किए 15 साल

मुंबई। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने कोटक फ्लेक्सी कैप फंड के 15 साल पूरे होने की घोषणा की। इस योजना ने शुरू होने से अब तक 16.59% की सालाना औसत रिटर्न दिया है और अलग-अलग मार्केट साइकिल में लंबी अवधि में मजबूत प्रदर्शन किया है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह ने कहा कि, कोटक फ्लेक्सी कैप फंड के 15 साल पूरे होना हमारे लिए और उन निवेशकों के लिए गर्व की बात है, जो लगातार इस फंड से जुड़े रहे हैं। फ्लेक्सी कैप फंड की कैटेगरी आज भी बहुत अहम है, क्योंकि यह निवेशकों को भारत की ग्रोथ की यात्रा में अलग-अलग सेगमेंट्स में निवेश का मौका देती है, जबकि मार्केट कैपिटलाइजेशन से जुड़े फैसले एक अनुभवी निवेश टीम पर छोड़ दिए जाते हैं। 31 दिसंबर 2025 तक, कोटक फ्लेक्सी कैप फंड डायरेक्ट प्लान ङ्क ग्रोथ ऑप्शन ने पिछले 10 साल में 15.70 फीसदी और पिछले 5 साल में 16.87 फीसदी की सालाना औसत रिटर्न दिया है। इस फंड का मैनेजमेंट हर्ष उपाध्याय कर रहे हैं, जो कोटक महिंद्रा एएमसी के सीआईओ हैं। उनकी निवेश को लेकर सोच सटेबल इनकम, मजबूत कॉर्पोरेट गवर्नेंस और पूंजी के सही उपयोग पर आधारित है। हर्षा उपाध्याय ने कहा कि, ÷कोटक फ्लेक्सी कैप फंड ने पिछले 15 साल में अलग-अलग मार्केट फेज को सफलतापूर्वक पार किया है, क्योंकि यह हमेशा मजबूत और लंबे समय तक कमाई करने वाली कंपनियों में निवेश पर केंद्रित रहा है, जिनमें पूंजी का सही इस्तेमाल होता है। हमारा फोकस हमेशा गहराई से की गई रिसर्च पर आधारित सही शेयर चुनने पर रहा है, न कि थोड़े समय के ट्रेंड्स के पीछे भागने पर। इसी सोच की वजह से यह फंड भारत की ग्रोथ स्टोरी में अच्छी भागीदारी कर पाया है और निवेशकों को लंबे समय में लगातार अच्छे नतीजे देने की कोशिश करता रहा है।

वैलेंटाइन-डे पर सर्राफा बाजार में दिखी तेजी, चांदी आठ हजार रुपये महंगी

नई दिल्ली। वैलेंटाइंस डे के मौके पर शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी देखने को मिली। एमसीएक्स पर चांदी की कीमत करीब 8,110 रुपये उछलकर 2,44,545 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई, जबकि सोने में 3,266 रुपये की तेजी दर्ज की गई।

राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव बढ़कर लगभग 1,57,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, वहीं मुंबई में यह करीब 1,57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले एक दिन पहले दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत करीब 2,400 रुपये गिरकर 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई थी।

वहीं चांदी की कीमत 13,500 रुपये टूटकर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम आ गई थी। जानकारों के मुताबिक, अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अपेक्षा से कम रहने से डॉलर पर दबाव बना और निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के रूप में सोना-चांदी में खरीदारी बढ़ा दी। जनवरी 2026 में अमेरिकी महंगाई दर 2.40%रही, जो बाजार के 2.50% के अनुमान से कम थी।

अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों में किसानों और मछुआरों के हित पूरी तरह सुरक्षित

राहुल गांधी की नीति झूठ बोलो, जोर से बोलो और बार-बार दोहराओ: शाह

कराईकल (ए.)। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की तरफसे हालिया भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और केंद्र की नीतियों पर दिए बयान के बाद सियासत गरमा गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मामले में राहुल गांधी को सीधे निशाने पर लिया और झूठ फैलाकर जनता को गुमराह करने का आरोप भी लगाया है। शाह ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों में किसानों और मछुआरों के हित पूरी तरह सुरक्षित किए गए हैं।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी आरोप लगाया कि वह झूठ फैला रहे हैं और लोगों को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा की एक रैली में शाह ने कहा कि राहुल गांधी रोजाना झूठ बोलने की नई परंपरा चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की नीति है झूठ बोलो, जोर से बोलो और बार-बार दोहराओ। शाह ने कहा कि लेकिन लोग अब आपकी झूठ फैक्टरी को पहचान चुके हैं। इसके साथ ही शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत अमेरिका के साथ हाल ही में हुए समझौते में किसानों और मछुआरों के हितों की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले यूपीए सरकार के दौरान किसानों के हितों की अनदेखी हुई और उनका फायदा नहीं हुआ। इसके साथ ही अमित शाह ने यह भी भरोसा जताया कि 2029 में भी पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा-नेतृत्व वाली एनडीए सरकार केंद्र में सत्ता में आएगी।

कांग्रेस सरकार पर बोला तीखा हमला

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुडुचेरी में आयोजित रैली में पुडुचेरी के तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि नारायणासामी की सरकार ने पुडुचेरी को गांधी परिवार के लिए एक एटीएम बना दिया था। उन्होंने खुलकर कहा कि पीजी और डिप्लोमा सीटों की नीलामी की गई और अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षित सीटें भी अमीरों को बेच दी गईं। उन्होंने कहा कि परिवहन माफियाओं को जनता को परेशान करने की पूरी आजादी दी गई थी।

शाह ने बताया पुडुचेरी को विकसित बनाने का लक्ष्य

उन्होंने बताया कि पिछली पांच साल में कांग्रेस ने पुडुचेरी में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का माहौल बनाया था, लेकिन मोदी सरकार ने इसे बदलकर व्यवस्था और विकास की ओर ले जाया है। अब अगले पांच साल में पुडुचेरी को विकसित बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पहले पुडुचेरी के फैसले गांधी परिवार द्वारा दिल्ली से लिए जाते थे, अब यह निर्णय पुडुचेरी में ही लिए जाते हैं।

दुनियाभर में दुश्मन हमसे डरते हैं, ट्रंप ने की जवानों की तारीफ

नॉर्थ कैरोलिना। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नॉर्थ कैरोलिना में दुनिया के सबसे बड़े सैन्य अड्डों में से एक फोर्ट ब्रैग में सैनिकों और उनके परिवारों को संबोधित किया। इस दौरान वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने वाले विशेष सैन्य अभियान में शामिल सेना के जवानों की सराहना की।

फोर्ट ब्रैग में सेना के जवानों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि आपके कमांडर इन चीफ आपको पूरी तरह से सपोर्ट करते हैं। फिर उन्होंने अपने ही कैंपेन के एक नारे का इस्तेमाल करते हुए उनसे कहा, 'जब जरूरत होगी, आप लड़ेंगे, लड़ेंगे, लड़ेंगे। आप जीतेंगे, जीतेंगे, जीतेंगे।' इसी के साथ राष्ट्रपति ट्रंप और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने सैन्य परिवारों से निजी मुलाकातें भी कीं। हालांकि यह दौरा अमेरिकी सशस्त्र बलों का अभिनंदन करने के लिए आयोजित आधिकारिक दौरे से कहीं अधिक एक राजनीतिक रैली जैसा लगा। ट्रंप ने मादुरो को सत्ता से हटाने वाले हमले की प्रशंसा तभी की जब उन्होंने माइकल व्हाटली को मंच पर बुलाया, जो रिपब्लिकन नेशनल कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हैं और उन्हें राष्ट्रपति का समर्थन हासिल है, क्योंकि वे अब उत्तरी कैरोलिना से सीनेट के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

दुनिया ने देखा अमेरिका की सैन्य शक्ति

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पिछले महीने के साहसिक कार्रवाई का मतलब है कि पूरी दुनिया ने देखा कि अमेरिका की पूरी सैन्य शक्ति क्या कर सकती है। इतना ही नहीं ट्रंप ने आगे कहा कि इस कार्रवाई में यह निश्चित किया कि दुनिया भर में संभावित दुश्मन हमसे डरते हैं।

मुंबई में हादसा: भरभराकर गिरा निर्माणाधीन मेट्रो का पिलर, एक की मौत, कई लोग घायल

मुंबई। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मेट्रो का पिलर गिरने से भयानक हादसा हो गया। घटना मुलुंड की है। जहां अचानक भरभराकर मेट्रो का पिलर गिर गया। जिसकी चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मुलुंड पश्चिम में निर्माणाधीन मेट्रो पिलर का सीमेंट का हिस्सा नीचे से गुजर रहे ऑटो रिक्शा पर गिरा, जिससे कई लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना के बारे में बीएमसी ने बताया कि आज दोपहर

12.20 बजे जॉनसन एंड जॉनसन कंपनी, LBS रोड, मुलुंड के पास मेट्रो पिलर का एक हिस्सा गिर गया। निर्माण के दौरान सीमेंट मेट्रो पिलर का एक हिस्सा टूटकर एक रिक्शा पर गिर गया। हादसे के तुरंत बाद मुंबई फायर ब्रिगेड, पुलिस, मेट्रो स्टाफ वार्ड स्टाफ और 108 एम्बुलेंस सेवा मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया। हादसे में कई लोग घायल हो गए। बाद में इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि निर्माणाधीन मेट्रो रेल मार्ग के एक खंभे का हिस्सा गिरने से तीन से चार लोगों के घायल हो गए। उन्होंन आगे कहा कि पिलर के सीमेंट का स्लैब टूटकर नीचे खड़े एक ऑटो रिक्शा पर गिर गया, जिससे ऑटो रिक्शा पूरी तरह चकनाचूर हो गया।

रोहताश मिष्ठान ग्रुप के 10 ठिकानों पर छापा करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी आई सामने

मेरठ। शहर के प्रतिष्ठित मिष्ठान व्यवसायी रोहताश ग्रुप के ठिकानों पर स्टेट जीएसटी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापा मारा है। विभाग की 10 टीमों ने एक साथ ग्रुप के अलग-अलग दस ठिकानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया। प्राथमिक जांच में करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी होने की बात सामने आई है।

इस पूरे अभियान का नेतृत्व कर रहे जीएसटी कमिश्नर ग्रेड-टू सुशील कुमार सिंह ने इसे विभाग की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करार दिया है। जीएसटी विभाग की टीमों ने आनंदपुरी, गंगानगर और साकेत स्थित प्रतिष्ठानों के साथ-साथ विभिन्न गोदामों में भी स्टॉक की गहन जांच की। आनंदपुरी स्थित ग्रुप के मुख्य प्रतिष्ठान को जांच का केंद्र बनाया गया जहां अकेले 16 अधिकारियों की टीम ने मोर्चा संभाला। इसके अलावा गंगानगर, साकेत, विश्वकर्मा रोड और देवपुरी के प्रतिष्ठानों व गोदामों में भी स्टॉक का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने आयकर विभाग की तर्ज पर ग्रुप के संपत्ति के दस्तावेज, सेल-परचेज बिल और कंप्यूटर डेटा को खंगालकर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। टीमों ने मौके पर मौजूद लोगों से दस्तावेजों की पुष्टि भी कराई है। जीएसटी विभाग के अधिकारियों के अनुसार खरीद और बिक्री के आंकड़ों में करोड़ों रुपये की भारी गड़बड़ी मिली है।

पाकिस्तान के लिए बुमराह - वरुण से ज्यादा घातक हो सकते हैं हार्दिक पंड्या

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले महामुकाबले के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ी पूरी तरह से तैयार हैं। दोनों टीमें इस मैच में जीत के लिए पूरा जो लगाएंगी और जीतने वाली टीम अंकतालिका में अपनी स्थिति और मजबूत करते हुए सुपर 8 की तरफमजबूती के साथ अपना कदम आगे बढ़ाएगी। पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय प्लेइंग इलेवन में कोलंबो की पिच को देखते हुए कुछ बदलाव किए जा सकते हैं और टीम इंडिया एक एक्स्ट्रा स्पिनर के साथ मैदान पर उतर सकती है। माना जा

रहा है कि कुलदीप यादव को अंतिम 11 का हिस्सा बनाया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो भारत, पाकिस्तान के खिलाफ बुमराह, हार्दिक, शिवम दुबे, कुलदीप, अक्षर और वरुण चक्रवर्ती जैसे गेंदबाजों का इस्तेमाल करेगा। कहा तो जा रहा है कि कोलंबो में स्पिन का जादू चलेगा और ये सच भी है, लेकिन कोलंबो में हार्दिक पंड्या पाकिस्तान के खिलाफ कहर बरपा सकते हैं इस बात की भी पूरी संभावना है। दरअसल भारत-पाकिस्तान टी20 इंटरनेशन मैच में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में दोनों टीमों की तरफसे हार्दिक पहले स्थान पर हैं जिन्होंने इस टीम के खिलाफअब तक खेले 9 मैचों में सबसे ज्यादा 15 विकेट लिए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ उनका बेस्ट प्रदर्शन 8 रन देकर 3 विकेट है।

वैलेंटाइन-डे पर मोहब्बत के लिए कुर्बान होने को तैयार वामिका गब्बी

मुंबई। वामिका गब्बी हिंदी फिल्मों के अलावा साउथ सिनेमा में भी सक्रिय हैं। वह लोकेश कनगराज के साथ एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'डीसी' कर रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। 'कैथी', 'विक्रम' और 'कुली' जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब वह अभिनय में रंग

जमाने वाले हैं। वैलेंटाइन डे पर फिल्म 'डीसी' की कुछ झलकियां, वामिका और लोकेश ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है। 'डीसी' के नए वीडियो में इश्क का जुनून और कहानी को लेकर भी झलक मिलती है। फिल्म 'डीसी' का जो नया वीडियो वामिका और लोकेश ने शेयर किया।

न्यायालय तहसीलदार, तहसील देवकर जिला-बेमेतरा(छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है, कि श्रीमती श्यामा तिवारी पति स्व. अरूण तिवारी जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम अकलवारा प.ह.नं. 03 तहसील देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है, अपने पुत्र स्व. विनोद कुमार पिता स्व. अरूण तिवारी जो कि कार्यालय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी में क्लर्क के पद पर पदस्थ थे। जिनका दिनांक 19/09/2024 को आकस्मित निधन हो जाने के कारण उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने के लिए आवेदन श्रीमान कलेक्टर जिला बेमेतरा (छ.ग.) के समक्ष प्रस्तुत किया है, जो कि जांच हेतु यहां प्राप्त हुआ है। आवेदन के द्वारा आवेदक के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न कर निवेदन किया है।

अतएव उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्थाना/ समुदाय को कोई दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 2/3/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं/अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 13/02/2026
नियत दिनांक : 02/03/2026

मोहर

तहसीलदार
बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03 सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771-2991574
eocghbzone03@gmail.com

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, सेजबहार/दतरेंगा, रायपुर में स्थित भवन क्रं. एल.आई.जी.-1240, श्री शिवानंद बर्धन पिता स्व. श्री कमल कृष्ण बर्धन, के नाम पर इस कार्यालय का नामांतरण आदेश क्रमांक 106 दिनांक 01.08.2025 द्वारा नामांतरित है। नामांतरि श्री शिवानंद बर्धन पिता स्व. श्री कमल कृष्ण बर्धन, निवासीः-ईएस-07, इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी, वंडालैण्ड पार्क के पास, फेस-1, रायपुरा, रायपुर (छ.ग.) द्वारा आममुख्त्यार श्रीमती अनुराधा मूलचंदानी पति श्री श्रीचंद मूलचंदानी, निवासीः- एलआईजी-1240, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती संतोषी साहू पति श्री लीलाराम साहू, निवासीः- ब्लॉक नं.-39, रुम नं.-25, बीएसयूपी कॉलोनी, वार्ड नं.-60 काठाडीह रोड, मठपुरैना, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतःउक्त भवन के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03 रायपुर**

कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा) राजनांदगांव (छ.ग.)

फोन नंबर 07744-220054 ई-मेल mo-rajnandgaon@gov.in
क्रमांक /216 / ख.लि./2026 राजनांदगांव, दिनांक 12/02/2026

निविदा आमंत्रण सूचना

जिला राजनांदगांव अंतर्गत ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से रेत उत्खनन पट्टा जिला-राजनांदगांव, तहसील डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम आसरा के खसरा नंबर 360 का भाग रकबा 2.61 हेक्टेयर क्षेत्र पर खनिज साधारण रेत के आबंटन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) जारी की गयी है। सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रमाणित किया जाता है कि जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम 7 अंतर्गत इलेक्ट्रानिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाना है। जिस हेतु अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदारों की निविदा आमंत्रित की जा रही है । जिसकी विस्तृत जानकारी https://chhattisgarhmines.gov.in, https://rajnandgaon.nic.in, https://mstcecommerce.com/auctionhome/mmb/sandcg/i ndex.jsp तथा जिला कार्यालय राजनांदगांव (खनिज शाखा) / ग्राम पंचायत आसरा/ जनपद पंचायत डोंगरगांव/जिला पंचायत राजनांदगांव के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। इलेक्ट्रानिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली 07 कार्यालयीन दिवस दिनांक 05.03.2026 (10:00 AM) से 11.03.2026 (5:30 PM) (07 दिवस) तक जमा की जाएगी । बोलियां केवल MSTC के ऑनलाईन पोर्टल https://mstcecommerce. com/auctionhome/mmb/sand-cg/index.jsp के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी।

**खनि अधिकारी
हेतु कलेक्टर
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

जी-252606661/2

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत-490001

भिलाई इस्पात संयंत्र एवं इसके खदानों के चिकित्सालयों में कन्सलटेन्ट्स (डॉक्टर्स इन मेडिकल डिसिप्लीन्स) की नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू

भिलाई इस्पात संयंत्र एवं इसके खदानों के चिकित्सालयों में कन्सलटेन्ट्स (डॉक्टर्स इन मेडिकल डिसिप्लीन्स) की नियुक्ति हेतु नीचे दिये गये पात्रता मानदण्डों को पूरा करने वाले चिकित्सकों हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जा रहा है :-

स. क्र.	पद का नाम	पदों की संख्या	आवश्यक योग्यता	मासिक सम्यक दर मानदेय		पोस्टिंग का स्थान
				भिलाई	माइन्स	
1.	जनरल मेडिसिन	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	राजहरा माइन्स
2.	ऑर्थोपेडिक्स	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	भिलाई
1.	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

वॉक-इन-इंटरव्यू का कार्यक्रम

दिनांक	समय	स्थान
26.02.2026	[illegible]	[illegible]

विज्ञापन, आवेदन प्रारूप आदि की पूरी जानकारी के लिये, कृपया हमारी कंपनी की वेबसाइट www.sail.co.in के "Careers" लिंक या https://sailcareers.com. पर जाएं।
विज्ञापन क्र.-बीएसपी-21(भर्ती)/25-26 / दिनांक : 14/02/2026
पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली, 110003
www.sail.co.in
हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल

बस्तर पर्यटन ने भरी नई उड़ान, वर्षों से लंबित योजनाओं को मिली गति

■ प्राकृतिक धरोहरों पर बढ़ीं सुविधाएं, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिला नया संबल

रायपुर/नवप्रदेश। प्राकृतिक सौंदर्य, झरनों की कलकल ध्वनि, घने वनों की हरियाली और समृद्ध जनजातीय संस्कृति से परिपूर्ण बस्तर अंचल अब पर्यटन विकास के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। जिन पर्यटन स्थलों के विकास को लेकर लंबे समय से अपेक्षाएँ थीं, वहाँ अब चरणबद्ध तरीके से आधारभूत एवं आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। राज्य शासन और पर्यटन विभाग के समन्वित प्रयासों से बस्तर के पर्यटन परिदृश्य में सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट दिखाई देने लगा है।

टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर और डिजिटल पहल

जगदलपुर में टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर के माध्यम से पर्यटकों को आवास, स्थानीय भ्रमण, गाइड सुविधा और अन्य आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है। ऑनलाइन बुकिंग, डिजिटल भुगतान और प्रचार-प्रसार के आधुनिक माध्यमों का उपयोग कर पर्यटन सेवाओं को अधिक सुगम बनाया गया है।

प्रमुख स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं का विस्तार

विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, दंतेवाड़ा, बारसूर, नारायणपुर और कोंडागांव सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों पर सड़क संपर्क को बेहतर किया गया है। पर्यटकों की सुविधा के लिए सुव्यवस्थित पार्किंग, पेयजल व्यवस्था, आधुनिक शौचालय, विश्राम शेड, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया गया है। साथ ही, पर्यटकों को जानकारी उपलब्ध कराने हेतु सूचना केंद्र एवं हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं।

स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर

पर्यटन विकास का सबसे सकारात्मक प्रभाव स्थानीय युवाओं के रोजगार पर पड़ा है। गाइड प्रशिक्षण, आतिथ्य सेवा, साहसिक पर्यटन गतिविधियों और होम-स्टे योजना के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं। स्थानीय हस्तशिल्प, बेलमेटल कला, टेराकोटा और जनजातीय उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिली है।

पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान

पर्यटन विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जा रही है। स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र, हरित पट्टी विकास और जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों से बस्तर की प्राकृतिक पहचान को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है।

सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा

बस्तर की पहचान केवल प्राकृतिक स्थलों से ही नहीं, बल्कि इसकी समृद्ध जनजातीय संस्कृति और परंपराओं से भी है। बस्तर दशहरा, मड़ई महोत्सव और लोकनृत्य आयोजनों के माध्यम से सांस्कृतिक पर्यटन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे देश-विदेश के पर्यटक बस्तर की अनूठी परंपराओं से परिचित हो रहे हैं।

दीर्घकालीन मास्टर प्लान पर कार्य

पर्यटन विभाग द्वारा बस्तर के समग्र विकास हेतु दीर्घकालीन मास्टर प्लान के अंतर्गत योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं। भविष्य में साहसिक पर्यटन, इको-टूरिज्म, वाइल्डलाइफटूरिज्म और धार्मिक पर्यटन को और सशक्त बनाने की दिशा में पहल जारी है। स्थानीय नागरिकों, पर्यटन व्यवसायियों और आगंतुकों ने इन विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि बस्तर आने वाले वर्षों में प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के प्रमुख पर्यटन गंतव्यों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा।

न्यूज गैलरी

तालाब में युवक की डुबोकर हत्या आरोपी को आजीवन कारावास

छुईखदान खैरागढ़/नवप्रदेश। ग्राम हिरावाही में वर्ष 2023 में हुए चर्चित हत्या प्रकरण में माननीय न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय के इस निर्णय से मृतक के परिजनों को न्याय मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना खैरागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हिरावाही में 1 मार्च 2023 की रात लगभग 11 बजे तालाब में मछली की रखवाली कर रहे अशोक बर्मन और मोहन राय झोपड़ी में भोजन कर रहे थे। इसी दौरान धनंजय बाग उर्फभाईजान उर्फसोनू (35 वर्ष), निवासी गांधी नगर पंडरी रायपुर, वहां पहुंचा और दोनों पर पैसे चोरी करने का आरोप लगाते हुए मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने अशोक बर्मन को दौड़ाकर तालाब तक ले गया और पानी में डुबो दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में अपराध क्रमांक 95/2023 के तहत धारा 323 एवं 302 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी को घटनास्थल के पास से ही हिरासत में लिया। आरोपी के भीगे कपड़े और घटना में प्रयुक्त डंडा मौके से जप्त किया गया। पुलिस द्वारा पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई उपरांत माननीय अपर सत्र न्यायाधीश खैरागढ़ कुमारी मोहनी कंवर ने 12 फरवरी 2026 को आरोपी को धारा 302 भादवि के तहत सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही आरोपी पर 500 रुपये और 2000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया।

नवागांव रोड में बाहरी लोगों का डेरा नशाखोरी से बिगड़ रहा माहौल

छुईखदान/नवप्रदेश। नगर क्षेत्र में इन दिनों सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। नवागांव रोड में पिछले लगभग 15 दिनों से बाहरी लोगों द्वारा डेरा डालकर रहने की जानकारी सामने आई है। इन लोगों की पहचान, निवास स्थान और यहां रहने की अनुमति को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है, जिससे स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन बाहरी लोगों के संबंध में अब तक पुलिस या प्रशासन द्वारा कोई सत्यापन नहीं किया गया है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते पहचान और दस्तावेजों की जांच नहीं की गई तो भविष्य में चोरी या अन्य आपराधिक घटनाओं की संभावना बढ़ सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नवागांव रोड में डेरा डालकर रह रहे लोगों का आधार कार्ड व अन्य पहचान दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि उन्हें यहां रहने की अनुमति किसके द्वारा दी गई है।

फुटहामुड़ा नहर परियोजना को मिली रफ्तार

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा विधानसभा क्षेत्र के नगरी विकासखंड में वर्षों से लंबित फुटहामुड़ा नहर निर्माण परियोजना अब रफ्तार पकड़ चुकी है। किसानों को दीर्घकालीन सिंचाई सुविधा देने वाली यह महत्वाकांक्षी योजना क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने की क्षमता रखती है। मंगलवार सुबह कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्थल पहुंचकर निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने लिया तकनीकी प्रगति का जायजा : कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने ग्राम फुटहामुड़ा में नहर निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए कार्य की गति, गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना निर्धारित समयसीमा में बेहतरीन गुणवत्ता के साथ पूरी होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्थानीय किसानों से बातचीत कर उनकी अपेक्षाएँ और सुझाव भी सुने।

किसानों के लिए मील का पत्थर बताए परियोजना: कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि फुटहामुड़ा नहर नगरी क्षेत्र के लिए विकास का महत्वपूर्ण अध्याय होगी। इससे किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे कृषि उत्पादकता बढ़ने के साथ फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर जल प्रबंध संभाग रूद्री (कोड 38) के कार्यपालन अभियंता हेमलाल कुरेसिया भी उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी स्वास्थ्य और शिक्षा का केंद्र बना

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार और कुपोषण को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 से 18 फरवरी तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शहरी परियोजना अंतर्गत डॉ. सुशील सैमुअल वार्ड (सेक्टर-01) में विशेष शिविर लगाकर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद राहुल आवड़े एवं श्रीमती सुनैना पप्पू ठाकुर उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उनका वजन एवं ऊंचाई मापी गई। इस दौरान बच्चों का वजन-ऊंचाई परीक्षण किया गया।

कोरबा में बिजली उत्पादन की रफ्तार तेज, लेकिन फ्लाई ऐश जिंदगी पर पड़ रही भारी

पॉवर प्लांट की राख से ढक रही सड़कें खेत में जमती धूल और उखड़ रही सांसें

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की ऊर्जा राजधानी कहे जाने वाले कोरबा में बिजली उत्पादन की रफ्तार तेज है, लेकिन इसके साथ निकलने वाली फ्लाई ऐश अब लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर भारी पड़ रही है। शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सड़कों पर उड़ती राख, खेतों में जमती धूल और गड्ढों में डंप हो रही ऐश एक बड़े पर्यावरणीय संकट की तस्वीर पेश कर रही है।

पॉवर प्लांट से निकलकर गांव तक: कोरबा में स्थित बड़े बिजली संयंत्रों में एनटीपीसी की इकाई और Chhattisgarh State Power Generation Company Limited के प्लांट शामिल हैं। इन संयंत्रों से रोजाना हजारों टन फ्लाई ऐश निकलती है। नियमों के मुताबिक इसका सुरक्षित परिवहन और उपयोग होना चाहिए, लेकिन जमीनी हालात कुछ और कहानी बताते हैं। सुबह से रात तक ऐश से भरे ट्रकों की कतार शहर की सड़कों पर देखी जा सकती है। तिरपाल से ढंके इन ट्रकों से रास्ते भर राख गिरती रहती है। दोपहिया वाहन चालक और पैदल चलने वाले लोग धूल के गुबार में घिर जाते हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं कि खिड़कियां बंद रखने के बावजूद घरों के भीतर महीन राख की परत जम जाती है।

खेतों तक पहुंची राख

शहर से लगे गांवों में कई जगह गड्ढों को भरने के नाम पर फ्लाई ऐश डंप की जा रही है। बारिश के बाद यही राख बहकर खेतों में फैल जाती है। कुछ किसानों का कहना है कि फसल की पैदावार प्रभावित हुई है और मिट्टी की गुणवत्ता बदल गई है। पशुओं के लिए भी यह राख खतरनाक साबित हो रही है, क्योंकि खुले में डंपिंग के कारण वे दलदल जैसी स्थिति में फंस जाते हैं।

नियम और हकीकत के बीच फर्क

फ्लाई ऐश के परिवहन के लिए केंद्रीय स्तर पर सख्त दिशा-निर्देश हैं, लेकिन राज्य स्तर पर खुले ट्रकों में तिरपाल ढंककर परिवहन की अनुमति दी गई है। पर्यावरण कार्यकर्ताओं का कहना है कि अगर केवल कैप्सूल या पूरी तरह सीलबंद ट्रकों की अनिवार्यता कर दी जाए तो सड़कों पर उड़ती राख की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है।

सेहत पर असर

डॉक्टरों का कहना है कि लगातार धूल और राख के संपर्क में रहने से सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका असर ज्यादा दिखाई देता है। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि फ्लाई ऐश में मौजूद भारी धातुएं लंबे समय में भूजल और मिट्टी को भी प्रदूषित कर सकती हैं।

कायदे को फायदे बदलकर किया जा रहा कामा: मनीष राठौर

आरटीआई एक्टिविस्ट मनीष राठौर ने फ्लाई ऐश से जुड़े नियमों की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि नोटिफिकेशन के मुताबिक बहुत सारे नियम हैं, लेकिन धरातल पर उनका पालन नहीं होता है. जैसे कि नियम के मुताबिक 100 फीसदी राखड़ का यूटिलाइजेशन किया जाना है, लेकिन ऐसा नहीं होता. कोरबा में हो ये रहा है कि राखड़ खुलेआम कहीं भी, आबादी वाले इलाकों में भी डंप किए जा रहे हैं. अकसर बिजलीघर से ही राखड़ को पानी में मिलाकर खुले इलाकों में ठिकाने लगा दिया जाता है।

एम्स में नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगे छह लाख, दुष्कर्म भी किया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक युवक ने एम्स में नौकरी लगवाने का झांसा देकर युवती से छह लाख रुपये ठग लिए। इसके साथ ही आरोपी ने दुष्कर्म कर उसका वीडियो बना लिया और ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी रितेश चंद्राकर को कवर्धा से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम पुलिस द्वारा रितेश चंद्राकर बताया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, कवर्धा जिले के पांडातराई निवासी रितेश चंद्राकर ने सोशल मीडिया के जरिए युवती से दोस्ती की। बातचीत के दौरान उसने खुद को रायपुर एम्स में कार्यरत बताया और वहां के अधिकारियों से ऊंची पहुंच होने का दावा किया। आरोपी ने पीड़िता को भरोसा दिलाया कि वह उसकी नौकरी एम्स में लगवा देगा। जिसके बाद आरोपी युवक ने अलग-अलग किस्तों में युवती से करीब छह लाख रुपये ले लिए। आरोपी ने विश्वास जमाने के लिए युवती को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दे दिया। इसके बाद आरोपी ने उसे आमानाका स्थित एक होटल में बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म कर उसका वीडियो बना लिया।

फोर्स को बड़ी सफलता, कांकेर-नारायणपुर सीमा पर हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा बरामद

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षाबलों को एक और बड़ी सफलता मिली है। कांकेर-नारायणपुर बॉर्डर से लगे घने जंगलों में नक्सलियों ने हथियार और विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा छिपाकर रखा था, जिसे सुरक्षाबलों ने बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार, कांकेर जिला और नारायणपुर जिला की सीमा पर स्थित बिनागुंडा जंगलों में नक्सलियों ने हथियार और विस्फोटक सामग्री छिपा रखी थी। गुप्त सूचना के आधार पर डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें यह बड़ी बरामदगी हुई।

बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे नक्सली: सुरक्षाबलों ने मौके से एक बीजीएल लॉन्चर, 30 नग बीजीएल, 4 आईईडी, आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाला सामान, दो बंदूकें और जिंदा राउंड बरामद किए हैं। माना जा रहा है कि, नक्सली इन हथियारों का इस्तेमाल किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। यह पूरा मामला छोटे बेठिया थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। बरामद सामग्री को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

फेयरवेल पार्टी की आड़ में हुड़दंगई, चलती कार पर लटककर शराब के साथ छात्रों की स्टंटबाजी

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में छात्रों का स्टंटबाजी करते हुए वीडियो सामने आया है। फेयरवेल पार्टी की मस्ती कब मौत के बुलावे में बदल सकती है, इसका अंदाज़ा शायद इन छात्रों को भी नहीं था। लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हुआ यह वीडियो प्रशासन और अभिभावकों, दोनों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। चलती कार में स्टंटबाज़ी करते छात्रों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफदेखा जा सकता है कि, कुछ युवक कार के दरवाज़े पर लटककर जानलेवा स्टंट कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि, स्टंट के दौरान एक युवक हाथ में शराब की बोतल लहराते हुए दिखाई दे रहा है।

फेयरवेल पार्टी के बहाने स्टंटबाजी: बताया जा रहा है कि, यह घटना स्कूल में आयोजित फेयरवेल पार्टी के बाद की है, जहां से निकलते वक्त छात्रों ने सड़क पर यह खतरनाक हरकत की। वायरल वीडियो जशपुर जिला के किनकेल गांव का बताया जा रहा है।

फेयरवेल पार्टी के नाम पर हुड़दंग: विद्यालयों में होने वाले विदाई समारोह सहित अन्य आयोजनों में अब छात्र स्टंटबाजी करते हुए रील नहीं बना सकेंगे। उन्हें अपने शिक्षकों की निगरानी में ही विदाई समारोह जैसे आयोजन करने होंगे। छत्तीसगढ़ राज्य बालक अधिकार संरक्षण आयोग ने लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ राज्य संचालनालय, समस्त जिला कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में कड़े निर्देश जारी करने खत लिखा है। यह व्यवस्था बीते दिनों छात्रों के वायरल हुए वीडियो के बाद की गई है। कवर्धा के एक विद्यालय में फेयरवेल पार्टी के दौरान छात्रों का एक वीडियो फरवरी माह में वायरल हुआ। जिसमें छात्र-छात्राएं गाड़ियों पर स्टंट करते नजर आए।

खास पल: होटलों के डिनर टेबल से लेकर मूवी टिकट तक एडवांस में हुए बुक

वैलेंटाइन-डे का बढ़ता क्रेज, रेड रोज की रही भारी डिमांड

रायपुर/नवप्रदेश। वैलेंटाइन डे का उत्सव अब युवाओं के लिए एक नया रूप ले चुका है। एक समय था, जब 14 फरवरी को गार्डन में प्रेमी जोड़ों की भीड़ देखने को मिलती थी, वहीं गार्डन के बाहर बजरंग दल के कार्यकर्ता भी नजर आते थे, लेकिन अब समय के साथ इस दिन को सेलिब्रेट करने का तरीका पूरी तरह बदल चुका है। अब वैलेंटाइन डे पर प्रेमी जोड़े अपने खास पल बिताने के लिए होटल और रेस्तरां का रुख कर रहे। यह दिन अब एक सामान्य तारीख बनकर रह गया है, जब लोग अपने प्रियजनों के साथ एक शांतिपूर्ण माहौल में भोजन करना और समय बिताना पसंद करते हैं। रेस्तरां में बढ़ती

भीड़ और डिनर के लिए बुकिंग का चलन इस बदलते ट्रेंड को और स्पष्ट करता है। युवाओं का यह नया रुझान दर्शाता है कि वैलेंटाइन डे के प्रति सोच और इसका सेलिब्रेशन करने का तरीका अब पूरी तरह से बदल चुका है। शहर के होटलों में आज वैलेंटाइन डे पर विभिन्न आयोजन हुए। दोपहर से लेकर रात तक डिनर टेबल एक दिन पहले ही बुक हो चुके थे। इसके अलावा सामाजिक संस्था द्वारा कपल्स को प्रेम का महत्व बताया गया।

वैलेंटाइन डे के मौके पर विभिन्न संस्थालों ने कपल्स के लिए खास पार्टी का आयोजन किया गया। इस पार्टी में डांस, सिंगिंग और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिससे प्रेमी-प्रेमिकाएं इस खास दिन को और भी मजेदार तरीके से मना सकें। कार्यक्रम में कपल्स को एक साथ समय बिताने का मौका मिला और वे विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर इस दिन को यादगार बनाया। डांस और सिंगिंग के साथ ही कुछ रोमांचक खेल भी रखे गए, जो उपस्थित सभी कपल्स को आकर्षित करते रहे। कपल्स अपनी भावनाओं को साझा करने के साथ-साथ मनोरंजन का भी भरपूर आनंद लेते रहे। वैलेंटाइन डे के मौके पर शहर के थियेटरों में चल रही फिल्मों के सभी शो की एडवांस बुकिंग भी रही। दोपहर, शाम और रात के समय बड़ी संख्या में दर्शक थियेटर में फिल्म देखने के लिए पहुंचते रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com